RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 341
नई दिल्ली, शनिवार, 22 अक्टूबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




टीम में जगह बनाने की जद्दोजहद में अश्विन
स्पोर्ट्स-12

# नफरती भाषणों पर स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई करें: सुप्रीम कोर्ट

- आरोपियों पर एक्शन न लिए जाने से शीर्ष अदालत सख्त दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की सरकारों को नोटिस
- चेतावनी देकर कहा- प्रशासन की ओर से कार्रवाई में किसी भी तरह की देरी अदालत की अवमानना मानी जाएगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**नफरती** भाषणों पर रोक लगा पाने में असमर्थ सरकारों को सुप्रीम कोर्ट ने फिर कड़ी फटकार लगाई है। सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान में भारत के धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र की परिकल्पना का हवाला देते हुए शुक्रवार को दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों को निर्देश दिया कि वे नफरत भरे भाषणों के दोषियों के खिलाफ शिकायत दर्ज होने का इंतजार किए बिना यानी स्वतः संज्ञान लेकर सख्त कार्रवाई करें। शीर्ष अदालत ने चेतावनी दी कि प्रशासन की ओर से किसी भी तरह की देरी अदालत की अवमानना के दायरे में आएगी।

न्यायमूर्ति केएम जोसेफ और न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय की पीठ ने पत्रकार शाहीन अब्दुल्लाह द्वारा दायर याचिका पर दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों को नोटिस जारी कर दोषियों के खिलाफ आपराधिक मामले तुरंत दर्ज करने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भारत का संविधान बंधुत्व, सम्मान के साथ भाईचारे वाले एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र की परिकल्पना करता है। राष्ट्र की एकता और अखंडता प्रस्तावना में निहित मार्गदर्शक सिद्धांतों में से एक है। जब तक सभी समुदायों के लोग आपस में मेल-जोल से नहीं रहेंगे तब तक देश में भाईचारा नहीं हो सकता है। याचिकाकर्ता ने अदालत का ध्यान इस ओर दिलाया कि विभिन्न दंडात्मक प्रावधान होने के बावजूद, नफरती भाषण देने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। देश में संवैधानिक सिद्धांतों का पालन कराए जाने की सख्त जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमें लगता है कि इस अदालत के पास मौलिक अधिकारों और संविधान की रक्षा करने का दायित्व है, ताकि कानून का शासन कायम रहे। पिछले दिनों दिल्ली और देश के अन्य हिस्सों में नफरती भाषण दिए जाने की कई घटनाओं को लेकर अब्दुल्ला ने शीर्ष अदालत का रुख किया था। उन्होंने केंद्र और राज्यों को देश भर में घृणा अपराधों और घृणास्पद भाषणों की घटनाओं की स्वतंत्र, विश्वसनीय और निष्पक्ष जांच शुरू करने का निर्देश देने की मांग की थी।

अदालत ने इस बात को महसूस किया कि संबंधित सरकारें नफरती भाषण देने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही हैं। पीठ ने कहा कि राष्ट्र के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को बनाए रखने के लिए नफरती भाषण देने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए, भले ही वे किसी भी धर्म के हों। न्यायालय ने कहा कि प्रतिवादी संख्या दो, तीन और चार (तीन राज्य) अपना जवाब दाखिल करेंगे कि उल्लेखित भाषणों के लिए दोषियों पर क्या कार्रवाई की गई है। वे यह सुनिश्चित करेंगे कि जब भी कोई नफरती भाषण या कार्य होता है और शिकायत दर्ज नहीं की जाती है, तो ऐसे मामलों में स्वतः संज्ञान लिया जाएगा और शिकायतों का इंतजार किए बिना (शेष पेज 8)

# पिछली सरकारों ने हीन भावना के चलते नहीं किया आस्था स्थलों का विकास: मोदी

- आज काशी, उज्जैन अयोध्या अपने गौरव को फिर प्राप्त कर रहे हैं: पीएम

**भाषा।** देहरादून

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि गुलामी की मानसिकता के कारण दशकों तक घोर उपेक्षा का शिकार रहे काशी, उज्जैन, अयोध्या और अन्य अनगिनत श्रद्धा के केंद्र अपने गौरव को पुन: प्राप्त कर रहे हैं। बदरीनाथ धाम से तीन किलोमीटर दूर भारतचीन सीमा पर माणा गांव में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि केदारनाथ, बदरीनाथ एवं हेमकुंड साहिब को भी सुविधाओं से जोडा जा रहा है।

उन्होंने कहा, अयोध्या में इतना भव्य राममंदिर बन रहा है और देवी विंध्याचंल के कॉरिडोर तक भारत अपने सांस्कृतिक उत्थान का आहवान कर रहा है। आस्था के इन केंद्रों तक पहुंचना अब हर श्रद्धालु के लिए आसान और सुगम हो रहा है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद भी देश को गुलामी की मानसिकता ने जकडे रखा था और पिछली सरकारों ने अपनी संस्कृति को लेकर हीन भावना होने के चलते अपने आस्था स्थलों का विकास नहीं किया। उन्होंने कहा,



## मोदी दिवाली की पूर्व संध्या पर अयोध्या में रामलला की पूजा-अर्चना करेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी दिवाली की पूर्व संध्या पर रविवार को अयोध्या में रहेंगे। वह रामलला विराजमान की पूजा-अर्चना करेंगे और रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की भी समीक्षा करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी। पीएमओ ने बताया कि प्रधानमंत्री रविवार की शाम भगवान श्री रामलला विराजमान की पूजा अर्चना करेंगे और इसके बाद तीर्थ क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों का मुआयना करेंगे। प्रधानमंत्री करीब 5.45 बजे भगवान राम का राज्याभिषेक करेंगे और इसके बाद वह सरयू नदी के किनारे बने नए घाट पर आरती भी करेंगे तथा दीपोत्सव समारोह में शिरकत करेंगे। अयोध्या में इस बार छठी बार दीपोत्सव समारोह का आयोजन किया जा रहा है। पहली बार प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इस अवसर पर अयोध्या में 15 लाख दीए जलाए जाएंगे।

गुलामी की मानसिकता ने हमारे आस्था के स्थलों को जर्जर स्थिति में ला दिया। सैकडों वर्षों से मौसम की मार सहते आ रहे पत्थर तथा वहां जाने के रास्ते तक तबाह हो गए। लेकिन उन सरकारों को अपने नागरिकों को इन स्थलों तक जाने की सुविधाएं देना तक जरूरी नहीं लगा। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने (शेष पेज 8)

# आतंकी विचारधारा के सीमापार प्रसार को सियासी समस्या नहीं माना जा सकता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** गृहमंत्री अमित शाह ने आतंकवाद को मानवाधिकार का सबसे अधिक उल्लंघन करने वाला करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि ऑनलाइन माध्यम से आतंकवादी विचारधारा के सीमापार प्रसार को राजनीतिक समस्या नहीं माना जा सकता। इंटरपोल महासभा के 90वें सत्र को समापन दिवस पर संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि सभी देशों को आतंकवाद और आतंकवादियों की समान परिभाषा तय करने के लिए एक साथ आना चाहिए।

उन्होंने कहा, हम आतंकवादियों और आतंकवाद से तब तक नहीं लड़ सकते जब तक दोनों की समान परिभाषा न हो। आतंकवाद से लड़ने की प्रतिबद्धता और अच्छे एवं बुरे आतंकवाद में भेद करना या बड़े और छोटे हमले के रूप में वर्गीकरण करना साथ-साथ नहीं चल सकता। शाह ने कहा कि ऑनलाइन माध्यम से कट्टरपंथ को बढ़ावा देकर आतंकवादी विचारधारा का सीमापार



प्रसार के बारे में आम सहमति होनी चाहिए। उन्होंने कहा, हम इसे राजनीतिक समस्या नहीं मान सकते हैं। हम सभी को आतंकवाद के खिलाफ दीर्घकालिक, विस्तृत और स्थाई लड़ाई सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध होना पड़ेगा।

शाह ने कहा कि इंटरपोल सीमा से परे सहयोग का सबसे बेहतरीन मंच है जो सीमापार आतंकवाद को हराने के लिए जरूरी है। गृहमंत्री ने कहा कि कई देशों में इंटरपोल की नोडल एजेंसी और आतंकवाद रोधी एजेंसी अलग-अलग हैं। उन्होंने कहा, इस परिस्थिति में (शेष पेज 8)

# पेट्रोल भरवाने के लिए अभी नहीं दिखाना होगा प्रदूषण प्रमाणपत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली में पेट्रोल, डीजल या सीएनजी भरवाने के लिए गाड़ी का पॉल्युशन टेस्ट सर्टिफिकेट की जरूरत फिलाहल नहीं पड़ेगी। सरकार ने इस फैसले पर रोक लगा दी है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने ईंधन खरीदने के लिए वाहन मालिकों के 25 अक्टूबर से अनिवार्य रूप से वैध प्रदूषण नियंत्रण जांच प्रमाण पत्र (पीयूसीसी) अपने साथ रखने के आदेश पर रोक लगा दी है। गोपाल राय शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा, डीजल और पेट्रोल डीलर्स एसोसिएशन ने कानून व्यवस्था को लेकर कुछ सुझाव दिए हैं। इन पर मुख्यमंत्री से चर्चा की जाएगी और उसके बाद फैसला लिया जाएगा। फिलहाल 25 अक्टूबर से इस आदेश को लागू नहीं किया जा रहा है। सरकार ने पहले वाहन मालिकों से कहा था कि वे 25 अक्टूबर से पेट्रोल पंप पर ईंधन खरीदने के लिए अनिवार्य रूप (शेष पेज 8)

# इमरान खान के पांच साल तक चुनाव लड़ने पर रोक

- निर्वाचन आयोग ने अयोग्य करार दिया

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को तोशाखाना मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को पांच साल के लिए अयोग्य करार दिया। खान पर विदेशी नेताओं से प्राप्त उपहारों की बिक्री से हुई आय को छिपाने का आरोप था। इस फैसले के बाद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख इमरान खान (70) पांच साल तक संसद के सदस्य नहीं बन सकते।

सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार के सांसदों ने अगस्त में खान के खिलाफ पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) में शिकायत दी थी। इस शिकायत में तोशाखाना (देश का भंडार गृह) से रियायती मूल्य पर खरीदे गए उपहारों की बिक्री से हुई आय का खुलासा न करने को लेकर



खान को अयोग्य ठहराने की मांग की गई थी। मामले की सुनवाई के बाद ईसीपी ने 19 सितंबर को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) सिकंदर सुल्तान राजा की अध्यक्षता वाली चार सदस्ईय पीठ ने इस्लामाबाद स्थित ईसीपी सचिवालय में खान के खिलाफ फैसला सुनाया। पीठ ने शुक्रवार को सर्वसम्मति से फैसला सुनाया कि खान भ्रष्ट आचरण में शामिल थे और उन्हें संसद के सदस्य के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया। ईसीपी ने यह भी कहा कि खान के खिलाफ भ्रष्ट आचरण कानून के तहत कार्रवाई (शेष पेज 8)

# पंजाब में बहाल होगी पुरानी पेंशन योजना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/चंडीगढ़

**पंजाब** सरकार ने अपने कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने का शुक्रवार को निर्णय किया। कर्मचारियों को पुरानी या मौजूदा पेंशन योजना अपनाने का विकल्प दिया जाएगा। राज्य के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इसे राज्य के कर्मचारियों के लिए दिवाली उपहार करार दिया। एक अन्य निर्णय में राज्य मंत्रिमंडल ने कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को इस साल एक अक्टूबर से छह प्रतिशत महंगाई भत्ता (डीए) देने का फैसला किया गया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यदि गुजरात और हिमाचल प्रदेश में सत्ता में आते हैं तो वहां भी पुरानी पेंशन योजना बहाल की जाएगी। पंजाब के मुख्यमंत्री मान ने कहा कि हमने कैबिनेट की बैठक में इस संबंध में एक सैद्धांतिक फैसला लिया है। इससे लाखों कर्मचारियों को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन योजना के लिए तौर-तरीका तय किया जाएगा। वर्ष 2004 में बंद कर दी गई पुरानी पेंशन (शेष पेज 8)

# अरुणाचल में हेलीकॉप्टर हादसा, चार सैनिकों की मौत

- एक सैन्यकर्मी की तलाश जारी

**भाषा।** ईटानगर

**अरुणाचल** प्रदेश के ऊपरी सियांग जिले में शुक्रवार को सुबह सेना का एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें चार सैनिकों की मौत हो गई, जबकि एक सैन्यकर्मी की तलाश जारी है। सेना के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा चार सैन्यकर्मियों के शव चीन से लगी सीमा से 35 किलोमीटर की दूरी पर घने जंगल से बरामद किए गए। प्रवक्ता ने कहा कि हादसे के कारण का अभी पता नहीं चल सका है।

एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) डब्ल्यूएसआई पर दो पायलट समेत पांच सैन्यकर्मी नियमित उड़ान के तहत सवार थे। अधिकारी ने बताया कि घटना जिला मुख्यालय टूटिंग से 25 किलोमीटर दूर मिगिंग के पास सिंगिंग में पूर्वाह्न करीब 10 बजकर 43 मिनट पर हुई। सेना के हेलीकॉप्टर को एचएएल रुद्र के नाम से भी जाना जाता है, जिसने निचले सियांग जिले के लिकाबाली से उड़ान भरी थी। एचएएल रुद्र भारतीय सेना के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा निर्मित एक अटैक हेलीकॉप्टर है। तेजपुर स्थित रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल एएस वालिया ने कहा, हेलीकॉप्टर में पांच सैन्यकर्मी सवार थे, जिनमें से चार के शव बरामद किए गए हैं। एक अन्य सैन्यकर्मी की तलाश जारी है। उन्होंने कहा कि घटना की जानकारी मिलते ही तुरंत तलाशी एवं बचाव अभियान शुरू किया गया था, जिसमें एमआई-17 और दो एएलएचए शामिल थे। अपर सियांग के एसपी जुम्मर बसर ने कहा कि जिला पुलिस ने खोज व बचाव अभियान के लिए अपनी टीम घटनास्थल पर भेजी। इस सीमावर्ती प्रदेश से सांसद एवं केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने घटना पर दुख व्यक्त किया। रीजीजू ने ट्वीट किया, ऊपरी सियांग जिले में भारतीय सेना के एडवासं लाइट हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने की परेशान करने वाली खबर (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| संसेक्स | 59,307 | ↑ 104 | |
| निफ्टी | 17,576 | ↑ 12 | |
| सोना | 50,139 | ↓ 372 | /10g |
| चांदी | 56,089 | ↓ 799 | /kg |

## क्विक न्यूज

### दिवाली पर टर्मिनल स्टेशनों से आखिरी मेट्रो रात 10 बजे

**नई दिल्ली।** दीपावली के दिन दिल्ली मेट्रो रेल कार्पोरेशन लिमिटेड (डीएमआरसी) के सभी गलियारों पर अंतिम मेट्रो ट्रेन सेवा टर्मिनल स्टेशनों से रात 10 बजे मिलेगी। यानी यह अंतिम ट्रेन होगी। नियमित दिनों में इसके लिए नियमित समय रात 11 बजे है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने एक बयान में कहा कि दिवाली त्योहार के कारण, 24 अक्टूबर (सोमवार) को आखिरी मेट्रो ट्रेन सेवा सभी मेट्रो लाइन के टर्मिनल स्टेशनों से 10 बजे शुरू होगी। दिवाली के दिन बाकी समय मेट्रो ट्रेन सेवाएं सामान्य दिनों की तरह सभी लाइन पर नियमित समय से चलेंगी।

# झूठा निकला सामूहिक दुष्कर्म का आरोप, महिला समेत चार पर केस

- संपत्ति हड़पने के लिए रची गई थी पूरी साजिश, तथ्यों की सत्यता के लिए महिला आयोग ने भेजी टीम

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

**दिल्ली** की महिला के साथ गाजियाबाद में सामूहिक दुष्कर्म और निर्भया जैसी दरिंदगी के आरोप पुलिस जांच में झूठ का पुलिंदा साबित हुए। पुलिस ने शुक्रवार को संबंधित महिला और षड्यंत्र में संलिप्त उसके तीन साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बीते बुधवार को एक महिला गाजियाबाद के आश्रम रोड पर बोरे में बंद मिली थी।

पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया। महिला ने अपने बयान में बताया कि उसके साथ पांच लोगों ने दो दिन तक सामूहिक दुष्कर्म किया और उसके निजी अंगों में लोहे की छड़ डाल दी। इस मामले में दिल्ली महिला आयोग ने भी उठाया था। गाजियाबाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो झूठ की परतें खुलती चली गईं। अगले ही दिन बृहस्पतिवार को पुलिस ने महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म और बर्बरता किए जाने के दावे को मनगढ़ंत करार देते हुए खारिज कर दिया था।

पुलिस ने दावा किया था कि पूरी साजिश संपत्ति हड़पने के लिए रची गई थी, जिसे लेकर महिला और आरोपियों के बीच विवाद था। अनुमंडल पदाधिकारी (शहर-2) आलोक दुबे ने शुक्रवार को बताया कि महिला और उसके सहयोगियों-आजाद, अफजल और गौरव के खिलाफ (शेष पेज 8)

# नोएडा में होगा देश का पहला डबल डेकर एक्सप्रेसवे

## पूरे नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर बनाई जाएगी आधुनिक सुविधाओं से युक्त एलिवेटेड रोड

- दिल्ली, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना सिटी समेत आसपास के कई शहरों की आवाजाही होगी बहुत सुगम

**रिंकू यादव।** नोएडा

**पूरे** नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर एलिवेटेड रोड से एक और एक्सप्रेसवे बनाया जाएगा। देश में यह अपनी तरह का पहला डबल डेकर एक्सप्रेसवे होगा। इस पर लगभग दो हजार करोड़ रुपये की लागत आएगी। नोएडा की जीवनरेखा कहे जाने वाले मौजूदा एक्सप्रेसवे पर लगातार यातायात का दबाव बढ़ रहा है। इस पर अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है।

आने वाले समय में जेवर में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बनने से इस रास्ते पर वाहनों की संख्या और बढ़ जाएगी। इससे यातायात जाम की स्थिति विकराल रूप ले सकती है। दिल्ली और नोएडा के लोगों को भविष्य में होने वाली परेशानी से बचाने के लिए प्राधिकरण ने काम शुरू कर दिया है। नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर दो हजार करोड़ रुपये की लागत से नया एलिवेटेड एक्सप्रेसवे बनाने की दिशा में काम शुरू हो गया है। यह एलिवेटेड एक्सप्रेसवे छह लेन या आठ लेन का बनाया जाए, इस पर निर्णय लिया जाना बाकी है। इस एलिवेटेड एक्सप्रेसवे को दिल्ली की तरफ से आने वाले चिल्ला रेग्यूलेटर पर प्रस्तावित चिल्ला फ्लाईओवर को महामाया के पास जोड़ा जाएगा। एलिवेटेड एक्सप्रेसवे पर डीएनडी,



चिल्ला, कालिंदी कुंज की ओर से जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, आगरा व लखनऊ की ओर से आने जाने वाले वाहनों को सीधे यमुना एक्सप्रेसवे से कनेक्टिविटी मिलेगी।

एक किलोमीटर एलिवेटेड रोड तैयार करने में करीब सौ करोड़ रुपये का खर्च आता है। इस परियोजना पर अनुमानित लागत लगभग दो हजार करोड़ रुपये आएगी। परियोजना पर अंतिम मुहर लगती है तो इसका प्रस्ताव जल्द बोर्ड बैठक में प्रस्तुत किया जाएगा। वर्क सर्किल दस वरिष्ठ प्रबंधक केबी सिंह ने बताया कि एक्सप्रेसवे पर बढ़ने वाले यातायात के दबाव को कम करने के लिए विकल्प तलाशा जा रहा है। इससे परी चौक के साथ नई इंडस्ट्रियल टाउनशिप को अतिरिक्त मार्ग मिलेगा। ग्रेटर नोएडा परी चौक की ओर आने वाले वाहनों को सेक्टर-150 स्थित नोएडा प्रवेश द्वार से 500 मीटर आगे या पीछे उतारा जाएगा, जिससे नोएडा प्राधिकरण के नए एलिवेटेड एक्सप्रेसवे का लाभ एक्सप्रेसवे के किनारे विकसित होने वाली नई इंडस्ट्रियल टाउनशिप व हाउसिंग सोसायटी को मिलेगा।

नोएडा और ग्रेटर नोएडा को आपस में जोड़ने के लिए बीस वर्ष पहले सिर्फ दादरी सूरजपुर छलेरा डीएससी रोड ही था। दोनों शहर को आपस में जोड़ने के लिए छह लेन का नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे बनाया गया था। वर्ष 2002 में शुरू हुआ यह एक्सप्रेसवे 24.53 किलोमीटर लंबा है। इसे बनाने के लिए उस समय 400 करोड़ रुपये खर्च हुए थे। नया एलिवेटेड एक्सपेसवे तैयार करने में नोएडा प्राधिकरण को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (शेष पेज 8)

# बाजारों में नो पार्किंग जोन, ई-रिक्शा, ऑटो व टेंपो प्रतिबंधित

## त्योहारों में बढ़ती भीड़ से निपटने के लिए मुख्य बाजारों के लेकर नोएडा पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

आने वाले त्योहारों के दौरान बढ़ती भीड़ के कारण नोएडा और ग्रेटर नोएडा का यातायात बुरी तरह प्रभावित हो सकता है। नोएडा टैफिक पुलिस ने इसको लेकर तैयारी शुरू कर दी है। पुलिस ने चौराहों के ट्रैफिक सिग्नल से लेकर सीसीटीवी कैमरों को भी दुरस्त कर लिया है। वहीं जिले के मुख्य बाजारों में भी भीषण जाम को देखते हुए एडवाइजरी जारी कर दी है।



फाइल फोटो

नोएडा ट्रैफिक पुलिस के अधिकारिक ट्विटर के हवाले से लोगों को बताया गया है कि धनतेरस, दीपावली और भैयादूज को लेकर शहर के बाजारों अटटा मार्किट सेक्टर 27, इंदिरा मार्किट सेक्टर 27, सेक्टर 18, जीआईपी मॉल, गार्डन गलेरिया मॉल, डीएलएफ मॉल, ब्रहमपुत्र मार्किट सेक्टर 28, लॉजिक्स मॉल सिटी सेंटर, होशियारपुर, शॉप्रिक्स मॉल, सेक्टर 37, बाटिनकल गार्डन, किसान चौक, सूरजपुर, जगफार्म, परीचौक, कस्बा कासना एवं दादरी आदि में हैवी ट्रैफि क को डायवर्ट किया जाएगा। अट्टा मार्किट, इंदिरा मार्किट, सेक्टर-18 मार्किट, डीएलएफ मॉल, सेंटर स्टेज मॉल, गुरुद्वारा, जीआईपी मॉल, गार्डन गलेरिया मॉल एवं आस-पास के सभी मार्गों को नो-पार्किंग जोन बनाया गया है। नो-पार्किंग जोन में वाहन खड़ा करने पर वाहनों को क्रेन द्वारा टो कर लिया जाएगा। यातायात संबंधी असुविधा होने पर हेल्प लाइन नंबर 9971009001 पर संपर्क कर सकते है। अट्टापीर चौक से कार मार्केट सेक्टर-28 एवं अट्टा चौक से अट्टापीर तक दोपहर दो बजे से ई रिक्शा, ऑटो, टेम्पों के आवागमन पूर्णता प्रतिबंध रहेगा।

आमजन व वाहन चालक अट्टा मार्किट, इन्दिरा मार्किट, ब्रहमपुत्र मार्किट, डीएलएफ मॉल, सेंटर स्टेज मॉल, गुरुद्वारा, जीआईपी मॉल, गार्डन गलेरिया मॉल आदि में आने वाले व्यक्ति अपने वाहनों को इनके अंदर पार्किंग व सेक्टर 18 स्थित मल्टीलेवल पार्किंग में पार्क कर शॉपिंग करे।

अट्टा मार्किट सेक्टर 27, इंदिरा मार्किट सेक्टर 27, सेक्टर 18, जीआईपी मॉल, गार्डन गलेरिया मॉल, डीएलएफ मॉल, ब्रहमपुत्र मार्किट सेक्टर 28, लॉजिक्स मॉल सिटी सेंटर, शॉपरिक्स मॉल, होशियारपुर, किसान चौक, सूरजपुर, जगत फार्म, परीचौक, कस्बा कासना एवं दादरी पर आवश्यकतानुसार यातायात का डायवर्जन किया जाएगा।

### *नोएडा बॉर्डर पर पुलिस के व्यापक इंतजाम*

*राजधानी दिल्ली से जोड़ने वाले नोएडा के बॉर्डर पर जिला पुलिस ने व्यापक इंतजाम किए है। अकसर देखा गया है कि त्योहारों पर नोएडा के लोग राजधानी और राजधानी के लोग अपनों से मिलने नोएडा आते है। बॉर्डर पर यातायात पुलिस ने अपनी कर्मी तैनात किए है ताकि लोगों को समस्या का सामना नहीं करना पड़े।*

# गाजियाबाद में पति की दरिंदगी, चाकू से काटा पत्नी का होंठ फिर आंखों के पास गड़ाए दांत

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में एक शख्स की दरिंदगी सामने आई है। शख्स की पत्नी ने आरोप लगाया है कि उसके साथ बुरी तरह से मारपीट की गई। पिटाई के क्रम में उस पर चाकुओं से हमला किया गया। इस दौरान उसके होंठ भी काटे गए। वहीं, महिला की शिकायत के बाद गाजियाबाद पुलिस ने पति उमेश पाल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

पूरा मामला खोड़ा थाना क्षेत्र के साधना एन्क्लेव का है। महिला ने पति पर जानलेवा हमला करने का भी आरोप लगाया है। पिटाई से बुरी तरह घायल महिला की शिकायत पर पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है। गाजियाबाद पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपित पति को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। खोड़ा के साधना एन्क्लेव में रहने वाली सीमा देवी ने आरोप लगाया है कि पति उमेश पाल ने चाकू से उन पर हमला किया। उनकी पिटाई की। इस दौरान चाकू के वार से उनका होंठ काट दिया। पीड़िता सीमा का कहना है कि पति उमेश के हमले में उनके सिर पर गंभीर चोटें आई हैं।

आरोप है कि पति उमेश ने दरिंदगी के क्रम में सीमों को आंख के पास दांतों से भी काटा है। उन्होंने इसकी पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। उधर, इस पूरे मामले में थाना प्रभारी निरीक्षक अल्ताफ अंसारी ने बताया कि घरेलू कलह में मारपीट हुई है। जांच की जा रही है। महिला का मेडिकल भी कराया जाएगा। कानून सम्मत कार्रवाई करते हुए जल्द ही आरोपित पति को भी गिरफ्तार किया जाएगा।




पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर शहीद साथियों की शहादत को नमन किया व श्रद्धांजलि देते पुलिस आयुक्त आलोक सिंह।

## संक्षिप्त समाचार



निठारी गांव में मुलायम सिंह को श्रद्धांजलि देते सपा कार्यकर्ता।

### मुलायम सिंह यादव को भावभीनी श्रद्धांजलि

**नोएडा।** सेक्टर 31 स्थित निठारी गांव में सपा कार्यकर्ताओं द्वारा समाजवादी पार्टी के संरक्षक एवं उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता महेश आर्य एवं सपा नोएडा ग्रामीण के महासचिव एवं प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे ने सपा नेताओं के साथ मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अश्रुपूरित भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। विनम्र श्रद्धांजलि, इस मौके पर सपा नेता अर्जुन प्रजापति, देवेंद्र अवाना, बबलू चौहान, संजय त्यागी, चौधरी जयकरण, ओमपाल राणा, अमर शर्मा, गौरव सिंघल, मनोज गोयल, सुधीर राय, सुजीत केसरी, मुन्नीलाल बघेल, गजेंद्र सिंह, धर्मवीर यादव सहित तमाम पार्टी नेता मौजूद रहे।

### कांग्रेस नेता केएन पाण्डेय बने चंबा जिले के सह प्रभारी



**गाजियाबाद।** गजियाबाद के कांग्रेस नेता केएन पाण्डेय को हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में स्थित भोरमोर विधानसभा (2) का सह प्रभारी (को-आब्जर्वर ) नियुक्त किया गया है। इस पर केएन पाण्डेय ने उनपर विश्वास जताने के लिए शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस महत्व पूर्ण जम्मिेदारी को मैं पहले की भांति पूरी निष्ठा के साथ निभाऊँगा द्य उन्होंने शीर्ष नेतृत्व के साथ हिमाचल प्रदेश प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस कमेटी के सदस्य राजीव शुक्ला जी का आभार व्यक्त करता हूँ द्य ज्ञात रहे कि वरिष्ठ कांग्रेसी नेता केएन पाण्डेय उत्तर प्रदेश चुनाव प्रचार समिति के पूर्व प्रभारी भी रह चुके हैं।

### रोडवेज बस ने खड़े कैंटर में मारी टक्कर

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दादरी में एनएच.91 पर रोडवेज बस ने खड़े कैंटर में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे रोडवेज बस क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में चालक सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। कई यात्रियों को हल्की.फुल्की चोटें आई हैं। दोनों घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुबह एनएच.91 पर यूपी रोडवेज बुद्धविहार डिपो अलीगढ़ ने खड़े आईसर कैंटर में पीछे से टक्कर मार दी। इस दौरान बस में बैठी खोड़ा कालोनी निवासी माधुरी और बस चालक उमेश गम्भीर रूप से घायल हो गए। साथ ही कई यात्रियों को हल्की फुल्की चोट आई है।

### निकाय चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करेगी भाजपा: नरेन्द्र

**गाजियाबाद।** राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने प्रेसवार्ता में जहां अपने विभाग की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला वहीं दूसरी ओर उत्तर प्रदेश में होने वाले नगर निकाय चुनाव में भाजपा की जीत का भी दम भरा। नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि इस बार उत्तर प्रदेश में होने वाले नगर निकाय चुनाव में भाजपा अभूतपूर्व प्रदर्शन करने जा रही है। नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि एमएलसी के चुनाव में भाजपा ने प्रदेश की 36 सीटों में से 33 पर कब्जा जमाया। कुछ इसी तरह के परिणाम नगर निकाय चुनाव में भी देखने को मिलेंगे।

### होटल में चोरी-छुपे बनाते थे वीडियो, चार पकड़े

**नोएडा।** नोएडा में पुलिस ने हिडन कैमरे से लव कपल के वीडियो बनाने वाले गैंग को पकड़ा है। पूछताछ में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। ये लोग ओयो के होटल में अलग-अलग हिडन कमरे लगाते थे। होटल में रुकने वाले कपल की पूरी हरकत रिकॉर्ड कर लेते थे। इसके बाद उनको ब्लैकमेल कर रुपए मांगते थे। विरोध करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी देते थे। इतना ही नहीं आरोपियों ने पास से कई अश्लील वीडियो मिले हैं। एडीसीपी साद मिया खान ने बताया कि अब्दुल वहाव को अरेस्ट किया है। इन दोनों ने हाल ही में ओयो होटल में एक कपल की अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का काम किया। जबकि इनका तीसरा साथी पंकज कुमार निवासी नोएडा को पकड़ा है।


## सांकेतिक कब्जा सूचना

**ICICI Bank** शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी। जबकि कर्जदार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का सांकेतिक कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है।

कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम/ऋण खाता संख्या | सम्पत्ति का वर्णन/सांकेतिक कब्जा की तिथि | मांग सूचना की तिथि/मांग सूचना में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मेघना कपूर/शशि जुनेजा / LBGUR00003781192 | फ्लैट नंबर 1803, 18वां तल, टावर ई-6, ईकोविलेज-1, प्लॉट-08, सेक्टर-1, ग्रेटर नोएडा, नोएडा, उत्तर प्रदेश /18-10-2022 | 23-06-2021 रू. 54,84,280/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 2. | सुबल जालान/शालिनी जालान/एक्वि प्राक्सीज प्रा. लि/जालान ट्रांसपोर्ट प्रा. लि. / LBDEL00003788759 | मार्वला फ्लैट नंबर 1202, 12वां तल, महागुन मॉडर्न, प्लॉट-जीएच-02, सेक्टर-78, नोएडा /18-10-2022 | 18-05-2022 रू. 3,51,28,067/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 3. | नागुलपल्ली रामकृष्णा/सरबजीत कौर/ LBFDB00004881739 | प्लॉट नंबर 2845, खसरा नंबर 48/21 का भाग, चतुर्थ तल, छत के अधिकार सहित, सेक्टर-ए, ग्रीनफील्ड्स, फरीदाबाद /19-10-2022 | 13-06-2022 रू. 84,68,402/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 4. | फ्रिस्को फैब डाईंग ऐंड प्रिंटिंग प्रा. लि./सुनील सिंघल/संजय अरोड़ा/सोनिया अरोड़ा/ LBFDB00005266928 | विला नंबर 89, ब्लॉक सी, लेकवुड सिटी, सूरज कुंड रोड, सेक्टर-39, फरीदाबाद-121001 /19-10-2022 | 18-06-2022 रू. 1,00,20,826/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 5. | सुनील/लेखराज/ LBDEL00004932223 | फ्लैट नंबर 1603, 16वां तल, प्लॉट नंबर एचआरए-12/ए, ओएसिस विनिशिया हाइट्स, टावर सी, ग्रुप हाउसिंग सेक्टर सूरजपुर साइट-सी (एक्सटेंशन), फेज-II, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश /18-10-2022 | 30-08-2021 रू. 23,77,971/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 6. | राकेश/हरेन्द्र कुमार/ LBGHZ00004922541 | फ्लैट नंबर ई-I/909, 9वां तल, टावर नंबर ई-1, भारत सिटी फेज-1, ग्राम निस्तौली परगना लोनी, तहसील एवं जिला गाजियाबाद /18-10-2022 | 27-05-2022 रू. 35,92,187/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 7. | गुलशन कुमार/पूनम डांग/ LBDEL00002119467 | प्लॉट नंबर 1-जे-71, न्यू टाउनशिप, एनआईआईटी ब्लॉक-आई, फरीदाबाद /18-10-2022 | 07-05-2022 रू. 25,92,637/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 8. | फिरोज आलम/कहकशां तबस्सुम/ LBGHZ00002298754 | फ्लैट नंबर 1703, 17वां तल, टावर बी, प्लॉट नंबर जीएच-06बी, एलीगैंट विले, सेक्टर टेकजोन-4, ग्रेटर नोएडा/18-10-2022 | 30-01-2020 रू. 40,95,634/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 9. | अनीता देवी/राम सकल सिंह/ LBDEL00002888026 | फ्लैट नंबर बी-1603, 16वां तल, न्यूटेक ला गैलेक्विया, एचआरए 11, 1ए, सूरजपुर साइट-सी, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश /19-10-2022 | 29-09-2018 रू. 36,36,509/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 10. | सुदर्शन सिंह/भूमिका सिंह/ LBGHZ00002440488 | फ्लैट नंबर 1704, टावर ई, 17वां तल, मैस्कोट सोहो मनोरथ, प्लॉट नंबर जीएच-04बी/1, सेक्टर 16, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश/18-10-2022 | 28-02-2019 रू. 48,85,954/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 11. | रामेश्वर प्रताप सिंह/माधुरी कुमारी/ LBNOD00002313310 | फ्लैट नंबर 1204ए, टावर ई, 12वां ए तल, मैस्कोट सोहो मनोरथ, प्लॉट नंबर जीएच-04बी/1, सेक्टर 16, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश/18-10-2022 | 29-05-2018 रू. 41,90,119/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 12. | कुणाल दीक्षित/सोनल दत्ता/ LBDEL00002116983 | फ्लैट नंबर टी-1/बी-221, 21वां तल, मोनार्क, प्लॉट नंबर जीएच-02/सी, सेक्टर-1, ग्रेटर नोएडा/18-10-2022 | 31-03-2017 रू. 38,70,293/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 13. | सुधीर सहगल/राजेश डिमरी/ LBNOD00002339090 | फ्लैट नंबर 204, टावर ई, द्वितीय तल, मैस्कोट सोहो मनोरथ, प्लॉट नंबर जीएच-04बी/1, सेक्टर 16, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश/18-10-2022 | 10-08-2018 रू. 39,44,340/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 14. | संजू कुमार केसी/कविता/ LBDEL00002485501 | फ्लैट नंबर टी-2/बी-1-316, एनसीआर मोनार्क, प्लॉट नंबर जीएच-02/सी, सेक्टर-1, ग्रेटर नोएडा/18-10-2022 | 31-08-2017 रू. 26,81,121/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 15. | अनिल कुमार/अनिल कुमार/ LBNOD00002173247 | फ्लैट नंबर ई/यूएच-704, 7वां तल, टावर ई, अर्बन होम्स, शाहपुर बम्हेटा, एनएच-24, गाजियाबाद/18-10-2022 | 30-01-2020 रू. 12,15,835/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 16. | भूपेन्दर सिंह/भूपेन्दर सिंह/ LBDEL00003424793 | फ्लैट नंबर 1502, 15वां तल, ब्लॉक-डी, जेएनसी दि पार्क, प्लॉट नंबर जीएच-01सी, सेक्टर-16सी, ग्रेटर नोएडा/18-10-2022 | 29-09-2018 रू. 23,38,145/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 17. | देवेश जलूथिया/देवेश जलूथिया / LBNOD00004766607 | फ्लैट नंबर ट-804, 8वां तल, टावर वी, ओएसिस विनिशिया हाइट्स, प्लॉट नंबर एचआरए-12/ए, यूपीएसआईडीसी, सेक्टर सूरजपुर साइट-सी (एक्सटेंशन), ग्रेटर नोएडा /18-10-2022 | 26-02-2020 रू. 22,12,959/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 18. | मिन्हाज रिजवी/मिन्हाज रिजवी/ LBDEL00002865549 | फ्लैट नंबर टी-2/ए-1-417, 17वां तल, एनसीआर मोनार्क, प्लॉट नंबर जीएच-02/सी, सेक्टर-1, ग्रेटर नोएडा/18-10-2022 | 31-08-2017 रू. 21,43,243/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 19. | प्रमोद कुमार/प्रमोद कुमार/ LBNOD00002418432 | फ्लैट नंबर 403, चतुर्थ तल, टावर एफ, गोल्फ सिटी, प्लॉट नंबर जीएच-02, सेक्टर-75, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201301/18-10-2022 | 31-07-2017 रू. 17,47,938/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 20. | धनेश्वर ठाकुर/मंजू ठाकुर/ LBDEL00005335850 / LBDEL00002429403 | फ्लैट नंबर 32, प्रथम तल (छत के अधिकार सहित) ब्लॉक एच, पाकेट-5, सेक्टर-16, रोहिणी, दिल्ली-110089/20-10-2022 | 07-05-2022 रू. 19,45,608/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 21. | अरुण कुमार/रीता कुमारी / LBDEL00002980474 | फ्लैट नंबर 1306, 13वां तल, ब्लॉक बी, ग्रीनवुड्स, स्थित प्लॉट नंबर जीएच-01, सेक्टर-3, वसुंधरा, गाजियाबाद /20-10-2022 | 25-04-2018 रू. 48,62,147/- | दिल्ली/एनसीआर |

उपरोक्त कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उपरोक्त राशि 30 दिन के भीतर चुकता कर दें, अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि व्यतीत होने पर उक्त बंधक रखी सम्पत्तियां प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।

तिथि : 21-10-2022
स्थान : दिल्ली एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


### आईटी कर्मी का हुआ अपहरण, लूटकर फेंका

**नोएडा।** थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र में मिलेनियम स्कूल के पास से अपने बेटे का इंतजार कर रहे आईटी कर्मी को बदमाशों ने दिनदहाड़े हथियारों के बल पर कार में बंधक बना लिया। बदमाश आईटी कर्मी को कई घंटे सड़कों पर घुमाते रहे। बदमाश उनसे मोबाइल व कार लूटकर उन्हें धौलाना क्षेत्र में फेंक कर फरार हो गए।

थाना प्रभारी ने बताया कि सेक्टर-137 में रहने वाले विनीत कुमार अग्रवाल एक आईटी कंपनी में कार्यरत हैं। वह स्कूल के बाहर अपनी गाड़ी में बेटे की स्कूल की छुट्टी होने का इंतजार कर रहे थे। इस दौरान तीन युवक जबरन उनके कार में बैठ गए और हथियार के बल पर उन्हें बंधक बना लिया।

# ग्रेनो के दो प्रोजेक्ट को पीएम गति शक्ति से मिलेगी रफ्तार

- 206.71 करोड़ रुपये मंजूर हुए

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

पीएम गति शक्ति के अंतर्गत ग्रेटर नोएडा की दो परियोजनाओं सेक्टर ईकोटेक 8 व 10 को विकसित करने के लिए 206.71 करोड़ रुपये मंजूर हुए हैं। इस रकम से दोनों सेक्टरों के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने में मदद मिलेगी। इन दो सेक्टरों में अब तक 100 से अधिक उद्योगों को जमीन आवंटित किए गए हैं।

इन उद्योगों से करीब 1500 करोड़ रुपये का निवेश और 7500 लोगों को रोजगार के अवसर मिलने की उम्मीद है, जबकि दोनों सेक्टरों में कुछ भूखंड अभी बचे हुए हैं। दरअसल, पीएम गति शक्ति में शामिल करने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से 13 प्रोजेक्ट भेजे गए थे।

पहले फेज में ग्रेटर नोएडा के दो प्रोजेक्टों को पीएम गति शक्ति से आर्थिक मदद स्वीकृत हो गई है। सेक्टर ईकोटेक आठ के इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने के लिए 129.90 करोड़ रुपये और ईकोटेक 10 को विकसित करने के लिए 76.81 करोड़ रुपये मंजूर हुए हैं।

# गाजियाबाद में झूठी खबर फैलाने में ट्विटर हैंडलर पर रिपोर्ट दर्ज

**पायनियर समचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में ट्विटर हैंडल पर रिपोर्ट दर्ज हुई है। आरोप है कि पुलिस ने रिजवान नामक शख्स के घर से अवैध पटाखे पकड़े थे, लेकिन इस ट्विटर हैंडल से खबर फैलाई गई कि पुलिस ने बजरंगदल सदस्य के घर से ये पटाखे पकड़े हैं।

सोशल मीडिया में इस वीडियो और ट्वीट को अब तक कई लाख लोग देख चुके हैं। यासमीन खान के अलावा तमाम वैरीफाइड अकाउंट से भी यही ट्वीट और वीडियो अपलोड किए गए थे। यासमीन खान नामक ट्विटर हैंडल से 20 अक्टूबर की सुबह 6.57 बजे एक ट्वीट किया. गाजियाबाद बजरंगदल के सदस्य के घर पुलिस की छापेमारी में भारी संख्या में देसी बम व पटाखे बरामद हुए। क्या बैन होगा बजरंगदल, इस ट्वीट के साथ एक वीडियो अपलोड की गई। वीडियो में जमीन पर कई बोरों में आतिशबाजी भरकर रखी हुई है और उसके पीछे कुछ पुलिसवाले खड़े हैं। शिकायत मिलने पर पुलिस ने जांच की और पूरा मामला झूठा निकला।


# सोसाइटी में एओए चुनाव को लेकर चले डंडे

- झगड़े में दो घायल, दो गार्ड गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सेक्टर-78 के हाइड पार्क सोसायटी में बीती रात दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने दो गार्डों को गिरफ्तार किया है।

आरोप है कि सिक्योरिटी गार्डों ने बैठक के दौरान महिलाओं पर जमकर डंडे चलाए जिसमें दो महिलाएं घायल हो गई थी। थाना प्रभारी शरदकांत ने बताया कि बीती रात्रि पुलिस को सूचना मिली कि सेक्टर-78 की हाइड पार्क सोसाइटी में दो पक्षों के बीच मारपीट हो रही है।



मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया। इस दौरान सोसाइटी निवासी नीलम ने बताया कि उनके ऊपर सोसायटी के गार्डों ने लाठी.डंडों से हमला कर उन्हें घायल कर दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में गार्ड अर्जुन व गजेंद्र को गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि एओए अध्यक्ष पद को लेकर पिछले काफी समय से दो पक्षों में विवाद चल रहा है। पूर्व में भी कई बार दोनों पक्षों के बीच तनातनी हुई है। बीती रात पुष्पेंद्र पक्ष के लोग बैठक कर रहे थे।

इस दौरान दूसरे पक्ष के दिनेश नेगी अपने साथ सिक्योरिटी गार्डों को लेकर पहुंचे और वाद विवाद हो गया। सोसाइटीवासियों का आरोप है कि दिनेश नेगी के साथ आए गार्डों ने लाठी.डंडों से लोगों के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस घटना में नीलम सहित दो महिलाएं घायल हुई हैं। पुलिस ने मौके की सीसीटीवी फुटेज भी कब्जे में ली है।

# नालों पर बनेंगे एसटीपी, शोधित पानी से होगी सिंचाई

- 2023 तक नोएडा के सभी नाले और सिचाईं विभाग के नाले में दूषित पानी नहीं के बराबर ही रहेगा: प्राधिकरण

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

यमुना को प्रदूषित होने से बचाने के लिए प्राधिकरण नई योजना पर काम कर रहा है। इसके तहत 30 छोटे नालों के अपस्ट्रीम पर एसटीपी बनाए जाएंगे। प्रत्येक नाले पर लगाए जाने वाले एसटीपी की क्षमता एक या दो एमएलडी की होगी। जो नालों में अप स्ट्रीम में आने वाले पानी शोधित करेगा।

इस पानी के लिए एक स्टोरेज भी वहीं बनाया जाएगा। स्टोरेज पानी का प्रयोग आसपास की ग्रीन बेल्ट और पार्कों में सिचाई के लिए किया जाएगा। प्राधिकरण का दावा है कि 2023 तक नोएडा के सभी नाले और सिचाईं विभाग के नाले में दूषित पानी नहीं के बराबर ही रहेगा। यमुना में गिरने वाला पानी भी साफ होगा। जिससे प्रदूषण का स्तर कम होगा।



स्टोरेज प्लांट से पाइप के जरिए पार्कों और ग्रीन बेल्ट तक पानी को पहुंचाया जाएगा। इस पानी का प्रयोग सिचाईं के लिए किया जाएगा। शेष पानी को नाले में आगे के छोड़ दिया जाएगा। बड़ी गंदगी को रोकने के लिए नालों पर बंबू का प्रयोग किया गया है। कोंडली नाले को साफ करने के लिए सेक्टर-50 में वेटलैंड बनाया जा रहा है। इस पर करीब 7 करोड़ रुपए का खर्च किए गए है। पैसा नोएडा प्राधिकरण देगा जबकि निर्माण यूपी सिचाईं विभाग करवा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि आने वाले समय में सेक्टर.11, 137 सहित अन्य जगह वेटलैंड बनने प्रस्तावित हैं।

कुल पांच कृतिम वेटलैंड तैयार किए जाएंगे। नोएडा में चार एसटीपी प्लांट है। जो पहले से ही 190 एमएलडी सिवरेज पानी को शोधित कर रहे है। इसमें 135 एमएलडी पानी का प्रयोग हो रहा है।

नालों के ऊपर एसटीपी बन जाने से शोधन की क्षमता बढ़ेगी। इसके अलावा एसबीआर तकनीक पर 143.58 करोड़ रुपए की लागत से सेक्टर.168 में एसटीपी प्लांट तैयार है। इसकी क्षमता 100 एमएलडी है। इसके शुरू होने से सीवेज डिस्ट्रिक्ट-डी के कुल 91 सेक्टरों की आबादी को लाभ मिलेगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# यमुना घाटों पर पहले की तरह मनेगी छठ पूजा

## नदी को प्रदूषित होने से बचाने के सभी उपाय करें अधिकारी : मुख्यमंत्री केजरीवाल

**● इस बार 1100 घाटों पर भव्य आयोजन सुनिश्चित करेंगे : गहलोत**



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कोविड-19 महामारी के बाद इस साल छठ पूजा धूमधाम व भव्य तरीके से मनाई जाएगी। दिल्ली सरकार इस बार 11 सौ घाटों पर इसका आयोजन करेगी।

राजधानी दिल्ली में रहने वाले बिहार और उत्तर प्रदेश के लाखों लोगों की धार्मिक मान्यताओं और भावनाओं को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने यमुना नदी के किनारे छठ पूजा के आयोजन की अनुमति दे दी है।

साथ ही अधिकारियों को आदेश दिये गये हैं कि यमुना नदी प्रदूषित नहीं हो। इसके लिए सभी जरूरी उपाए किए जाएं। राजस्व मंत्री कैलाश गहलोत ने बताया कि छठी मईया के आशीर्वाद से इस बार सभी घाटों पर छठ पूजा का भव्य आयोजन सुनिश्चित करेंगे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को इस संबंध में ट्वीट कर का कि यमुना के घाटों पर पहले की तरह छठ पूजा मनायी जायेगी। सभी अधिकारियों को आदेश दिये गये हैं कि यमुना प्रदूषित ना हो, ये सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रबंध किए जाएँगे।

इस बीच कैलाश गहलोत ने बताया कि मुख्यमंत्री की स्वीकृति के मद्देनजर सभी जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किये गये हैं कि यमुना नदी में कोई भी प्रदूषणकारी सामग्री विसर्जित न हो, इसके लिए अतिरिक्त उपाय किये जायें।

एनजीटी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों को सुनिश्चित करने के लिए साइट पर बैनर, पोस्टर, ऑडियो संदेश, सीडीवी की तैनाती सहित सभी उपाय करने के भी निर्देश दिए गए हैं। प्रदूषण की सम्भावना को देखते हुए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा इससे पहले, यमुना नदी के पास पूजा घाटों के निर्माण और ऐसे घाटों पर भक्तों द्वारा चढ़ाए जाने वाले सामग्री के बारे में चिंता व्यक्त की थी। दिल्ली सरकार ने जिला प्रशासन को यह सुनिश्चित करने के आदेश दिए हैं कि यमुना नदी के सभी छठ घाटों पर अन्य सामान्य संदेशों के अलावा यमुना नदी की सफाई के लिए दिशानिर्देशों का पालन करने के संदेश भी एलईडी सिस्टम पर प्रदर्शित किए जाएं। श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए सभी घाटों पर सिविल डिफेन्स वालंटियर्स की तैनाती भी की जाएगी।

### 30 और 31 को मनाया जाएगा छठ पर्व

छठ पर्व 30 और 31 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इस पर्व में उगते और डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। यह पर्व दिल्ली में रह रहे पूरबिया के लोगों में काफी लोकप्रिय है।

### हर वार्ड में दो घाटों पर प्रकाश की व्यवस्था करेगा नगर निगम

नई दिल्ली। एमसीडी छठ घाटों पर रोशनी की व्यवस्था करने के लिए प्रति वार्ड 40,000 रुपए की राशि जारी की है। यह राशि हर वार्ड 2 छठ घाटों पर खर्च की जाएगी। इस राशि का इस्तेमाल छठ घाटों के अंदर एवं आस पास रोशनी की व्यवस्था करने के लिए खर्च किया जाएगा। निगम का इलेक्ट्रिकल विभाग के कर्मचारी इस कार्य को करेंगे ताकि घाटों पर प्रकाश की व्यवस्था समय से पूरा हो सके। एमसीडी घाटों पर साफ सफाई एवं स्वच्छता भी सुनिश्चित करेगा ताकि श्रद्धालु साफ सुथरे घाटों पर पूजा कर सकें। इसके साथ ही वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था भी करेगा जिससे कि घाटों पर आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा हो सके।

### सीएम ने यमुना को झागों से भर दिया : भाजपा

**नई दिल्ली।** यमुना नदी में प्रदूषण को लेकर भाजपा ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि एक बार फिर से छठ पूजा और चुनाव आते ही केजरीवाल अपना पुराना राग अलापना शुरु कर दिए है।

उन्हें फिर से यमुना की सफाई की याद आने लगी है। केजरीवाल साल 2014 से लेकर अब तक कई बार नदी की साफ-सफाई को लेकर घोषणाएं कर चुके हैं, लेकिन स्थिति पहले से भी ज्यादा खराब होती जा रही है और सीएम हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। आदेश गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल ने हमेशा ही दिल्ली वालों को गुमराह करने का काम किया है। यमुना को थेम्स नदी बनाना, उसमें लोगों को डुबकी लगवाने जैसे और ना जाने कितने वादे कर चुके केजरीवाल आज तक यमुना सफाई को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठा पाए हैं। केंद्र सरकार ने वर्ष 2020 तक दिल्ली सरकार को यमुना की सफाई के लिए 673 करोड़ रुपये दिए, लेकिन केजरीवाल ने यमुना को टेम्स की जगह गंदा नाला बनाकर छोड़ दिया है। 26 सीवेज ट्रिटमेंट प्लांट में से 16 एसटीपी प्लांट पूरी तरह से फेल हैं।

# रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ अभियान 28 से

**प्रदूषण के खिलाफ युद्ध**

**● भीड़भाड़ वाले 100 चौराहों पर तैनात होंगे 2500 वालंटियर्स**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए दिल्ली सरकार 28 अक्टूबर से रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ अभियान चलाएगी। इसके तहत वाहन चालकों को ट्रैफिक लाइट पर इंतजार करने के दौरान वाहन को बंद करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

इस अभियान को सबसे पहले 16 अक्टूबर 2020 को वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए शुरू किया गया था। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने संवाददाता सम्मेलन में अभियान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि विशेषज्ञों का मानना है कि अगर हवा की दिशा में बदलाव होता है तो दिवाली के बाद दिल्ली में प्रदूषण का स्तर बढ़ सकता है। इससे निपटने के लिए दिल्ली सरकार सतर्क है। वह वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के सभी निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने सर्दियों में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए 15 सूत्रीय कार्ययोजना की शुक्रवार को समीक्षा की। धूल और कचरा जलने के साथ-साथ वाहनों से होने वाले उत्सर्जन की हिस्सेदारी सबसे अधिक है। इसलिए दिल्ली सरकार ने 28 अक्टूबर से एक महीने के लिए रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ अभियान शुरू करने का फैसला किया है।

# तीन साल की देरी से मिली लोकायुक्त की रिपोर्ट : एलजी

**● उपराज्यपाल ने केजरीवाल को लिखा पत्र**



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने कहा है कि उन्हें दिल्ली सरकार की ओर से लोकायुक्त की रिपोर्ट तीन साल की अत्यधिक देरी से मिली है।

उन्होंने कहा कि जन विश्वास का सरंक्षक होने के नाते उसे उचित सतर्कता दिखानी चाहिए। एलजी ने इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखा है। उप राज्यपाल ने पत्र में लिखा है, वह सलाह देना चाहूंगें कि संबंधित मंत्री का जनहित के ऐसे महत्वपूर्ण मामलों का तर्कसंगत समय में उचित तरीके से निस्तारण करने के लिए मार्गदर्शन किया जाए ताकि विधानसभा के सामने इसे रखने का कानूनी उद्देश्य बेमानी नहीं हो। एलजी कार्यालय के सूत्र ने बताया कि सक्सेना को दिल्ली लोकायुक्त की वर्ष 2017-18 और 2018-19 के लिए वार्षिक रिपोर्ट केजरीवाल से तीन साल की देरी से मिली और इसे दिल्ली विधानसभा के समक्ष रखने के लिए मंजूरी दे दी है।

सूत्र ने बताया कि रिपोर्ट को मंजूरी देते वक्त उप राज्यपाल ने तीन साल की अत्यधिक देरी और विधानसभा के पटल पर रिपोर्ट नहीं रखे जाने के मुद्दे को उठाया।

# आदेश वापस, एम्स में सांसदों को नहीं मिलेगा वीआईपी इलाज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने सांसदों के लिए उपचार सुविधाओं को सुव्यवस्थित करने के लिए जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) चिकित्सकों के एक वर्ग की ओर से आलोचना किए जाने के एक दिन बाद वापस ले लिया।

एम्स के निदेशक एम. श्रीनिवास ने लोकसभा सचिवालय के संयुक्त सचिव वाई. एम. कांडपाल को हाल ही में लिखे एक पत्र में ओपीडी, आपातकालीन परामर्श और लोकसभा व राज्यसभा दोनों के मौजूदा सांसदों को अस्पताल में भर्ती कराने के लिए जारी एसओपी की जानकारी दी थी। श्रीनिवास ने पत्र में कहा था कि प्रशासन विभाग के ड्यूटी अधिकारी एम्स के नियंत्रण कक्ष में चौबीस घंटे उपलब्ध रहेंगे।

इस कदम की कई चिकित्सक संघों ने तीखी आलोचना की थी। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी देवनाथ साह द्वारा हस्ताक्षरित नवीनतम पत्र में लिखा गया है, एम्स में सांसदों के लिए चिकित्सा व्यवस्था पर 17 अक्टूबर के पत्र को तत्काल प्रभाव से वापस लिया माना जा सकता है।

# प्रधानमंत्री मोदी से मिले स्वामी चिदानन्द

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/ऋषिकेश



केदारनाथ और बद्रीनाथ यात्रा के दौरान परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंट की और परमार्थ निकेतन गंगा आरती एवं अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव में भाग लेने के लिए आमत्रित किया। स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि हिमालय की सुरम्य वादियों में बसे धाम केदारनाथ और बद्रीनाथ के दर्शन कर दिव्य परियोजनाओं का शिलान्यास आस्था और व्यवस्था का अद्भुत संगम है। उनके द्वारा आज किया गया शिलान्यास केवल परियोजनाओं का शिलान्यास नहीं है बल्कि परम्पराओं का भी शिलान्यास है इससे परम्परायें बचेगी, पर्यावरण, संस्कृति और आने वाली सम्पत्ति व संतति भी बचेगी। स्वामी ने कहा कि आध्यात्मिक पर्यटन विकसित होने से देश में केवल रोजगार ही नहीं बढ़ेगा बल्कि संस्कारों में भी वृद्धि होगी। इससे देश की संपत्ति बढ़ेगी और हमारी संतति भी संस्कृति और संस्कारों को समर्पित होगी। स्वामी ने कहा कि काशी में कॉरीडोर खुलने के बाद वहां के पर्यटन में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हुयी है। आंकड़ों के अनुसार 2021 में गोवा में 3 करोड़ पर्यटक गए और काशी में 10 करोड़ पर्यटक आये। मुझे तो लगता है ऐसा ही उत्तराखंड में भी होने वाला है।

### डीयू में सीट स्वीकृति की अंतिम तारीख आज तक

**नई दिल्ली।** डीयू ने शुक्रवार को पहली सूची में स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए आवंटित सीट की स्वीकृति की अंतिम तारीख शनिवार दोपहर 12 बजे तक बढ़ा दी। पूर्व में सीट स्वीकार करने की आखिरी तारीख शुक्रवार शाम पांच बजे थी।

डीयू के रजिस्ट्रार विकास गुप्ता ने कहा कि 70,000 से अधिक छात्रों ने पहले ही शाम 6.15 बजे तक अपने आवंटित कॉलेज और पाठ्यक्रम को स्वीकार कर लिया है। पहले दौर की तारीख और समय शनिवार दोपहर बजे तक बढ़ा दिया गया है। शुक्रवार शाम सवा छह बजे तक, 70,000 से अधिक उम्मीदवारों ने उन्हें आवंटित सीट को स्वीकार कर लिया।

# आईआईटी को रिसर्च के लिए जल्द मिलेगा नया भवन



**● परियोजना के लिए 157 पेड़ हटाए जाएंगे, 1570 पेड़ लगाए जाएंगे**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली में लैब और रिसर्च के लिए बनने वाले नए भवन के लिए 157 पेड़ों को हटाने की एवज में 10 गुना यानी 1570 पौधे लगाने के साथ ही 53 फीसद (82) पेड़ों को प्रत्यारोपित करना होगा। परिसर में बनाए जा रहे इंजीनियरिंग ब्लॉक और मिनी एकेडमिक कॉम्प्लेक्स का इस्तेमाल प्रयोग और शोध के लिए किया जाएगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा उन्होंने एक बड़े फैसले में आईआईटी में नए मिनी एकेडमिक ब्लॉक और इंजीनियर ब्लॉक के निर्माण के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। अनुमति मिलने के बाद अब निर्माण काम में तेजी आएगी।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में इंजीनियरिंग ब्लॉक और मिनी एकेडमिक कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जाना है। इसके निर्माण में 157 पेड़ आड़े आ रहे हैं, जबकि तीन पेड़ों की शाखाएं भी परियोजना में आ रही हैं। इनको हटाने को लेकर आईआईटी ने दिल्ली सरकार से अनुमति देने को लेकर एक प्रस्ताव बनाकर भेजा था। अभी आईआईटी को शैक्षणिक कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने में पर्याप्त बिल्डिंग की कमी की वजह से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नई बिल्डिंग का उपयोग लैब और अनुसंधान कार्य के लिए किया जाएगा। इस समस्या का स्थाई हल निकालने के लिए संस्थान द्वारा इंजीनियरिंग ब्लॉक और मिनी एकेडमिक कॉम्प्लेक्स बनाया जा रहा है। परियोजना में बाधक बन रहे 82 पेड़ों को प्रत्यारोपित करने और 75 पेड़ों को काटने की अनुमति देने की मांग की थी। मुख्यमंत्री ने छात्रों के हितों को ध्यान में रखते इंजीनियरिंग ब्लॉक और मिनी एकेडमिक कॉम्प्लेक्स के निर्माण में आड़े आ आ रहे पेड़ों को काटने और प्रत्यारोपण की अनुमति दे दी है। इसकी अनुमति मिलने के बाद हजारों छात्रों और संकायों सदस्य लाभांवित होंगे।

### ट्री पॉलिसी की शर्तों का करना होगा पालन

आईआईटी दिल्ली को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि अनुमति मिलने के बाद तय मानदंडों के अनुसार 10 गुना वृक्षारोपण शुरू कर दिया जाए और छह महीने के अंदर इसको पूरा किया जाए। इसके बाद संबंधित वृक्ष अधिकारी को इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। ट्री ट्रांसप्लांटेशन पॉलिसी 2020 की सभी शर्तों का पालन करना होगा और सभी पेड़ों की देखरेख की जिम्मेदारी भी लेनी होगी। संस्थान को यह भी सुनिश्चित करना है कि परियोजना में आ रहे 157 पेड़ों के अलावा अन्य पेड़ों को कोई नुकसान नहीं पहुंचे। अगर कोई पेड़ क्षतिग्रस्त होता है, तो यह दिल्ली वृक्ष संरक्षण अधिनियम 1994 के तहत अपराध माना जाएगा।

### इन जगहों पर लगेंगे पेड़

न्यू गर्ल्स हॉस्टल, न्यू ब्वॉयज हॉस्टल, सतपुरा हॉस्टल के पीछे, कैलाश होटल, मुख्य गेस्ट हाउस, स्वीमिंग पूल के पास समेत करीब 20 चिंहित स्थानों पर प्रत्यारोपित किए जाएंगे।

वहीं, हटाए जा रहे पेड़ों की एवज में नीम, अमलतास, पीपल, पिलखान, गूलर, बरगद, आम और शीशम प्रजातियों के पौधे लगाने होंगे। अगर किसी पेड़ पर पक्षियों का घोसला है और वो रह रहे हैं, तो उनके जाने तक उस पेड़ को नहीं काटा जाएगा। जिन जगहों पर पेड़ों का प्रत्यारोपण किया गया है, उस जमीन का किसी दूसरे प्रयोग में इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा।

# काले जादू करने के शक में पड़ोसी पर गोली चलाने का आरोपी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

रनहोला इलाके में पड़ोसी द्वारा काला जादू किए जाने के संदेह में एक व्यक्ति पर गोली चलाने के आरोप में युवक को गिरफ्तार किया है।

आरोपी आशीष विकास नगर का रहने वाला है। घटना में घायल शेर सिंह (42) को विकास नगर के ही आशीर्वाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि आशीष को शक था कि सिंह ने काला जादू किया था, जिसके कारण उसकी बहन ने आत्महत्या कर ली और उसकी मां बीमार हैं। पुलिस को अस्पताल पहुंचने पर उन्हें पता चला कि सिंह के सिर में गोली लगने का जख्म है। पुलिस उपायुक्त समीर शर्मा ने बताया कि आरोपी को पकड़ा गया। आशीष ने पूछताछ में कहा कि पार्किंग को लेकर सिंह के साथ उसका कुछ विवाद था।अपनी बहन की आत्महत्या के बाद आशीष को पता चला कि सिंह ने उसके घर पर कथित रूप से काला जादू किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस-वे पर लगा भीषण जाम




**नई दिल्ली, गुरुग्राम।** दिवाली और धनतेरस के लिए खरीदारी करने के लिए निकली भारी भीड़ के चलते शुक्रवार शाम को दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस-वे समेत राजधानी के कई मार्गों पर लंबा जाम देखने को मिला। नोएडा बॉर्डर पर यातायात के हालात खराब रहे। सुबह और शाम को ऑफिस जाने व आने वालों को काफी मशक्कत का समाना करना पड़ा। सदर बाजार, कमला मार्केट, कनॉट प्लेस और सरोजनी नगर मार्केट के आसपास वाहनों की लंबी कतारें देखने को मिली।

### ज्ञान से ही विकसित देशों में अव्वल होगा भारत : खान



नई दिल्ली। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने शुक्रवार को कहा कि भारत अपनी समृद्ध ज्ञान परंपरा के बल पर ही विकसित देशों की श्रेणी में न केवल खड़ा होगा बल्कि सर्वोच्च स्थान हासिल करेगा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) के तत्वावधान में आयोजित 'दीपोत्सव' पंच प्रण' व्याख्यान माला में 'विकसित भारत' विषय पर अपने विचार प्रकट करते हुए खान ने कहा कि अनेक सभ्यताएं इस बात का दम्भ भरती हैं कि उन्होंने भारत पर आक्रमण कर और यहां राज कर हमें सभ्य बनाया। सच्चाई यह है कि वे सभ्यताएं जिस समय बर्बर थीं, जीने का रास्ता तलाश रही थीं उस समय भारत भूमि अपनी ज्ञान सम्पदा के दम पर 'सोने की चिड़िया' थी। उन्होंने कहा कि अतीत में भारत 'सोने की चिड़िया' इसलिए नहीं था कि अकूत धन संपदा हमारे पास थी, बल्कि हम ज्ञान का केंद्र थे।

### जक्षय शाह बने भारतीय क्यूसीआई के नए अध्यक्ष



**नई दिल्ली।** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) के नए अध्यक्ष के रूप में सेवी समूह के संस्थापक अध्यक्ष और क्रेडाई पूर्व अध्यक्ष जक्षय शाह को नियुक्त किया है। क्यूसीआई के अध्यक्ष के रूप में शाह का कार्यकाल 21 अक्टूबर 2022 से अगले तीन वर्ष की अवधि के लिए होगा। जक्षय शाह, क्यूसीआई अध्यक्ष पद पर मैकिन्से इंडिया पूर्व प्रमुख आदिल जैनुल भाई का स्थान लेंगे। जिन्होंने अपने तीन कार्यकाल के दौरान वर्ष 2014 से 2022 तक आठ वर्षों की अवधि के लिए क्यूसीआई के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। क्यूसीआई की स्थापना वर्ष 1997 में उद्योग विभाग (अब डीपीआईआईटी) वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय और सीआईआई, फिक्की एवं एसोचैम जैसे प्रमुख उद्योग संघों द्वारा संयुक्त रूप से एक कैबिनेट नोट के द्वारा की गई थी।

### आशुतोष ने जड़ा शतक, जेमिनी की जीत



**नई दिल्ली।** आशुतोष अग्रवाल के नाबाद शतक (128), लक्ष्य टंडन 56 और अपूर्व जैन 4/49 की मदद से जेमिनी क्लब ने लाल बहादुर शास्त्री स्पोर्ट्स कोचिंग सेंटर को 8 विकेट से हरा दिया। डीडीए लीग मैच उद्घाटन मैच रोशनारा क्लब में हुआ। लाल बहादुर शास्त्री स्पोर्ट्स कोचिंग सेंटर ने 40 ओवर में 209/6 बनाए। मोहित सैनी 84 रूपेश, 35, अपूर्व जैन 4/49 का योगदान रहा। जेमिनी क्लब ने यह लक्ष्य दो विकेट पर हासिल कर लिया। आशुतोष अग्रवाल 128 रन बनाये। मुख्य अतिथि रोहन जेटली (डीडीसीए अध्यक्ष), (मदन लाल पूर्व भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी), राजन मनचंदा (संयुक्त सचिव) सिद्धार्थ वर्मा (सचिव डीडीसीए) और शीर्ष परिषद के सदस्य उद्घाटन समारोह में भाग लिया।


**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मेसर्स राजश्री ट्रेडिंग कंपनी/ राज कमल शर्मा/ खाता नं. 739005000009/ 739055000002 | एम.सी. नंबर 437, गली मंदिर वाली, नया बंस खारी बावली सेंट्रल, दिल्ली सेंट्रल, दिल्ली- 110006/ अक्टूबर 19, 2022 | जुलाई 20, 2022 रु. 1,38,20,589.69/- | दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : अक्टूबर 21, 2022**
**स्थान : दिल्ली**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**



**जैश इंडस्ट्रीज लिमिटेड**

पंजी कार्यालयः 502, एनडीएम-II, एनएसपी, पीतमपुरा, दिल्ली-110034 सीआईएनः एल24302डीएल1985पीएलसी383771
वेबसाइटः www.jaschindustries.com ई-मेलः accounts@jasch.biz

**30 सितम्बर, 2022 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध वर्ष समाप्त के लिए समीक्षित इंड-एएस वित्तीय परिणामों का उद्धरण।**
**(सूचीकरण विनियमों के विनियम 47(1)(बी) के तहत पृथक्कृत और समेकित वित्तीय परिणाम)** [रु. लाख में]

| क्र. स. | विवरण | पृथक्कृत | | | | | | समेकित | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तिमाही समाप्त | | | नौ महीने समाप्त | | वर्ष समाप्त | अर्द्धवर्ष समाप्त | वर्ष समाप्त |
| | | 30.09.22 | 30.06.22 | 30.09.21 | 30.09.22 | 30.09.21 | 31.03.22 | 30.09.22 | 31.03.22 |
| | | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित | अलेखापरीक्षित | लेखापरीक्षित |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 6102.40 | 6199.01 | 5285.33 | 12301.41 | 8989.53 | 21607.46 | 12301.41 | 21607.46 |
| 2 | ब्याज, मूल्यहास एवं करों से पूर्व लाभ (ईबीआईटीडीए) | 639.97 | 812.58 | 621.48 | 1452.54 | 1134.18 | 3073.63 | 1452.54 | 3073.63 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ (कर तथा अपवाद मदों से पहले) | 545.37 | 720.85 | 535.88 | 1266.22 | 966.25 | 2728.18 | 1266.22 | 2728.18 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ कर से पहले (अपवाद मदों से बाद) | 540.21 | 720.85 | 535.88 | 1261.06 | 966.25 | 2728.18 | 1261.06 | 2728.18 |
| 5 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ कर पश्चात (अपवाद मदों से बाद) | 409.11 | 533.24 | 407.36 | 942.35 | 717.73 | 2024.41 | 942.35 | 2024.41 |
| 6 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय जिसमें अवधि हेतु लाभ (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित है | 409.11 | 533.24 | 407.36 | 942.35 | 717.73 | 2024.41 | 942.35 | 2024.41 |
| 7 | इक्विटी शेयर पूंजी | 1133.00 | 1133.00 | 1133.00 | 1133.00 | 1133.00 | 1133.00 | 1133.00 | 1133.00 |
| 8 | संचेय | 8785.60 | 8376.49 | 6536.57 | 8785.60 | 6536.57 | 7843.25 | 8785.60 | 7843.25 |
| 9 | प्रति शेयर अर्जन (रु.10/- प्रत्येक का) मूल एवं तनुकृत | 3.61 | 4.71 | 3.60 | 8.32 | 6.33 | 17.87 | 8.32 | 17.87 |

नोटः
1. उपरोक्त सेबी (सूचीबद्ध दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के साथ दायर तिमाही और अर्द्ध वर्ष समाप्त वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक उद्धरण है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज के वेबसाइट www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.jaschindustries.com पर उपलब्ध है।
2. कंपनी के वित्तीय परिणाम भारतीय लेखामानकों (इंडएएस) के अनुसार तैयार किए गए हैं।
3. पिछली अवधि के आंकड़ों को वर्तमान अवधि के वर्गीकरण के अनुरूप बनाने के लिए, जहां आवश्यक हो, पुनः समूहित किया गया है।

सोनीपत, 20 अक्टूबर, 2022 हस्ता/- (जे.के. गर्ग) चेयरमैन व प्रबंध निदेशक

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 22 अक्टूबर, 2022



# प्रदूषण ना फैलाकर सुरक्षित दीवाली बनाएं लोग : विधायक सिंगला

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ की ओर से दीवाली मिलन समारोह में विधायक सुधीर सिंगला को स्मृति चिन्ह देते आयोजक।

**भारतीय** जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ की ओर से शुक्रवार को दीवाली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने गुरुग्रामवासियों को दीवाली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सभी को सुरक्षित दीवाली मनाने की बात कही।

अपने संबोधन में विधायक सुधीर सिंगला ने चिकित्सकों के साथ गुरुग्रामवासियों से अपील की कि हमें त्योहार एकता और भाईचारे की भावना के साथ मनाना है। दीवाली के आसपास प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ जाता है। यह कहीं ना कहीं हम सबकी भागीदारी से ही होता है। इसलिए हमें प्रदूषण का स्तर कम करने के लिए प्रयास करने चाहिए। प्रयासों में यही होना चाहिए कि हम पटाखे ना चलाकर प्रदूषण को कम कर सकते हैं।

हरियाणा सरकार की ओर से सिर्फ ग्रीन पटाखों के चलाने की अनुमति दी गई है। बाकी सभी तरह के पटाखों पर बैन है। इसलिए हमें नियमों को मानते हुए ही त्योहार मनाना है। यह हम सबकी सेहत के लिए भी सही रहेगा। विधायक ने कहा कि प्रदूषण फैलाने वाले पटाखों से अपने बच्चों को भी दूर रखें। प्रदूषण के कारण बीमार लोगों का जीवन खतरे में पड़ जाता है। खासकर सांस के रोगियों के लिए तो यह बहुत ही घातक सिद्ध होता है। हम सबके घरों में बड़े-बुजुर्ग हैं, उनकी सेहत का ख्याल रखते हुए हमें प्रदूषण फैलाने से परहेज करना होगा।

### भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ की ओर से दीवाली मिलन समारोह

कार्यक्रम में सीएम विंडो के सदस्य अमित गोयल, डॉ. एनपीएस वर्मा, चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. हनीश बजाज, डॉ. विजय कपूर, डॉ. योगेश, डॉ. गर्ग, डॉ. रूबी, डॉ. अमन, डॉ. ज्योति यादव, डॉ. मयंक पुष्कर, डॉ. नेहा वार्ष्णेय, डॉ. सुशील यादव, डॉ. अमिताभ यादव, डा. रामबीर गोस्वामी, डा. योगेश, डा. रूबी, डा. ज्योति, अमन, डा. निशी व अन्य कई चिकित्सक मौजूद रहे।

# गुरुग्राम यूनिवर्सिटी में धूमधाम से मनाया प्रकाश पर्व दीपावली



गुरुग्राम विवि में आयोजित कार्यक्रम में अवलोकन करते कुलपति।

**गुरुग्राम।** शुक्रवार को गुरुग्राम यूनिवर्सिटी में प्रकाश का पर्व दीपावली धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विवि में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके तहत विद्यार्थियों द्वारा नृत्य, गीत, रंगोली, पोस्टर मेकिंग आदि कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

इस मौके पर गुरुग्राम यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग करते हुए अपने अंदर छिपी प्रतिभा दिखायी। विद्यार्थियों ने शानदार प्रस्तुतियां देकर सभी को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर उपस्थित विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार एवं समस्त शिक्षकों ने विद्यार्थियों का हौंसला बढ़ाया।

## संक्षिप्त समाचार

### छह वर्ष से फरार अपहरणकर्ता किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी बल्लभगढ़ कुशल सिंह के द्वारा आपराधिक मामलों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के लिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए थाना सदर बल्लभगढ़ प्रबंधक की टीम ने शादी की नीयत से नाबालिग लड़की का अपहरण करने के मामले में छह वर्ष से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी बाल किशन और कर्ण उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के नगला केशाई का रहने वाला है। आरोपी वर्तमान में बल्लभगढ़ के गांव सीकरी में रहता है। आरोपी ने वर्ष 2016 में एक नाबालिग लड़की को शादी की नीयत से भगाने की वारदात को अंजाम दिया था। वारदात के समय आरोपी की उम्र 21 वर्ष थी और लड़की की उम्र 16 वर्ष थी। आरोपी के खिलाफ वर्ष 2016 में अपहरण की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस टीम आरोपी की लगातार तलाश कर रही थी। पुलिस टीम के द्वारा आरोपी को उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश के अलीगढ़, आगरा, मथुरा व फरीदाबाद के कई स्थानों पर रेडकर तलाश किया गया था। पुलिस टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना पर बल्लभगढ़ के मलेरना रोड बाईपास से थाना सदर बल्लभगढ़ की मामले में गिरफ्तार किया गया है। लड़की को बल्लभगढ़ से बरामद कर महिला थाना बल्लभगढ़ की टीम के द्वारा बयान कराए गए हैं जिसमें पोक्सो एक्ट इजाद की गई है। लड़की को लीगल एड के बयान कराने के बाद परिजनों के हवाले किया गया। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

### देवीलाल खेल स्टेडियम में कवि सम्मेलन होगा 29 को



सोहना में होने वाला कवि सम्मेलन की तैयारियों को लेकर सोहना सांस्कृतिक मंच के कार्यकर्ता और पदाधिकारी।

**सोहना।** शहर के देवीलाल खेल स्टेडियम में सोहना सांस्कृतिक मंच 29 अक्टूबर को कवि सम्मेलन कराएगा। इस कवि सम्मेलन में कुमार विश्वास सहित अन्य राष्ट्रीय स्तर के कवि अपनी कविताएं सुनाने आ रहे हैं। सामाजिक संगठन सोहना सांस्कृतिक मंच पहली बार कवि सम्मेलन कराएगा। यह कवि सम्मेलन शहर के देवीलाल खेल स्टेडियम में होगा। जिसमें 15 से 20 हजार लोग राष्ट्रीय स्तर के कवियों द्वारा रचित कविताएं सुनने के लिए आएंगे। सोहना सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष रोहताश जैन ने बताया कि इस कवि सम्मेलन में राष्ट्रीय कवि कुमार विश्वास समेत उनके ही स्तर के अन्य कवि आ रहे हैं। जो अपनी देश भक्ति, वीर रस, हास्य, मनोरंजन से कृत कविताएं सुनाएंगे। मंच के संयोजक एवं करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजपाल अम्मू ने बताया कि इस अवसर पर होने वाले सम्मान समारोह में क्षेत्र के उन युवाओं को सम्मानित किया जाएगा। जिन्होंने आईएएस, आईपीएस और जज की परीक्षाएं पास करते हुए पद ग्रहण किया है। इसके अलावा देश की सेना में अच्छा पद प्राप्त करने वाले युवा शामिल है। उन्होने बताया कि सोहना ब्लॉक में ऐसे युवाओं को तलाशा जा रहा है। जिन्होंने अपनी योग्यता पर क्षेत्र, गांव, शहर और जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर किया है।

### रोटरी की फरीदाबाद को टीबी मुक्त बनाने की कवायद



**फरीदाबाद।** रोटरी डिस्ट्रिक 3011 ने पीएम नरेंद्र मोदी के आह्वान 2025 तक टीबी मुक्त देश के तहत दिल्ली, गुरुग्राम व फरीदाबाद को टीबी मुक्त करने का बीड़ा उठाया है। रोटरी डिस्टिक 3011 की टीम में डीजी अशोक कंटूर, पीडीज आशीष घोष, डा. कुसुम चौपड़ा, आशा, व को चेयरमैन वीरेंद्र मेहता शामिल हैं जिनके मार्गदर्शन में यह अभियान चलाया जा रहा है। इस प्रोजैक्ट के को-चेयरमैन रोटेरियन वीरेंद्र मेहता ने बताया कि इस अभियान को चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है जिसमें पहले मरीज का पता लगाने के लिए निशुल्क जांच की जा रही है तथा इसके बाद टीबी ग्रसित मरीज को दवाईयां व डाइट निशुल्क दी जाएगी। इसके लिए जगह-जगह सरकारी स्कूलों व स्लम क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर जागरुकता शिविर लगाए जा रहे हैं और आज इसी कड़ी में ऑटो पिन औद्योगिक एरिया में टीबी जागरुकता कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में स्लम क्षेत्र की महिलाओं ने हिस्सा लिया। इस मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में बीके अस्पताल के डा. जगदीश पाराशर, डा. अनीता टंडन, अर्बन हेल्थ सेंटर, मुजेसर,आकाश त्यागी व रोटेरियन अमित आर्य उपस्थित रहे। कैंप का संयोजन प्रोजैक्ट चेयरमैन वीरेंद्र मेहता ने किया तथा उनके साथ रोटेरियन कुलदीप साहनी, रोटरी एनआईटी के प्रधान सुनील खंडूजा, राजन गेरा, रोटरी एनआईटी नेक्सट के प्रधान अमित आर्य की भी प्रमुख भूमिका रही। इस मौके पर रोटेरियन वीरेंद्र मेहता ने बताया कि डीजी अशोक कंटूर के मार्गदर्शन में यह अभियान चलाया जा रहा है तथा लोगों को जागरुक करने के साथ-साथ उन्हें रोग से मुक्ति दिलाने के लिए पल्स पोलियो अभियान की तर्ज पर व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने इसके लिए लोगों से सहयोग की भी अपील की। उन्होंने कहा कि रोटरी टीबी के मरीजों को गोद लेगा तथा स्क्रीनिंग से लेकर डाइट व दवाईयां सभी निशुल्क दिए जाएंगे इसलिए लोग आगे आकर जांच करवाएं। उन्होंने कहा कि कई लोग पूरी डाइट न मिलने के कारण दवाईयां बीच में छोड़ देते हैं इसलिए रोटरी डिस्ट्रिक 3011 ने सभी मरीजों को नि:शुल्क डाइट देने का भी निर्णय लिया। उन्होंने इस अभियान में सहयोग कर रहे सभी रोटेरियन्स, सरकारी व गैर सरकारी लोगों का भी आभार व्यक्त किया।

# भाजपा अध्यक्ष नड्डा युवाओं को जॉब पत्र वितरण में वर्चुअली होंगे शामिल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



जेपी नड्डा।

**भारतीय** जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा शनिवार को गुरुग्राम में होंगे। नड्डा सुबह 10 बजे अपेरल हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऑन लाइन जॉब लेटर्स वितरण कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल होंगे।

इस मौके पर उनके साथ हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़, केंद्रीय संसदीय बोर्ड सदस्या एवं पूर्व सांसद डा. सुधा यादव, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह सहित अनेक बड़े नेता भी उपस्थित रहेंगे। पीएम मोदी के कार्यक्रम के बाद जेपी नड्डा उपस्थित कार्यकर्ताओं और आम जनता को संबोधित भी करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने संबंधित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर पार्टी पदाधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए हैं। भाजपा हरियाणा के मीडिया सह प्रमुख अरविंद सैनी ने बताया कि कार्यक्रम की पूरी तैयारी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दीपावली से पहले देश के युवाओं को जॉब गिफ्ट देने जा रहे हैं। इसकी शुरुआत धनतेरस के दिन यानि की 22 अक्टूबर शनिवार से हो रही है। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी शनिवार को ऑन लाइन 75 हजार

### पीएम मोदी के 7500 युवाओं को जॉब पत्र वितरण कार्यक्रम

### नड्डा ऑनलाइन जॉब लेटर्स वितरण में वर्चुअली होंगे शामिल

युवाओं को नियुक्ति पत्र देंगे और वीडियो कांफ्रेंस के जरिए विशेष भर्ती अभियान की भी शुरूआत करेंगे। अगले एक साल में विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों में 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरियां देने का लक्ष्य प्रधानमंत्री ने रखा है। अरविंद सैनी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में खाली पड़े सरकारी पदों को भरने के लिए निर्देश दे दिए हैं। ग्रुप ए, ग्रुप बी और ग्रुप सी में ये भर्तियां की जानी है।

# सफाई कर्मियों की हड़ताल तीन दिन और बढ़ी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



सोहना में शुक्रवार को सफाई कर्मियों की हड़ताल के चलते बाजार में लगे कूड़े के ढेर।

**नगर** परिषद के सफाई कर्मियों ने अपनी मांगें पूरी न होने पर हड़ताल को तीन और बढ़ा दिया है। शहर में सफाई न होने से गंदगी के ढेर लगे हुए है। जिससे बाजारों से लेकर वार्ड के आम रास्ते, गली व चौक-चौराहों पर कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। राष्ट्रीय पर्व दीपावली को लेकर जहां शहर के बाजारों में ग्राहकों की भीड़ उमड़ने लगी है। वहीं नगर परिषद के सफाई कर्मियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर दो दिन से की जा रही हड़ताल को तीन दिन और बढ़ा दिया है। सफाई कर्मी अपनी मांग को लेकर परिषद कार्यालय के समक्ष धरना देकर बैठ गए हैं। तीसरे दिन भी सफाई कर्मियों ने झाडू को अपने हाथ में नहीं लिया है। बाजारों में गंदगी व कूड़े के लगे ढेरों से कचरा वाहनों के आवागमन से फैल रहा है। दुकानदारों ने अपनी-अपनी दुकान के सामने पड़ा कूड़े को बीच रास्ते में करने से पैदल चलने वाले आम नागरिकों को परेशानी हो रही है।

**मांगें पूरी होने पर ही हड़ताल होगी समाप्त** : नगर परिषद सफाई यूनियन के यूनिट प्रधान विक्रम सिंह ने बताया कि यूनियन के पदाधिकारी स्वयं चण्डीगढ़ में मांगों को लेकर धरना पर बैठे हैं। प्रदेश सरकार कर्मचारियों से मांगों को पूरा नहीं कर रही है। यूनिट प्रधान ने कहा कि यूनियन के पदधिकारी जैसे-जैसा आदेश जारी करेंगे। उसकी पालना की जाएगी।

### एजेंसी वाहन ने डोर टू डोर उठाया कूड़ा

**शहर** के वार्डों में डोर टू डोर वाहन भेजकर कूड़ा उठवाया गया। सभी वार्डों में पूजा कंश्यूलेशन एजेंसी के वाहन शुक्रवार को भी कूड़ा उठाते रहे। इसके अलावा दो दिन से मुख्य कूड़ा घरों पर डाले गए कूड़े को भी उठाया।

# गुरुग्राम में 5 और 6 नवंबर को 83 केंद्रों पर होगी सीईटी परीक्षा



**गुरुग्राम।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की ओर से प्रदेश के विभागों, बोर्डों, निगमों और विश्वविद्यालयों में ग्रुप सी व डी के पदों को भरा जाएगा। इसके लिए नवंबर माह की 5 व 6 तारीख को प्रदेश के 17 जिलों में कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) आयोजित की जाएगी। इसको नकल रहित, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के साथ साथ प्रदेश के अन्य जिलों से गुरुग्राम में आने वाले परीक्षार्थियों को किसी भी स्तर पर कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए।

इसे लेकर गुरुग्राम के उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने जिला में सीईटी की तैयारियों के मद्देनजर अधिकारियों की बैठक भी ली। उन्होंने कहा कि इस परीक्षा के लिए 83 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें प्रत्येक दिन दो शिफ्टों में परीक्षा आयोजित की जाएगी व प्रत्येक शिफ्ट में करीब 23 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि आयोग व नेशनल टेस्ट एजेंसी(एनटीए) द्वारा सुबह की परीक्षा के लिए सुबह 10 बजे से 11.45 बजे का समय निर्धारित किया गया है। जिसमें परीक्षार्थी का रिपोर्टिंग टाइम प्रात: 8.30 बजे रहेगा। वहीं दूसरी शिफ्ट का समय दोपहर 3 बजे से शाम 4.45 बजे निर्धारित है। जिसमें परीक्षार्थी का रिपोर्टिंग टाइम दोपहर 1.30 बजे रखा गया है।

**83 केंद्रों पर लगाए जाएंगे 10 एचसीएस अधिकारी** : डीसी श्रीयादव ने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सुविधाएं व इंतजाम सुनिश्चित करने के लिए 10 एचसीएस अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी जो निरंतर परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करेंगे। जिला में हो रही इस परीक्षा के लिए एडीसी विश्राम कुमार मीणा नोडल अधिकारी होंगे। परीक्षा केंद्रों तक परीक्षार्थियों की सुगम आवाजाही के लिए हरियाणा रोडवेज व जीएमसीबीएल की बसों की सेवाएं ली जाएंगी।

# सांसद महेश शर्मा ने किया मनजीत सिंह के कार्यालय का उद्घाटन

### जेवर खुर्जा पूर्व विधायक स्व. ठाकुर छत्तरपाल सिंह को सांसद ने दी श्रद्धांजलि

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



दयानतपुर में भाजपा युवा नेता मनजीत सिंह के कार्यालय का उद्घाटन करते सांसद डा. महेश शर्मा।

**सांसद डा.** महेश शर्मा ने दयानतपुर में भाजपा युवा नेता मनजीत सिंह ठाकुर के कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने जेवर खुर्जा के प्रथम विधायक स्व. ठाकुर छत्तरपाल सिंह को पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं त्रिपुरा प्रदेश के प्रभारी सांसद डॉ. महेश शर्मा ने उनके आवास दयानतपुर पर पहुंच श्रद्धांजलि दी।

18 अक्टूबर स्वर्गीय ठाकुर छत्तरपाल सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर सांसद डॉ. महेश शर्मा का त्रिपुरा प्रदेश में दौरा होने के कारण वह दयानतपुर नहीं पहुंच पाए थे। अब दयानतपुर पहुंचकर उन्होंने पूर्व विधायक को श्रद्धांजलि दी। पूर्व विधायक स्वर्गीय ठाकुर छत्तरपाल सिंह जी के पुत्र कर्णेश सिंह से मिलकर विधायक की यादों को ताजा किया। उन्हें एक ईमानदार और सच्चा जनप्रतिनिधि बताया और कहा कि ऐसे लोग सदी में एक बार ही पैदा होते हैं। उससे पहले वह क्षेत्र के किसानों से रूबरू हुए जिनकी जमीन जेवर एयरपोर्ट के लिए अधिग्रहण होने हैं। उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया कि वह हर समय किसान व मजदूरों के साथ खड़े हैं और उनकी समस्याओं को जल्द से जल्द वह पूरा कराने कि वह हर संभव कोशिश करेंगे। किसानों ने किसानों ने सांसद की सराहना की और कहा कि ऐसा जनप्रतिनिधि होना क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। सांसद डॉ. महेश शर्मा के साथ क्षेत्र के सभी वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। उनमें सांसद प्रतिनिधि सतपाल तालान, भारतीय जनता पार्टी के जिला संयोजक आईटी चंद्रमणि भारद्वाज, महेश प्रधान संजीव शर्मा, रविंद्र शर्मा उर्फ बॉबी, ठाकुर धर्मेंद्र भाटी, संजय रावत, मनोज जैन, मंडल अध्यक्ष उदयवीर चौधरी, ठाकुर शेर सिंह, किशोर सिंह, गौरव ठाकुर, भारतीय किसान यूनियन कृषक शक्ति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हरीश ठाकुर, प्रमोद ठाकुर, पुष्पेंद्र सिंह, सुशील मास्टर, ऋषि सिंह, पंडित सुरेश चंद शर्मा, इरशाद खान, आशू मोहम्मद समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

# सरस आजीविका मेले में उत्तराखंड के पहाड़ी मसालों, जैविक उत्पादों के लोग हुए कद्रदान

### कश्मीर सहित लद्दाख के ड्राई फ्रूट्स में विशेष रुचि दिखा रहे पर्यटक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में सरस आजीविका स मेले में अपनी स्टॉल पर महिला।

**गुरुग्राम** के सेक्टर-29 स्थित लेजर वैली ग्राउंड में आयोजित सरस आजीविका मेले में आने वाले पर्यटक देश के 27 राज्यों से आई स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निमिज्त विभिन्न उत्पादों की जमकर खरीदारी कर रहे हैं। धीरे धीरे समापन की ओर बढ़ रहे सरस मेले में लद्दाख, कश्मीर और उत्तराखंड के पहाड़ी उत्पादों सहित वहां के जैविक खाद्य सामग्रियों को भी लोगों द्वारा खासा पसंद किया जा रहा है।

ग्रामीण विकास मंत्रालय के माकेर्ज़टिंग हेड चिरंजीलाल कटारिया के मुताबिक समय के साथ हो रहे बदलावों में लोग अपनी सेहत को लेकर भी फिक्रमंद है। पिछले कुछ समय से लोग जैविक खाद्य पदार्थों का खरीदने में भी विशेष रुचि ले रहे हैं। स्टाल नंबर 138 पर उत्तराखंड के नैनीताल से आई पूजा ने बताया कि पहाड़ों पर आजीविका चलाने के लिए खेती के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है। ऐसे में उन्होंने ऑर्गेनिक खेती का चुनाव किया। उन्होंने बताया कि आज उनके ग्रुप में करीब 6 महिलाएं हैं, जो ग्रामीण विकास मंत्रालय के माध्यम से सरस मेले में शुद्ध व ऑर्गेनिक खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवा रही हैं। उनकी स्टाल पर आ रहे पर्यटक हाथ से कुटा हुआ धनिया, साबुत व सिलबट्टे पर पिसी मिर्ची, साबुत व पिसी हुई हल्दी सहित मैथी, चने की दाल, मूंग व मसूर की दाल, चावल, पहाड़ी अदरक को खासा पसंद कर रहे हैं। इसके साथ ही पहाड़ी राई, अजवाइन व अन्य उत्पादों की जमकर खरीदारी कर रहे हैं। इसके साथ ही लगे स्टाल संख्या 139 पर उत्तराखंड के रुद्र प्रयाग से आई श्री बद्री केदार स्वयं सहायता समूह की प्रमुख मीना देवी के स्टाल पर रागी का आटा, ऑर्गेनिक हल्दी, पहाड़ी दाल, रायांश दाल, पहाड़ी गहत जिसे कुल्थी भी कहते हैं, सहित बद्री गाय का घी भी लोग बेहद पसंद कर रहे हैं।

# इन त्योहारों पर भारतीय एमेजॉन पर शॉपिंग कर रहे हैं, सैकड़ों छोटे और स्थानीय सैलर लखपति बने

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### एमेजॉन इंडिया के कंट्री मैनेजर ने कहा, "त्योहारों पर सैलर्स को सशक्त बनाने पर बहुत खुशकिस्मत मान रहे

**आज** एमेजॉन ने घोषणा की कि इसका एक माह लंबा ग्रेट इंडियन फेस्टिवल (गिफ) 2022 एमेजॉन.इन पर सैलर्स और ब्रांड पार्टनर्स के लिए शॉपिंग का सबसे बड़ा समारोह रहा, जिसने देश में लाखों ग्राहकों को आनंदित कर दिया। गिफ-2022 की शुरुआत 22 सितंबर की अर्द्धरात्रि को प्राईम अरली एक्सेस के साथ हुई। यह 23 सितंबर को सभी ग्राहकों के लिए लाइव हो गया। ग्राहकों को एमेजॉन.इन पर सैलर्स के करोड़ों उत्पाद संग्रह बहुत पसंद आए। जिनमें लाखों स्मॉल एवं मीडियम बिजनेसेज (एसएमबी) के अद्वितीय उत्पाद शामिल थे। एमेजॉन इंडिया के कंट्री मैनेजर, मनीष तिवारी ने कहा, "इन त्योहारों पर हम ग्राहकों को सेवाएं देने और भारत के सैलर्स को सशक्त बनाने के लिए बहुत खुशकिस्मत महसूस कर रहे हैं। स्मॉल एवं मीडियम बिजनेस, स्टार्टअप्स, एवं महिला एंट्रप्रेन्योर्स ने भारत में हमारे ग्राहकों को उत्पादों का सबसे बड़ा संग्रह प्रस्तुत किया। इन त्योहारों पर हम खासकर टियर 2 और 3 शहरों में नए प्राईम सदस्यों के साईनअप से बहुत उत्साहित हैं, और ग्राहक अपने पसंदीदा ऑनलाईन शॉपिंग स्थल के रूप में एमेज़ॉन पर भरोसा करते रहेंगे। इस साल एमेज़ॉन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल में ग्राहकों की एक आवाज 'एमेजॉन से लिया' सुनाई दे रही है।"

# इंडिया आईटीएमई-2022 एक्सपो का वैश्विक पटल पर आयोजन होगा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**वैश्विक** पटल पर टेक्सटाइल उद्योंग के क्षेत्र में बड़ी पहचान बना चुकी इंडिया आईटीएमई सोसाईटी द्वारा इंडिया आइटीएमई-2022 का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें दुनिया भर के 91 देशों के कपड़ा निर्माताओं को आमंत्रित किया गया है। एक्सपो के 11वें संस्करण में इस बार 91 से अधिक देशों के भागीदार शामिल होंगे।

प्रदर्शनी में शामिल हो रहे आगंतुक पहली बार ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, चीन, चेक गणराज्य, फ्रांस, जर्मनी, हांगकांग, इंडोनेशिया, इटली, जापान, स्लोवाकिया, दक्षिण कोरिया, स्पेन, स्विट्जरलैंड, ताइवान तुर्की, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे देशों से भाग लेने वाले कपड़ा निर्माताओं की भागीदारी का अनुभव कर सकते हैं। इस प्रदर्शनी के बारे में जानकारी देते हुए



इंडिया आईटीएमई सोसाइटी के अध्यक्ष एस हरि शंकर ने कहा कि इंडिया आइटीएमई 2022 एक्सपो में 91 देशों के कपड़ा निर्माता भाग ले रहे हैं, जिनसे प्रदर्शनी में आये आगंतुक विशेषरूप से लाभान्वित होंगे, क्योंकि पहली बार इतनी बड़ी संख्या में वह विभिन्न देशों की सांस्कृतिक विरासत को कपड़ों की गुणवत्ता में देखेंगे। इसलिये यह प्रदर्शनी निश्चित रूप से एक बड़े व्यापारिक केन्द्र को भी बढ़ावा देगा जिसमें कपड़ों का आयात और निर्यात दोनों शामिल होगा।

### प्रदर्शनी में शामिल होंगे दुनिया भर के 91 देशों से कपड़ा निर्माता

गौरतलब है कि इस प्रदर्शनी को बड़े स्तर पर बढ़ावा देने के लिये इंडिया आईटीएमई सोसाइटी ने सितंबर 2022 के महीने में नैरोबी, केन्या और उज्बेकिस्तान में CAITME के साथ एक इंडिया नेटवर्किंग प्रोग्राम का आयोजन किया।

इंडिया आईटीएमई 2022 के आयोजन को लेकर इंडिया आईटीएमई सोसाइटी के मानद ट्रेजर केतन संघवी ने बताया कि विगत वर्षों की तुलना में इंडिया आईटीएमई 2022 इस वर्ष बड़े स्तर पर प्रदर्शनी का आयोजन कर रहा है, जो अपने आपमें इसकी व्यापकता को दर्शाता है।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 22 अक्टूबर, 2022



# धनतेरस: आज और कल होगी दीपावली की विशेष खरीदारी

कविता। फरीदाबाद

**धनतेरस** को लेकर बाजार पूरी तरह से तैयार हो गए हैं। वहीं दो दिन धनतेरस होने से लोग परेशान हैं, क्योंकि इस साल कार्तिक महीने की कृष्ण त्रयोदशी तिथि 22 अक्टूबर की शाम 06 बजकर 02 मिनट पर प्रारंभ हो रही हैं और अगले दिन यानी 23 अक्टूबर की शाम 06 बजकर 03 मिनट पर खत्म हो जाएगी फिर चतुर्दशी तिथि प्रारंभ हो जाएगी। जिसे देखते हुए शाम को लोग खरीदारी करेंगे। लोगों की मांग को पूरा करने के लिए इलेक्ट्रोनिक्स आयटम और बर्तन बाजार पूरी तरह से सज गया है।

**वैरायटियों की भरमार :** बर्तन दुकानदारों ने अपनी दुकानों पर सामान को सजा दिया है। ग्राहकों को लुभाने के लिए खास बर्तन मंगवाए हैं। मार्केट में नॉन स्टिक कुकर की काफी डिमांड है। धनतेरस पर स्टील व तांबे का बर्तन खरीदना शुभ माना जाता है। लोगों के बजट के हिसाब से माल मंगाया गया है। स्टील का रेट बढ़ने से सामान की कीमतों में उछाल आया है। मगर उससे बाजार में कोई फर्क पड़ने की उम्मीद नहीं है। पिछले



धनतेरस के अवसर पर बरतन खरीदती महिलाएं।

साल के बजाय इस बार तांबा, स्टील व पीतल के दाम 20 से 25 फीसदी से अधिक बढ़े है।

**हर तरह का सामान :** एनएच-एक की मॉर्केट में दुकान चलाने वाले राजीव ने बताया कि धनतेरस पर बर्तनों की खरीदारी का भी महत्व है। जिसको देखते हुए बर्तन बाजार पूरी तरह से सज गया है। उन्होंने कहा कि उनके यहां बर्तनों की हर वैरायटी उपलब्ध है।

**दैनिक प्रयोग के बर्तन :** एनएच-एक के दुकानदार रवि का कहना है धनतेरस को लेकर हर संभव सामान उपलब्ध करा दिया है। इस बार सबसे अधिक मांग पूजा की थाली, प्रेशर कूकर, इलेक्ट्रोनिक कैटल, जूस मशीन, क्राकरी में डिनर सेट समेत अन्य दैनिक प्रयोग में आने वाले बर्तनों की मांग अधिक है।

**रोशनी से नहाने लगे मॉल:** दिवाली के नजदीक आते ही शहर के शॉपिंग मॉल्स में भी रौनक बढ़ गई है। मॉल्स को आकर्षक लाइटों से सजाया गया है और लोग देर रात तक यहां शॉपिंग का मजा ले रहे हैं। दुकानदारों ने भी ग्राहकों को छूट देना शुरू कर दिया है। पिछले साल के मुकाबले इस साल यहां काफी भीड़ है और सबसे अधिक खरीदारी कपड़ों व घर के सामान की हो रही है। मॉल्स में संचालकों ने सुरक्षा के काफी बंदोबस्त किए है। लोगों का कहना है कि अक्सर मॉल में 9 बजे के बाद सन्नाटा हो जाता था, मगर अब रात को 11 बजे तक लोग शॉपिंग कर रहे हैं। मॉल की लाइटिंग किए जाने से काफी अच्छा लग रहा है।

# एचएसएससी की सीईटी परीक्षा में न आए कोई भी परेशानी : संजीव कौशल

## लगभग 70 हजार परीक्षार्थियों की लिखित परीक्षा के लिए बनाए गए हैं परीक्षा केंद्र

## सफल आयोजन के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट, ट्रॉजिट ऑफिसर एवं लोकल इंस्पेक्टिंग ऑफिसर नियुक्त होंगे

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने एचएसएससी द्वारा आयोजित सीईटी-2022 की लिखित परीक्षा में कोई भी परेशानी नहीं आनी चाहिए। मुख्य सचिव संजीव कौशल आज शुक्रवार को सेक्टर-12 स्थित कन्वेंशन हॉल में एचएसएससी सीईटी परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए प्रदेश के जिला उपायुक्तों को विडियो कान्फ्रेंस के जरिये संबोधित कर



सेक्टर-12 कन्वेशन हाल में एचएसएससी की परीक्षा को लेकर विडियो कान्फ्रेंस के जरिये अधिकारियों को संबोधित करते मुख्य सचिव संजीव कौशल।

रहे थे। सीएस संजीव कौशल एनडीए की गाइड लाइन अनुसार दिशा निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षार्थियो की परिवहन, ठहरने और खाने की व्यवस्था के लिए प्रशासनिक पुलिस और समाज सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों की कमेटियां जिला स्तर पर गठित करें।

फरीदाबाद में लगभग 70 हजार परीक्षार्थियों के लिए लिखित परीक्षा के आयोजन के लिए परीक्षा बनाए गए हैं। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट, ट्रांजिट ऑफिसर एवं लोकल इंस्पेक्टिंग ऑफिसर नियुक्त करें। मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि एनडीए द्वारा आयोजित हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन की 2022 सीईटी की लिखित परीक्षा में कोई भी कोताही नहीं बर्दाश्त होगी। दोषी पाए जाने पर उसके खिलाफ तुरंत कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

सीएस संजीव कौशल ने कहा कि जिला में परीक्षार्थियों के लिए यातायात, ठहरने, खाने की व्यवस्था के लिए सभी उपायुक्त एडीसी, जीएम रोडवेज, पुलिस विभाग और समाज सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों, एनजीओ तथा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों के प्रतिनिधियों के साथ तालमेल करके तमाम पहलुओं पर बारिकी से समीक्षा करके व्यवस्था बनाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आगामी 05 व 06 अक्तूबर को सीईटी की 2022 की लिखित परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। लिखित परीक्षा के आयोजन के लिए जिला फरीदाबाद में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा की पवित्रता तथा कानून व्यवस्था स्थापित करने के लिए धारा-144 लगाने सहित केंद्रवार ड्यूटी मजिस्ट्रेट, ट्रांजिट ऑफिसर एवं लोकल इंस्पेक्टिंग ऑफिसर की नियुक्तियां करें। लिखित परीक्षा के सफल आयोजन के लिए अन्य अधिकारियों द्वारा सभी ऑफिसर एवं मजिस्ट्रेट को जरूरी दिशा निर्देश दें ।

परीक्षा पहले चरण में सुबह दस बजे से और दूसरे चरण में दोपहर तीन बजे से शुरू होगी। परीक्षाओं में कोताही बरतने वाले लोगों के खिलाफ तुरंत कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। परीक्षा केंद्रो में केवल ड्यूटी देने वाले अधिकारी अन्दर जा सकते हैं। इसके अलावा कोई भी अधिकारी परीक्षा केंद्रो के अन्दर जाने पर सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार पूर्णतया पाबंदी है। विडियो कान्फ्रेंस में डीसी विक्रम सिंह,एसीपी नरेन्द्र कादियान, जिला शिक्षा अधिकारी मुनेष चौधरी सहित सम्बधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जारी रही नगर निगम के कर्मचारियों की हड़ताल




जुलूस निकाल कर विरोध प्रकट करते नगर निगम के कर्मचारी।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सरकार** की वादाखिलाफी और मांगों के प्रति घोर उपेक्षापूर्ण रवैए के खिलाफ बुधवार से शुरू हुई नगर निगम कर्मचारियों हड़ताल 23 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई है। इसी क्रम में शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मबीर भड़ाना कार्यकर्ताओ के साथ कर्मचारियों के समर्थन में पहुंचे।

इस मौके पर धर्मबीर भड़ाना ने कहा कि कर्मचारियों द्वारा की जा रही हड़ताल बिल्कुल उचित है। मौजूदा सरकार को केवल वादाखिलाफी करनी आती है। सरकार अपने दिये हुए वादे को कभी पूर्ण नही करती है केवल झूठे वादे करती है। भड़ाना ने कहा कि हड़ताल को कर्मचारियों का व्यापक समर्थन मिलने के साथ-साथ, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के समर्थन के एलान के बाद ओर मजबूती मिल गई है, आज हड़ताल के समर्थन में प्रदेश के सभी जिला उपायुक्त कार्यालयो पर सभी विभागों के कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। उन्होने कहा कि जब तक कर्मचारी की समस्याओ का समाधान नही हो जाता तब तक आम आदमी पार्टी चुप नही बैठेगी ओर इसी प्रकार प्रदर्शन करती रहेगी। इस मौके पर नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने कहा कि आम आदमी पार्टी हमेशा कर्मचारियो के समर्थन तत्पर रहती है जिस प्रकार पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार आने के बाद कर्मचारियो को बढ़ा हुआ वेतन दिया जा रहा है उसी प्रकार हरियाणा में भी कर्मचारियो को वेतन दिया जाए।

# विवादों के निपटारे के लिए फीवा ने सौंपा मांग पत्र

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** प्रदेश में सभी एचएसवीपी अथवा एचएसआईआईडीसी के रिहायशी, वाणिज्यक, एवं औद्योगिक स्थलों पर जहां प्लाट धारकों द्वारा भवन निर्माण कार्य पूरा करवाया जा चुका है। इस संदर्भ में कई मांगों लेकर फीवा द्वारा सीएम के नाम एक मांग पत्र भेजा

फीवा के महासचिव गुरमीत सिंह ने कहा कि किसी भी कारणवश अथवा कोविड-19 के दौरान वह सभी अपने भवन का रिहायशी प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन नहीं कर पाए अथवा आवेदन करने के बावजूद भी उन्हें किन्हीं कारणों से विभाग द्वारा यह पत्र जारी नहीं किया गया। उन सभी को हरियाणा सरकार की गोल्डन जुबली स्कीम के तहत जो रियायत पहले दी गई थी। उसी आधार पर उस स्कीम को आगे 2 वर्षों के लिए फिर से इस योजना में विस्तार करते हुए पुन: आवेदन करने के लिए छूट देनी चाहिए। इसके साथ-साथ छोटे-छोटे मुद्दों में जहां कहीं किसी कारण विभाग और प्लाट धारक के बीच में कोई विवाद अलग-अलग न्यायालयों में विचाराधीन हैं। उन सभी विवादों का



एक कमेटी बनाकर निपटारा किया जाए। जिससे आम आदमी और सरकार दोनों के धन और समय की बर्बादी होने से बच सकती है। इसी के साथ-साथ हरियाणा सरकार द्वारा महिलाओं के लिए जारी की गई कल्याणकारी योजना जो प्लॉट खाली हैं। उनकी समयावधि शुल्क में यदि संपत्ति मालिक महिला है तो 10 प्रतिशत एक्सटेंशन फीस अर्थात 90 प्रतिशत की छूट और यदि वह महिला विधवा है तो, 100 प्रतिशत राहत दी गई है। लेकिन इस योजना को फरीदाबाद नगर निगम कार्यालय में बैठे हुए भ्रष्ट कर्मचारी अथवा अधिकारी अमलीजामा पहनाने में जानबूझकर कोताही बरत रहे हैं। इस विशेष मुद्दों का एक मांग पत्र मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के नाम पर मार्फत उपायुक्त फरीदाबाद को सौंपने का जो निर्णय फीवा कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया था।

# महिलाओं की शिक्षा को बढ़ावा देना जरूरी

**फरीदाबाद।** पृथला के कई गांव सोतई, बहवलपुर, दयालपुर, ककड़ीपुर में टीचर्स कूल की फाउंडर जन्नत खत्री द्वारा महिलाओं की शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए अनेकों प्रेरक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जन्नत ने बताया कि समय में महिलाओं की शिक्षा अत्यंत आवश्यक है।

महिलाओं का साक्षर होना ना केवल उन्हें कमाई के साधन दिलवाता है बल्कि एक अच्छी सेहत, अपने और अपने परिवार के लिए भी उन्हें सक्षम बनाता है। उन्होंने बताया कि शिक्षा से ना केवल वह अपनी जिंदगी बेहतर तरीके से जी पाते हैं बल्कि अपने होने वाले बच्चों के बारे में भी अच्छी तरीके से सोच पाती हैं व उनका लालन पालन भी कर पाती हैं। सर्वेक्षण में यह पाया गया कि जो महिलाएं साक्षर है, उनके दो या तीन बच्चे होते हैं जबकि जो महिलाएं साक्षर नहीं हैं उन औरतों के 6 से 7 बच्चे होते हैं जिससे उनकी सेहत पर भी बुरा असर पड़ता है तथा देश की पॉपुलेशन पर भी बुरा असर पड़ता है। इसका कारण यह है कि जो महिलाएं साक्षर हैं वो अपनी बात सही तरीके से कह पाती हैं।

# छोटे बच्चे बने एक दिन के मास्टर शेफ

## क्राउन प्लाजा ग्रेनो में अंतरराष्ट्रीय शेफ दिवस समारोह आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**शेफ** अपने कौशल और नवीन प्रस्तुत करने योग्य तकनीकों और कुछ मनोरम एवं स्वादिष्ट खाना पकाने के लिए जाने जाते हैं। वे हमारे खाने की लालसा को पूरा करने के लिए कुछ न कुछ नया करते रहते हैं। ऐसे में शेफ्स को समर्पित दिन, अंतर्राष्ट्रीय शेफ दिवस को चिह्नित करने के लिए, क्राउन प्लाजा ग्रेटर नोएडा ने एक अनूठी मजेदार गतिविधि की मेजबानी की। इस अवसर पर उन्होंने प्राथमिक विद्यालय मुबारिकपुर के बच्चों को आमंत्रित किया और उन्हें कुछ स्वादिष्ट पकाने के लिए एक दिन का मास्टर शेफ बनने का अवसर दिया।

मौज-मस्ती एवं खाना पकाने के साथ-साथ, बच्चों को हॉस्पिटेलिटी उद्योग में कॅरियर के बारे में जानकारी भी मिली, जिसका नेतृत्व कार्यकारी सूस शेफ, सौरभ सिंह चंदेल और होटल क्राउन प्लाजा ग्रेटर नोएडा के महाप्रबंधक शरद के. उपाध्याय ने किया। यह उन बच्चों के लिए एक विशिष्ट एवं मजेदार अवसर था और इस मजेदार गतिविधि के दौरान इन बच्चों ने खाना पकाने में भी हाथ आजमाया, जिसके चलते इन बच्चों के लिए यह हर मायने में एक आनंदमयी घटना साबित हुई।

गतिविधि के बारे में जीएम शरद के. उपाध्याय ने कहा, हम सभी उत्सव के मूड में हैं, और आज अंतर्राष्ट्रीय शेफ दिवस है। समाज में योगदान देने के लिए और इन बच्चों के लिए एक अच्छा समय, मनोरंजन और उत्सव मनाने के प्रयास में, हमने बच्चों और अपने शेफ के साथ इस कार्यक्रम की मेजबानी करने की योजना बनायी। शेफ



दिवस मनाने के लिए उन्हें यहां आमंत्रित करना हमारे लिए पूरी तरह से मनोरंजक था, इन बच्चों में कुछ काफी प्रतिभाशाली थे और उन्होंने स्वादिष्ट पके हुए व्यंजनों के साथ अपना जौहर दिखाया। कार्यक्रम के दौरान, बच्चों ने विभिन्न गीतों पर नृत्य किया, कुछ गीत, कवितायें सुनाई और एक दिन के मास्टर शेफ बनकर इस गतिविधि का पूरा लुत्फ उठाया। इस मौके पर होटल के जीएम को इन बच्चों के लिए खाना बनाते हुए देखा गया, जो कि सभी के लिए हैरान करने वाला पल था।

एक्जीक्यूटिव शेफ सौरभ सिंह चंदेल कार्यवाही से उत्साहित और खुश थे। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियों का हिस्सा बनना वास्तव में मजेदार है, खासकर जब ये बच्चे व्यंजन पकाते हैं और पेशेवरों की तरह परोसते हैं। हम क्राउन प्लाजा ग्रेटर नोएडा में प्रत्येक अवसर को एक अलग तरीके से मनाने में विश्वास करते हैं, इसलिए हम सभी ने इन छोटे मास्टर शेफ को एक दिन के लिए अंतर्राष्ट्रीय शेफ दिवस समारोह समर्पित करने का फैसला किया और यह सभी के लिए बहुत मज़ेदार और मनोरंजक था। क्राउन प्लाजा ग्रेटर नोएडा टीम ने इन बच्चों के साथ दिन और दिवाली उत्सव मनाया और बच्चों को प्यार के प्रतीक के रूप में कुछ उपहार दिए।

# बीके में 12 और डिस्पेंसरियों में पांच बिस्तरों के बनेंगे बर्न वार्ड : सीएमओ

## पहली बार खेड़ी कलां, कुराली, बल्लभगढ़, तिगांव, पाली, एसजीएम नगर और संजय कालोनी में बनेंगे बर्न वार्ड

## बीके अस्पताल में मात्र तीन बिस्तरों का बनाया था बर्न वार्ड

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**शहर** में पाबंदी के बाद भी जमकर शहर में आतिशबाजी की जा रही है। लेकिन इस दौरान बड़ा हादसा होने पर इलाज के लिए बीके अस्पताल में कोई प्रबंध नहीं किए हैं। बृहस्पतिवार तक बीके में मात्र तीन ही बिस्तरों का बर्न वार्ड मौजूद था। जिसे पायनियर



बीके अस्पताल।

ने 21 अक्टूबर के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया। जिसमें बताया गया कि 'शहर में दीपावली पर पटाखों पर पूरी तरह प्रतिबंध है। लेकिन शहर में जगह पटाखे जलाए जा रहे हैं। कुछ समय पहले संजय कालोनी में बारूद पाइप में भरकर फोड़ने से दो बच्चे झुलस गए थे। उन्हें बीके से रेफर कर पल्ला झाड़ लिया था। शहर में आज भी आतिशबाजी का जमकर इस्तेमाल हो रहा है। लेकिन इस आतिशबाजी से झुलस कर आने वालों के लिए बीके अस्पताल में कोई प्रबंध अब तक नहीं किया। दीपावली से चार दिन पहले बृहस्पतिवार को अस्पताल में मात्र तीन बिस्तरों का बर्न वार्ड बनाया था।' इस खबर के बाद सीएमओ फरीदाबाद द्वारा जारी एक पत्र जारी कर सिविल अस्पताल समेत सीएचसी और पीएचसी इंचार्जो को निर्देश जारी किए कि बर्न वार्ड तैयार किए जाये।

**यहां बनेंगे बर्न वार्ड :** सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि जिले के बीके सिविल अस्पताल को 12 बिस्तरों का बर्न

पायनियर इम्पेक्ट

वार्ड तैयार करना है और जिले की सभी सीएचसी और पीएचसी में भी पांच-पांच बिस्तरों के बर्न वार्ड तैयार करने के निर्देश जारी किए है। जिसमें सीएचसी खेड़ी कला सीएचसी, कुराली, बल्लभगढ़ सिविल अस्पताल, तिगांव, पाली के अलावा यूएचसी एसजीएम नगर और संजय कालोनी को शामिल किया है। जोकि एक अच्छा कदम है, क्योंकि जिले के पीएचसी-सीएचसी सेंटरों पर कभी भी पांच बिस्तरों का वर्न वार्ड नहीं बना। ऐसे में पहली बार जिले के पीएचसी और सीएचसी सेंटरों में आतिशबाजी के दौरान झुलसे मरीजों को पूरा इलाज घर के निकट ही मिल सकेगा। क्योंकि बर्न वार्ड में झुलसे मरीजों की सभी दवाईयों का प्रबंध करने के निर्देश भी सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता ने जारी किए हैं।

# उपमुख्यमंत्री की कथनी करनी में नहीं कोई अंतर: अजय भड़ाना



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जननायक** जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अजय भड़ाना ने कहा है कि प्रदेश उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के आदेशों से मिल रही ग्रांटों से लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि जजपा-भाजपा गठबंधन सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है और यह गठबंधन राजनैतिक नहीं बल्कि दिलों का गठबंधन है।

अजय भड़ाना आज बडखल क्षेत्र के वार्ड नंबर 23 के बी ब्लाक शिव दुर्गा विहार के एके मिडल स्कूल वाले रोड पर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला द्वारा दी गई ग्रांट से इंटरलॉकिंग टाईल्स लगाने के कार्य का उद्घाटन करने के उपरांत उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान स्थानीय लोगों ने जजपा नेता अजय भड़ाना का फूल मालाओं से स्वागत किया। अजय भड़ाना ने कहा कि व्यक्तित्व के धनी उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने जब से हरियाणा की सत्ता में आए है, जब से प्रदेश में विकास का एक नया सिलसिला शुरू हुआ है, जो कि सभी विधानसभाओं में घूम रहा है और उनकी कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है, जो वायदे वह करते है, उन्हें पूरा भी जरूर करते है। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री जहां-जहां जाते है, वहां लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य करवाने के लिए ग्रांट देते है।

# संक्षिप्त समाचार

## न्यायिक परीक्षा पास करने पर कार्तिक शर्मा का स्वागत



**फरीदाबाद।** सेक्टर-12 लॉयर्स चेंबर में वकील कार्तिक शर्मा का विजय शर्मा एडवोकेट के चेम्बर में स्वागत किया गया। करीब चार महीने पहले कार्तिक शर्मा के पिता का हदयाघात की वजह से निधन हो चुका है। शुक्रवार लॉयर्स चैंबर्स में वकीलों ने फूल माला व बुके देकर कार्तिक शर्मा का स्वागत किया। शर्मा ने हरियाणा सिविल सर्विस न्यायिक पास की है। उन्होंने कहा की अपने पिता दिनेश शर्मा का सपना पूरा किया है उन की इच्छा थी। उनका बेटा जज बने, मैंने उन का सपना साकार किया है। बार काउंसिल पंजाब एवं हरियाणा के पूर्व मनोनीत सदस्य शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने उन्हें मिठाई खिलाकर कर बधाई दी। वशिष्ठ ने कहा कार्तिक शर्मा ने जिला फरीदाबाद व जिला बार एसोसिएशन का नाम रोशन किया है। कार्तिक शर्मा ने कहा की न्यायाधीश बनने के लिए दिन रात पढ़ाई कर के अपने पिता का सपना पूरा किया। इस मौक़े पर पार्षद सतीश चन्दीला ज़िला बार एसोसिएशन के प्रधान के पी तेवतिया,महासचिव सन्दीप पाराशर एडवोकेट, सतवीर शर्मा, नवीन गुप्ता, सुखबीर चंदीला, दिनेश तोमर, जी डी शर्मा, जिला बार सदस्य कुलदीप जोशी, बिटटू भाई, सुधीर चन्दीला, मुकेश पाराशर, जीएस सोलंकी, आदेश, सतपाल नागर, विजय यादव, रवि, देविंदर चंदीला, कमल दलाल, मनोज, आदि अधिवक्तागण मौजूद थे।

## क्लीन एवम ग्रीन दीवाली मनाने की अपील की



**फरीदाबाद।** सराय ख्वाजा के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी विद्यालय की जूनियर रेड क्रॉस और सेंट जॉन एम्बुलैंस ब्रिगेड ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में नगरवासियों और समस्त देशवासियों से स्वच्छ और हरित दीपावली मनाने की अपील की। प्रार्थना सभा में क्लीन दिवाली ग्रीन दीवाली के विषय में बताते हुए विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस व सैंट जॉन एम्बुलैंस ब्रिगेड प्रभारी ने कहा कि पूरा एन सी आर स्मॉग, धुआं से और वायु प्रदूषण की मार सह रहा है। इसलिए सरकार को कड़े निर्देश जारी करने पड़े है कि सड़कों पर धूल न उड़ने पाए, पानी का छिड़काव किया जाए, सामान्य वायु प्रदूषण फैलाने वाले पटाखों के स्थान पर ग्रीन पटाखों का प्रयोग सीमित समय अर्थात बहुत ही न्यून समय के लिए ही किए जाने की अनुमति प्रदान की है और यहाँ तक कि संपूर्ण एनसीआर में एयर क्वालिटी इंडेक्स में भी वृद्धि हो रही है। इसलिए हम सभी का यह दायित्व है कि हम स्वच्छ दीपावली मनाते हुए अपने पर्यावरण की भी सुरक्षा करें तथा सरकार के निर्देशानुसार प्रदूषण फैलाने वाले, तेज ध्वनि उत्पन्न करने वाले और विषैले तत्व वाले चाइनीज क्रैकर्स का प्रयोग कदापि भी ना करें। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि तेज ध्वनि वाले क्रेकर्स से सभी को समस्या होती है। नवजात शिशुओं, सीनियर सिटीजन को एवम रोगियों तथा घरेलू व पालतू पशुओं को भी बहुत कठिनाई होती है। दीपावली के पश्चात बहुत दिनों तक वातावरण में विषैले धुएं के छाए रहने से श्वांस संबंधी एवम हृदय संबंधी समस्याएं जन्म ले लेती हैं। उन्होंने कहा कि सड़कों पर धूल उड़ने एवम निर्माण सामग्री के इधर उधर फैली होने एवं वाहनों के कार्बन उत्सर्जन से प्रदूषण का स्तर अधिक बढ़ गया है। सामान्य वायु प्रदूषण फैलाने वाले पटाखों के स्थान पर ग्रीन पटाखों का प्रयोग सीमित समय अर्थात कम समय के लिए कर के त्योहारों के अवसर को प्रदूषण रहित बना सकते हैं। प्राचार्य मनचंदा ने बच्चों से अपील की कि वे घर में अपने सभी सदस्यों, मित्रों, संबंधियों, पड़ोसी मम्मी, पापा, बहन, भाई और घर में तथा संबंधियों से भी स्वच्छ दीवाली मनाने के लिए आग्रह करें ताकि हम सभी इन पर्वों का आनंद उठा सकें। इस अवसर पर स्टाफ के सभी सदस्यों ने भी ग्रीन और क्लीन दीपावली मनाने के लिए जागरुक किया।

## इस्ट्टिट्यूट में दीपावली उत्सव का हुआ आयोजन



**फरीदाबाद।** खजानी वूमैनस वोकेशनल इस्ट्टिट्यूट एनआईटी की छात्राओं ने दीपावली उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया। इस मौके पर छात्राओं ने फूलों से संस्थान को सजाया और रंगोली बनाई। इस अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर संजय चौधरी भी उपस्थित थी। इस अवसर पर संजय चौधरी ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीपावली खुशियों का त्योहार है और हम सभी को इस दिन कामना करनी चाहिए यह त्योहार सभी के जीवन को खुशियों से भर दें। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम के पदचिन्हों पर चलते हुए हमें बुराई का खत्मा करना है और समाज की भलाई के लिए काम करने रहते रहना है। संजय चौधरी ने कहा कि खजानी संस्थान छात्राओं के उत्थान और समाज की भलाई के लिए सदैव तत्पर रहता है।

## बच्चों के लिए ऑनलाइन साइबर क्विज आयोजित

**फरीदाबाद।** साइबर अपराध फरीदाबाद के नोडल अधिकारी डीसीपी नीतीश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में फरीदाबाद की साइबर पुलिस ने छात्रों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने के लिए प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया। जिसमें 12000 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि हरियाणा पुलिस द्वारा अक्टूबर महीने को साइबर जागरूकता माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी के अंतर्गत फरीदाबाद की साइबर पुलिस विभिन्न माध्यमों से नागरिकों तथा छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने का प्रयास कर रही है। इसी के अंतर्गत फरीदाबाद में स्थित तीनों साइबर पुलिस स्टेशन तथा सीनियर सिटीजन सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सविता व उनकी टीम ने छात्र छात्राओं को जागरूक करने के लिए ऑनलाइन साइबर क्वीज का आयोजन करवाया। जिसमें शहर के विभिन्न स्कूल कॉलेज के 12,000 से अधिक छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस प्रश्नोत्तरी को आयोजित करने में ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर सतीश कुमार का अहम योगदान रहा। आयोजित किए गए इस साइबर क्विज में 30 प्रश्न पूछे गए जिसमें प्रत्येक प्रश्न का एक अंक दिया गया। इस प्रश्नोत्तरी में साइबर अपराध से संबंधित प्रश्न पूछे गए ताकि इसके माध्यम से छात्रों को यह ज्ञात हो सके कि साइबर अपराध से बचाव के लिए किस प्रकार की सावधानियों को ध्यान में रखना चाहिए। सभी छात्रों ने इस प्रश्नोत्तरी में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। प्रश्नोत्तरी में भाग ले रहे 113 छात्रों ने 30 में से 30 अंक प्राप्त किए वहीं 162 छात्रों ने 29 तथा 251 छात्रों ने 28 अंक प्राप्त किए। इस प्रकार टॉप 526 छात्रों ने क्रमशः 30,29 तथा 28 अंक प्राप्त किए। इस प्रश्नोत्तरी में सबसे अच्छा प्रदर्शन एपीजे स्कूल के छात्रों का रहा। जिन्होंने सबसे अधिक प्रश्नों का उत्तर दिया। सबसे अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को साइबर पुलिस द्वारा सम्मानित किया गया। सभी छात्रों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक रहने के लिए अहम जानकारी दी गई।

# सरकार का निर्णय

## बीसीसीआई मजबूत

**केन्द्रीय** मंत्री अनुराग ठाकुर ने बीसीसीआई के निर्णय पर सहमति जता कर भारतीय क्रिकेट को मजबूत किया है। खेल व युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने उचित ही एशिया कप मामले में बोर्ड आफ कंट्रेल फार क्रिकेट इन इंडिया-बीसीसीआई के एशिया कप मामले में निर्णय का समर्थन किया है। एशिया कप 2023 पाकिस्तान में होना निर्धारित था, लेकिन बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने पहले ही भारतीय टीम पाकिस्तान भेजने पर अनिच्छा जताई थी। भारतीय टीम आखिरी बार 2006 में पाकिस्तान गई थी। जय शाह ने एशिया कप के लिए एक तटस्थ स्थल का पक्ष लिया था। यह निर्णय अभूतपूर्व नहीं था क्योंकि एशियन क्रिकेट कौंसिल-एसीसी ने तय किया था कि टीम पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगी। शाह एसीसी के अध्यक्ष भी हैं। स्वाभाविक रूप से पाकिस्तान ने इस निर्णय का भारी विरोध किया। एसीसी के निर्णय से पूर्व खिलाड़ी सईद अनवर व शाहिद अफरीदी नाराज थे। एक आधिकारिक बयान में पाकिस्तान क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने एशिया कप को तटस्थ स्थल पर ले जाने संबंधी शाह की टिप्पणियों पर 'आश्चर्य व निराशा' प्रकट की। उसने आरोप लगाया कि 'यह टिप्पणी बिना बोर्ड आफ एशियन क्रिकेट कौंसिल या आतिथेय पाकिस्तान क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से कोई चर्चा या विचार-विमर्श किए बिना की गई। इसके दीर्घकालीन परिणामों व प्रभावों पर भी कोई विचार नहीं किया गया।' हालांकि, दूसरों पर अनुचित व्यवहार का आरोप लगाना हमेशा आसान होता है, पर पीसीबी व सभी पाकिस्तानियों द्वारा थोड़ा आत्मावलोकन उनके तथा सारी दुनिया के लिए अच्छा रहेगा। यदि बीसीसीआई तथा अन्य क्रिकेट बोर्ड अपनी टीमों को पाकिस्तान नहीं भेजना चाहते हैं तो दूसरों के बजाय पाकिस्तानियों को इसका दोष स्वयं को देना चाहिए। उनको याद रखना चाहिए कि मार्च, 2009 में लाहौर पहुंची श्रीलंका टीम पर आतंकी हमला हुआ था।



जब तीसरा टेस्ट खेलने श्रीलंका की टीम गद्दाफी स्टेडियम की ओर जा रही थी तब एक दर्जन सशस्त्र लोगों ने उनकी बस तथा उसके पीछे मैच अधिकारियों को ले जा रही मिनी वैन पर गोलियां चलाई थीं। पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने हमले का जवाब दिया था जिसके परिणामस्वरूप दो पाकिस्तानी अधिकारी तथा दो नागरिक मारे गए थे। इस हमले में अन्य के साथ श्रीलंका के नौ खिलाड़ी घायल हुए थे। पाकिस्तानी वायुसेना के हेलीकाप्टरों ने श्रीलंका के पूरे समूह को स्टेडियम से बाहर निकाला। उन्होंने अपने देश जाने वाली पहली उड़ान पकड़ी और वापस लौट गए। इसके बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कौंसिल ने पाकिस्तान से 2011 में विश्व कप आयोजित करने का अधिकार छीन लिया था। पाकिस्तान के राज्य, समाज व इस्लामवादियों ने इसे दुनिया का एक सबसे खतरनाक देश बना दिया है। पाकिस्तानी खिलाड़ियों और पीसीबी अधिकारियों के लिए बम धमाके और गोलीबारी भले ही सामान्य बात हो, लेकिन दूसरों के लिए यह सामान्य नहीं है। केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा बीसीसीआई को समर्थन एकदम सही समय पर आया है। उन्होंने पीसीबी की बहिष्कार की धमकी को अनदेखा कर ठीक किया है। इससे बीसीसीआई तथा भारतीय क्रिकेट का हौसला बढ़ा है। उन्होंने कहा, 'भारत एक स्पोर्टिंग पावरहाउस है और यहां अनेक विश्व कपों का आयोजन हो चुका है।' क्रिकेट के मामले में यह बात निश्चित रूप से सही है। बीसीसीआई दुनिया की सबसे अमीर क्रिकेट प्रशासनिक संस्था है, ऐसे में पीसीबी के सामने झुकने का कोई कारण नहीं है। लेकिन बीसीसीआई के अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि पाकिस्तान के साथ क्रिकेट संबंधों को लेकर उनके दृष्टिकोण में निरंतरता रहनी चाहिए।

# नेत्रहीन मतदाताओं को चाहिए तकनीक की मदद

## 'इमेज टेक्स्ट स्पीच कन्वर्जन' टूल दृष्टिबाधित लोगों को उनके वोट की ऑडियो पुष्टि देकर बड़े पैमाने पर वोट डालने में मदद कर सकता है।

**अक्षय बाजद**
(लेखक अकादमिक क्षेत्र से जुड़े हैं)



एक ऐसी प्रणाली उपलब्ध कराने की आवश्यकता है जिससे देखने में विकलांग मतदाता अपने डाले गए वोटों का तत्काल ऑडियो सत्यापन प्राप्त कर सकें। विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 की धारा 11 में कहा गया है कि भारत का चुनाव आयोग और राज्य चुनाव आयोग यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी मतदान केंद्र विकलांग व्यक्तियों के लिए सुलभ हों और चुनावी प्रक्रिया से संबंधित सभी सामग्री को आसानी से समझा जा सके। पूर्वोक्त अधिनियम विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन को प्रभावी बनाने और उससे जुड़े या उसके प्रासंगिक मामलों के लिए बनाया गया था। विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों पर कन्वेंशन संयुक्त राष्ट्र की एक अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संधि है जिसका उद्देश्य समाज में विकलांग व्यक्तियों की पूर्ण और प्रभावी भागीदारी और समावेश सुनिश्चित करना है। सुलभ चुनावों पर राष्ट्रीय परामर्श में 4 जुलाई, 2018 को अपनाए गए सुगम चुनावों पर रणनीतिक ढांचे के अनुसार, भारत का चुनाव आयोग विकलांग व्यक्तियों के लिए एक समान पहुंच ढांचे के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है, जो जवाबदेही, सम्मान और गरिमा के मूल सिद्धांतों द्वारा समर्थित है। चुनावी भागीदारी बढ़ाने के लिए बेहतर सेवा प्रस्तावों के लिए समर्थन पहल के लिए प्रयास करते हुए, उनके बीच मतदाताओं का विश्वास बढ़ाने के लिए प्रयास होना चाहिए। विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 और विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों पर कन्वेंशन (सीआरपीडी), संयुक्त राष्ट्र उन प्रावधानों के लिए सक्षम ढांचा है जिन्हें विकलांग लोगों के लिए उपलब्ध कराया जाना चाहिए। चुनाव आयोग विभिन्न श्रेणियों के विकलांग व्यक्तियों को वोट डालने की सुविधा के लिए सुलभ तकनीकी उपकरणों के उपयोग को मान्यता देता है।

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 15 भी धर्म, जाति, जाति, लिंग या जन्म स्थान के आधार पर किसी भी नागरिक (विकलांग सहित) के खिलाफ राज्य द्वारा भेदभाव को प्रतिबंधित करता है। फिर भी, विकलांग व्यक्ति अन्य नागरिकों के समान वोट देने के अपने अधिकार के लिए लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं। 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में लगभग 2.68 करोड़ विकलांग व्यक्ति थे, जबकि 50 लाख व्यक्ति देखने में विकलांग हैं। देखने में विकलांग मतदाता अभी भी एक साथी की सहायता से मतदान करने में सक्षम हैं। एक सहायता प्राप्त वोट, जबकि गुप्त और स्वतंत्र वोट नहीं है, फिर भी ऐसे मतदाताओं को चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति देता है। हालांकि, ईवीएम के माध्यम से मतदान की वर्तमान प्रणाली में, यह जानने का कोई तरीका नहीं है कि क्या सहायता करने वाले व्यक्ति ने देखने में विकलांग मतदाता द्वारा चुने गए उम्मीदवार के लिए वास्तव में अपना वोट डाला है।

दिव्यांग मतदाताओं को देखने में सुविधा के लिए ईवीएम की बैलेट यूनिट पर ब्रेल साइनेज लगे हैं। उम्मीदवारों के वोट बटन के साथ बैलेट यूनिट के दाईं ओर, ऐसे मतदाताओं के मार्गदर्शन के लिए ब्रेल साइनेज में अंक 1 से 16 तक उकेरे गए हैं। हालांकि, दृष्टिहीन मतदाता एक बटन दबा सकता है लेकिन वास्तविक मतदान का पता नहीं लगा सकता है। मतदाता सुनिश्चित नहीं है कि उसका वोट दर्ज किया गया है या नहीं, यदि दर्ज किया गया है, तो यह उस उम्मीदवार के पक्ष में दर्ज किया गया है जिसके लिए यह इरादा था या नहीं।

इसके अलावा, देखने में विकलांग हर व्यक्ति ब्रेल को नहीं समझता है। वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से जुड़ी एक स्वतंत्र प्रणाली है जो मतदाताओं को यह सत्यापित करने की अनुमति देती है कि उनके वोट उनके इरादे के अनुसार डाले गए हैं। हालांकि, ऐसी कोई सुविधा नहीं है जिससे देखने में विकलांग मतदाता अपने मतदान का सत्यापन कर सकें। एक ऐसी प्रणाली प्रदान करने की आवश्यकता है जिससे देखने में विकलांग मतदाता अपने डाले गए वोटों का तत्काल ऑडियो सत्यापन प्राप्त कर सकें।

प्रस्तावित स्टैंड-अलोन रीयल-टाइम सिस्टम का मूल विचार वीवीपीएटी में प्रिंटर द्वारा उत्पन्न पेपर स्लिप की छवि को कैप्चर करना, उसमें से टेक्स्ट निकालना और टेक्स्ट को भाषण में परिवर्तित करना है जिसे हेडफ़ोन के माध्यम से सुना जा सकता है। आईटीटीएस डिवाइस में चार मुख्य घटक होते हैं : कैमरा, प्रोग्रामेबल सिस्टम (ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकग्निशन सॉफ्टवेयर और टेक्स्ट-टू-स्पीच इंजन), हेडफोन और बैटरी। चूंकि ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकग्निशन सॉफ्टवेयर वीवीपीएटी में पेपर स्लिप पर छपे उम्मीदवार के प्रतीक की छवि को पहचान नहीं सकता है और टेक्स्ट में परिवर्तित नहीं कर सकता है, प्रतीक का नाम वीवीपैट मशीन में सीरियल नंबर, नाम के साथ उम्मीदवार की और प्रतीक की छवि लोड करने की आवश्यकता है। आईटीटीएस डिवाइस को वीवीपैट मशीन के अंदर इस तरह से लगाया जाएगा कि वीवीपैट की पारदर्शी खिड़की के माध्यम से मतदाताओं का स्पष्ट दृश्य अबाधित रहे और वीवीपैट में सात सेकंड के लिए प्रदर्शित मुद्रित पेपर पर्चियां इसके कैमरा लेंस के क्षेत्र में आ जाएं। बाह्य रूप से, इसमें हेडफ़ोन के एक सेट की आवश्यकता होती है जिसमें वॉल्यूम नियंत्रण होता है। बूथ में प्रवेश करते ही मतदाता हेडफोन लगा लेता है। जब वोट डाला जाता है, तो वीवीपीएटी में एक पेपर स्लिप छपी होती है जिसमें सीरियल नंबर, उम्मीदवार का नाम और उम्मीदवार की छवि और प्रतीक का नाम होता है और सात सेकंड के लिए एक पारदर्शी खिड़की के माध्यम से खुला रहता है। ढ्ढञ्ञ्ररू डिवाइस अपने कैमरे का उपयोग करके पेपर स्लिप की छवि को कैप्चर करता है। इमेज से टेक्स्ट का निष्कर्षण ऑप्टिकल कैरेक्टर रिकग्निशन सॉफ्टवेयर द्वारा किया जाता है और टेक्स्ट को स्पीच में बदलने की प्रक्रिया टेक्स्ट-टू-स्पीच इंजन द्वारा की जाती है। ऑडियो आउटपुट तब हेडफ़ोन के माध्यम से सुना जाता है। इसमें सीरियल नंबर, उम्मीदवार का नाम और उम्मीदवार के चुनाव चिन्ह का नाम लिखा होता है। हेडफ़ोन पर सुनने वाला मतदाता तुरंत सत्यापित कर सकता है कि उसका वोट उसके इरादे के अनुसार डाला गया है।

इसके बाद, इस प्रक्रिया के दौरान आईटीटीएस डिवाइस में बनाई गई अस्थायी फाइलें नई फाइलों के लिए जगह बनाने के लिए स्वचालित रूप से समाप्त हो जाती हैं। प्रस्तावित स्टैंड-अलोन प्रणाली में हेरफेर की संभावना नहीं है। ईवीएम (भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड) के निर्माता वर्तमान तकनीकों का उपयोग करके सस्ती और कुशल इमेज टेक्स्ट टू स्पीच रूपांतरण (आईटीटीएस) उपकरण बनाने में सक्षम हैं।

मतदान एक अभिव्यक्ति का कार्य है जिसका लोकतांत्रिक व्यवस्था में अत्यधिक महत्व है। निर्वाचन प्रणाली में पूर्ण पारदर्शिता लाने और ईवीएम में देखने में विकलांग मतदाताओं के विश्वास को बहाल करने के इरादे से, उन्हें अपने मतदान को सत्यापित करने की सुविधा प्रदान करना आवश्यक है। मतदाताओं को ही अपने मतदान के अनुभव को सफल मानना चाहिए। चुनाव के परिणाम में विश्वास रखने के लिए, उन्हें विश्वास होना चाहिए कि उन्होंने मतदान प्रणाली का सफलतापूर्वक उपयोग किया है। इस विश्वास के बिना, चुनाव के परिणाम पर सवाल उठाया जा सकता है।

इसलिए, विकलांग मतदाताओं को उनके डाले गए वोटों को सत्यापित करने के लिए सशक्त बनाने के लिए, भारत के चुनाव आयोग को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में छवि पाठ से भाषण रूपांतरण की प्रणाली को शामिल करना चाहिए।

# धर्मांतरण की औपनिवेशिक प्रवृत्ति

**प्रदीप बाजपेयी**
(लेखक स्तम्भकार हैं)



अपने स्वतंत्रता दिवस संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमारी राष्ट्रीय सोच से औपनिवेशिक शासन की बची-खुची प्रवृत्तियां छोड़ने पर जोर दिया था। 1947 के पहले किंग्सवे कहे जाने वाले राजपथ का नाम बदल कर कर्तव्य पथ करना इस दिशा में एक स्वागत योग्य कदम है। लेकिन गुलामी के दिनों की हमारी आदतें अनेक रूपों में मौजूद हैं। इसमें प्रजा द्वारा औपनिवेशिक शासकों के धर्म को उत्कृष्ट मानने की भावना भी शामिल है। कट्टर साम्राज्यवादी चर्चिल ने भारतीयों और उनके धर्म के बारे में कहा था, 'वे जंगली लोग हैं और उनका धर्म जंगली है।' यही भावना धार्मिक मतांतरण या धर्मांतरण की ओर ले जाती है जो एक सेक्युलर या पंथनिरपेक्ष राष्ट्र की मूल अवधारणा का खंडन करता है। पंथनिरपेक्षता का अर्थ है कि राज्य सभी धर्मों से या तो अलग होगा या वैकल्पिक रूप से उनसे समान दूरी बनाए रखेगा। परिणामस्वरूप इसका अर्थ सभी धर्मों और उनका पालन करने वाले नागरिकों के प्रति पक्षपात-रहित व्यवहार करना है, भले ही उनका धर्म या नस्ल चाहे जो हो। किसी सेक्युलर राज्य की मूलभूत अवधारणा यही है कि सभी धर्म समान हैं क्योंकि यदि ऐसा न होता तो पंथनिरपेक्ष राज्य के स्थान पर एक धर्मतांत्रिक राज्य होता जो सबसे सर्वश्रेष्ठ धर्म पर आधारित होता। इसका अर्थ है कि जहां लोगों को अपना धर्म चुनने की स्वतंत्रता होनी चाहिए, वहीं धर्मांतरण गतिविधि की अनुमति पंथनिरपेक्ष राज्य में नहीं होनी चाहिए क्योंकि इसका अर्थ एक धर्म की दूसरे धर्म पर श्रेष्ठता की भावना है।

धर्म के प्रचार की स्वतंत्रता का अधिकार देने वाला संविधान का अनुच्छेद 25-1 दूसरे धर्म वाले व्यक्ति को अपने धर्म में शामिल करने का या धर्मांतरण का अधिकार नहीं देता है। सर्वोच्च न्यायालय ने 1977 में रेवरेंड स्टानिसलास बनाम मध्य प्रदेश राज्य मामले में फैसला दिया था कि यह केवल अपने धर्म को फैलाने या उसकी अवधारणाओं को प्रचारित करने की अनुमति देता है। दूसरे शब्दों में, 'बल प्रयोग, धोखाधड़ी या लालच' देकर धर्मांतरण की अनुमति नहीं है और सेक्युलर राज्य में इसके लिए दंड दिया जा सकता है क्योंकि यह इसी अनुच्छेद में व्यक्त अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के खिलाफ है। सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय ने स्पष्ट कर दिया है कि 'किसी अन्य धर्म के व्यक्ति को अपने धर्म में शामिल करने का कोई मूलाधिकार नहीं है क्योंकि यदि किसी व्यक्ति का जानबूझ कर अपने धर्म में धर्मांतरण कराया जाता है तो यह अपने धर्म तथा उसकी अवधारणाओं के प्रचार से अलग है और यह देश के सभी नागरिकों को गारंटी के रूप में प्रदत्त अंतश्चेतना की स्वतंत्रता



के विपरीत है।' इस प्रकार दूसरों को अपने धर्म में धर्मांतरित करने की जानबूझ कर या सोद्देश्य की गई गतिविधि हमारे पंथनिपरेक्ष संविधान के शब्दों व भावना के विपरीत है।

ईसाई मिशनरियों द्वारा 'सुसमाचार' संबंधी गतिविधियों की केन्द्रीयता वाली नीतियों तथा ब्रिटिश राज के इरादों के बारे में कोई संदेह नहीं है। औपनिवेशिक शासकों द्वारा यह विमर्श फैलाने के पीछे मुख्य उद्देश्य वाणिज्यिक शोषण था। विभिन्न प्रकार के समकालीन लेखन से स्पष्ट है कि उनका धर्मांतरण का कोई खास लक्ष्य नहीं था। उदाहरणार्थ, भारत में 1829 में आने वाले एक अंग्रेज यात्री ने लिखा था, 'हर दृष्टिकोण से औपनिवेशीकरण एकमात्र प्रभावी उपचार है। इससे लाखों प्रजाजनों का विकास और बेहतरी सुनिश्चित होगी और वे हमारे साथ आ जाएंगे। इससे अंततः ईसाइयत की स्थापना होगी और हम काफी बड़ी संख्या में दुनिया के रहने योग्य हिस्सों में फैल जाएंगे।' भारत में 1940 के दशक में स्वशासन व्यवस्थाओं पर प्रस्तुत अनेक ब्रिटिश प्रस्तावों में 'असम के पहाड़ी क्षेत्रों में ईसाई मिशनों का काम जारी रखने की विधिक गारंटी' मांगी गई थी। कभी-कभी कुछ विकृतियों को छोड़ कर अतीत में धर्मांतरण व्यापक रहे हैं और इनसे जनसंख्या संरचना में व्यापक परिवर्तन हुए। प्रख्यात समाजशास्त्री एम.एन. श्रीनिवास ने लगभग 50 साल पहले लिखा था, 'इस देश में कुछ सबसे बड़े धार्मिक समूहों की संख्या बढ़ने में एक प्रमुख कारण धर्मांतरण रहा है।'

सर्वोच्च न्यायालय ने अपने उपरोक्त फैसले में कहा था कि विश्वास व मित्रता बढ़ाने के नाम पर स्कूली बच्चों को बाइबिल साथ रखने या कर्मचारियों से ईसाई भजन गाने को कहना तथा शांति या पैसा या रोजगार का लालच देना 'जानबूझ कर' किया जाता था और इसका उद्देश्य लोगों को अपने धर्म में धर्मांतरित करना था। यह काम बहुत लंबे समय से जारी था। वास्तव में पांच दशक पहले श्रीनिवास ने ऐसी सुसमाचार संबंधी रिश्वत की भूमिका का उल्लेख किया था। उन्होंने लिखा था, 'ईसाइयों व खासकर हाल ही में धर्मांतरित लोगों के मामले में, धर्मांतरण के पहले धर्मांतरित होने पर शिक्षा देने या उनको रोजगार देने के प्रयासों ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। विदेशी मिशनरियों के पास उपलब्ध पैसे तथा उनके राजनीतिक प्रभाव के कारण धर्मांतरित लोगों को अनेक व्यवसायों में रोजगार व नौकरियां देने में सक्षम बनाया।'

ईसाई 'सुसमाचार' फैलाने वाले संगठनों के पास पैसे व मानव संसाधनों का विशाल भंडार था, उनकी पहुंच सारी दुनिया में थी और वे अपने उद्देश्य पूरा करने के लिए सुसंगठित ढंग से काम करते थे। उनके पास सदस्यों व स्वयंसेवकों को निर्देशित करने के लिए टूलकिट, गाइडलाइन व यहां तक कि एप उपलब्ध हैं। स्वयंसेवकों और सदस्यों को इनका प्रयोग गैर-ईसाइयों व उनके सामाजिक क्षेत्रों तक पहुंचने के लिए करना सिखाया जाता है। परिभाषा के अनुसार सुसमाचार संगठनों का उद्देश्य लोगों का ईसाइयत में धर्मांतरण कराना है।

हमारे देश में लागू पंथनिरपेक्ष संविधान के अनेक प्राविधानों के बावजूद ऐसे संगठन आज भी भारत में काम कर रहे हैं। राजनीतिक स्वतंत्रता प्राप्त करने के सात दशक से भी अधिक बीतने के बावजूद आज भी ब्रिटिश राज की यह सड़न भरी प्रवृत्ति हमारे बीच व्याप्त है। इस प्रवृत्ति को जल्दी से जल्दी छोड़ना जरूरी है। धर्मांतरण को कठोरतापूर्वक विधिक रूप से प्रतिबंधित कर ही हम सच्चा पंथनिरपेक्ष भारतीय समाज बना सकते हैं। इसके लिए धर्मांतरण के सभी दबाव व धोखाधड़ी वाले रूपों तथा छद्म स्वरूपों के खिलाफ व्यापक हमला बोलना होगा। ऐसा करके ही भारत राष्ट्र औपनिवेशिक बंधनों से सचमुच मुक्त होगा तथा भारत माता अपनी विविधतापूर्ण समृद्धि के साथ साम्राज्य के अवशेषों से पूर्णतः मुक्त हो कर उठ खड़ी होगी।

## आप की बात

### शिक्षा व्यवस्था

**किसी** भी देश की प्रगति में उसकी शिक्षा व्यवस्था का बहुत बड़ा योगदान होता है। आज अमेरिका फ्रान्स, रूस, जापान आदि देश अगर अपनी जनता को अच्छा जीवन दे पा रहे हैं तो उसमें उनकी शिक्षा का अहम योगदान है।आज भारत भी तेज़ी से प्रगति के पथ पर अग्रसर है और दुनिया का नेतृत्व करने की क्षमता रखता है परंतु इसके लिए हमें स्वयं की शिक्षा व्यवस्था विकसित करनी होगी। आज भी हम अंग्रेजों द्वारा विकसित शिक्षा पर निर्भर है। जहाँ हम शेक्स्पीयर, चार्ल्स डिकन्स, डेविड कॉपरफील्ड आदि को तो पढ़तें हैं, परंतु तुलसीदास, सूरदास रामधारी सिंह दिनकर, सुभद्रा कुमारी चौहान जिनकी 'खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थी' कविता उत्तर भारत के घर घर में गयी जाति है के बारे में बहुत कम जानते हैं।आज के विद्यार्थी पश्चिमी देशों के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए आविष्कारों के बारे में तो गर्व करते हैं परंतु आर्यभट्ट, ब्रह्मगुप्त, भास्कराचार्य, शुश्रुत आदि के द्वारा किए गए कार्यों के बेरे में जानते ही नहीं। एक समय नालंदा, तक्षशिला, ओदंतपुरी आदि विश्वविद्यालयों में सारी दुनिया से विद्यार्थी पढ़ने के लिए आते थे और यहां किए गए शोध व आविष्कार अपने समय से बहुत आगे थे।

– **पुनीत अरोड़ा**, मेरठ

### केवल पटाखों पर प्रतिबंध क्यों?

**दिल्ली** सरकार ने दिवाली पर पटाखे चलाने को प्रतिबंधित कर दिया है, साथ ही दिवाली नजदीक आते ही अन्य स्वघोषित बुद्धिजीवी वर्ग के लोग भी पर्यावरण प्रेमी हो गए हैं, वैसे भी आजकल पहले की भांति लोग त्यौहार नहीं मनाते, केवल बच्चे थोड़े बहुत पटाखे चलाकर मनोरंजन कर लेते हैं उससे भी दिक्कत है एक़ वर्ग को, ऐसा ही ज्ञान होली पर पानी की बर्बादी के विषय में भी दिया जाता है। इस सबसे हिन्दुओं की एक़ बड़ी आबादी को समस्या होती है। परन्तु सहिष्णु होने के चलते ये समाज मुखर विरोध नहीं कर पाता, परन्तु मन मस्तिष्क में सब रखता है। अंग्रेजी नव वर्ष पर, किसी राजनैतिक दल की जीत पर और अन्य कई अवसरों पर पटाखे ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, केवल दिवाली एकमात्र ऐसा अवसर है जब सर्वाधिक प्रदुषण पटाखों से होता है। राजनैतिक दलों और न्यायालयों को यदि प्रतिबन्ध ही करना है तो एक़ बार ही प्रदूषण फैलाने वाले,देश के हर वर्ग के त्योहारों की सूची तैयार कर ली जाए और सभी को प्रतिबंधित कर देना चाहिए, क्योंकि अन्य कई ऐसे त्यौहार हैं जिनसे बेतहाशा प्रदूषण झेलना पड़ता है देश को। अन्यथा समाज में विद्वेष उत्पन्न होता है।

– **मनोज**, मेरठ

### बयान पर विवाद

**बिहार** पीरपैंती विधानसभा सीट से भाजपा विधायक ललन पासवान द्वारा एक चैनल में दिए गए बयान पर विवाद हो रहा है । उन्होंने धन की देवी लक्ष्मी जी, ज्ञान की देवी सरस्वती जी व बजरंगबली को लेकर कहा है कि अगर मुस्लिम लोग लक्ष्मी जी व सरस्वती जी को नहीं पूजते हैं, तो क्या मुसलमानों में करोड़पति व पढ़े लिखे, विद्वान लोग नहीं है। ताकत के देवता बजरंगबली का अमेरिका में मंदिर नहीं है तो क्या वह शक्तिशाली देश नहीं है। उन्होंने कहा है कि यह सबकुछ मानने पर हैं, मानो तो देव नहीं तो पत्थर, मानो तो गंगा मां, नहीं तो बहता पानी। अगर तर्क की दृष्टि से देखा जाए तो उन्होंने इसमें कुछ भी गलत नहीं कहा है। वैसे भी, सभी धर्मों में अपनी अपनी मान्यताओं के अनुसार ईश्वर या अन्य जो भी है उनको मानते व पूजते हैं। फिर इस बयान को लेकर विवाद समझ से परे है। अतः ऐसे बयानों को निरर्थक रूप से तूल नहीं दिया जाना चाहिए। मूल भाव व उसके सार को समझना चाहिए।

– **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**कांग्रेस** अध्यक्ष के रूप में नई जिम्मेदारी मिलने पर श्री मल्लिकार्जुन खड़गे जी को मेरी शुभकामनायें।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**हम** कुछ महीनों में लाखों लोगों को लामबंद करने में सफल हुए हैं। मैंने कभी इसकी कल्पना नहीं की थी।

– **ग्रेटा थुनबर्ग**
पर्यावरणवादी



**मैंने** कभी जे. जयललिता के इलाज में हस्तक्षेप नहीं किया। मुझे रिपोर्ट में लगाए आरोप मंजूर नहीं हैं। मैं किसी भी जांच के लिए तैयार हूं।

– **वी.के. शशिकला**
जयललिता की पूर्व सहायक

मुख्यमंत्री फेलोशिप

# चयनित शोधार्थियों को सरकारी सेवा में मिलेगी वरीयता

● नवचयनित शोधार्थियों को मुख्यमंत्री ने टेबलेट बांटे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि सीएम फेलोशिप कार्यक्रम के तहत चयनित सभी 100 शोधार्थियों में से जो भी बाद में शासकीय सेवा में आना चाहेगा उनको एक निश्चित वेटेज एवं आयु में रिलैक्सेशन देने का कार्य किया जाएगा, क्योंकि इनके पास कार्य का एक अनुभव भी हो चुका होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नगर विकास व अन्य क्षेत्रों में भी इसी प्रकार से शोधार्थियों को जोड़ने का कार्य किया जाए। मुख्यमंत्री शुक्रवार को लोकभवन में सीएम फेलोशिप कार्यक्रम के तहत नवचयनित शोधार्थियों को टैबलेट वितरित करने के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने नवचयनित 100 शोधार्थियों में से 5 शोधार्थियों श्वेता सिंह, नेहा सेठ, समर्थ शर्मा, पंकज वर्मा, उपकारी नाथ त्रिपाठी को अपने हाथों से टैबलेट वितरित किया। योगी ने कहा कि आज का दिन उत्तर प्रदेश के ग्रामीण विकास की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। प्रदेश के ऐसे विकास खंड जो विकास की प्रक्रिया में पीछे छूट गए, उनमें से 100 आकांक्षात्मक विकास खंडों का चयन करके उन्हें सामान्य विकास खंड की तर्ज पर विकसित किये जाने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए सीएम फेलोशिप कार्यक्रम के तहत 100 नवचयनित शोधार्थियों की तैनाती की जा रही है। यह शोधार्थी प्रदेश की विकास यात्रा में सहभागी बनेंगे। उन्होंने कहा कि 100 नवचयनित शोधार्थी जिनकी आज प्रदेश के 100 आकांक्षात्मक विकास खण्डों में तैनाती की जा रही है। उन्हें इन विकास खण्डों को एक नई ऊंचाई तक पहुंचाना है। उन्होंने सभी 100 नवचयनित शोधार्थियों को विकास खण्डों में जाकर अपने कौशल का परिचय देने हेतु शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा वर्ष 2018 में महत्वाकांक्षी जनपद कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया था। इसके अन्तर्गत देश के 112 सबसे कम विकसित जनपदों का चयन नीति आयोग द्वारा आकांक्षात्मक जनपद के रूप में किया गया। इन आकांक्षात्मक जनपदों के लिए कुछ पैरामीटर तय किए गए थे। देश के 112 आकांक्षात्मक जनपदों में 8 जनपद उत्तर प्रदेश के हैं। इन 8 आकांक्षात्मक जनपदों को सामान्य जनपदों की तर्ज पर आगे बढ़ाने का कार्य करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा नीति आयोग के साथ बैठक की गयी। प्रदेश मंत्रिमण्डल के सदस्यों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी। समीक्षा बैठक के दौरान यह निश्चित किया गया कि इन आकांक्षात्मक जनपदों में मैनपावर एवं अधिकारियों की कमी न हो। स्किल डेवलपमेंट के कार्यक्रम चलाए गए। इसके परिणामस्वरूप देश के कुल 112 आकांक्षात्मक जनपदों में से शीर्ष 10 महत्वाकांक्षी जनपदों में प्रदेश के 6 जनपद तथा शीर्ष 20 महत्वाकांक्षी जनपदों में प्रदेश के सभी 8 जनपद सम्मिलित हैं। प्रदेश के 34 जनपदों में स्थित इन 100 आकांक्षात्मक विकास खण्डों के विकास के लिए सम्बन्धित जनपद के मुख्य विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

## साढ़े चार साल में भी नहीं पूरा हो सका कायाकल्प का लक्ष्य

● योजना में परिषदीय विद्यालयों के चारों ओर बननी थी बाउंड्री वाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**परिषदीय** विद्यालयों की सूरत संवारने के लिए साढ़े चार वर्ष पूर्व शुरू की गयी कायाकल्प योजना अभी भी लक्ष्य से दूर है। हालात यह है कि प्रदेश के सभी प्राथमिक विद्यालय अभी तक सुरक्षित नहीं हो पाए हैं, क्योंकि प्रदेश के करीब 23 हजार विद्यालयों के पास अभी तक अपनी बाउंड्री वाल नहीं है।

वर्ष 2018 में प्रदेश सरकार की तरफ से परिषदीय विद्यालयों में आधारभूत संसाधन उपलब्ध कराने के लिए कायाकल्प योजना शुरू की गयी थी। योजना के तहत कक्षा एक से लेकर कक्षा आठ तक के प्रदेश के सभी विद्यालयों में गुणवत्तायुक्त पढ़ाई और परिसर का सौन्दर्यीकरण के लिए सम्पूर्ण व्यवस्था की जानी थी। इसमें भवन निर्माण और बाउंड्री वाल से लेकर अन्य संसाधन उपलब्ध कराना है। यह योजना को अगले वर्ष 2013 मार्च पूरा होना है लेकिन अभी तक कायाकल्प योजना के तहत विद्यालयों में काफी काम होना बचा है। इसमें विद्यालयों को सुरक्षित करने के लिए बनने वाली बाउंड्री वाल भी शामिल हैं। बेसिक शिक्षा विभाग के अनुसार योजना के खत्म होने में मात्र पांच माह बचे हैं, लेकिन अभी तक प्रदेश के कक्षा एक से लेकर कक्षा आठ तक के करीब 23 हजार विद्यालय परिसर की बाउंड्री वाल नहीं बनी है। बाउंड्री वाल मनरेगा के तहत बनाई जानी है। इसको लेकर पंचायती राज विभाग के साथ कई बैठक हो चुकी है, लेकिन अभी तक बाउंड्री वाल बनने का काम शुरू नहीं हुआ है।

## राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने धनतेरस पर प्रदेशवासियों को दी हार्दिक बधाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्यपाल** आनंदीबेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को धनतेरस की हार्दिक बधाई देते हुए उनकी सुख-समृद्धि की मंगल कामना की है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने पांच दिवसीय प्रकाशपर्व धनतेरस, छोटी दीवाली, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाई दूज के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए ईश्वर से उनकी सुख-समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की। अपने शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में अर्थ सहित चार प्रकार के पुरुषार्थ बताए गए हैं। धनतेरस इसी का द्योतक है। उन्होंने भरोसा जताया कि प्रदेश में अन्त्योदय की भावना के अनुरूप समाज के अंतिम व्यक्ति को भी सुख-समृद्धि प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के दिन वैद्यगण भगवान धन्वंतरि का पूजन करते हैं। सर्वविदित है कि अच्छे स्वास्थ्य के माध्यम से ही सुख एवं समृद्धि पायी जा सकती है। इसलिए धनतेरस एवं धन्वंतरि जयंती के अवसर पर अर्थ के साथ-साथ अच्छे स्वास्थ्य को प्राप्त करने का भी संकल्प लिया जाना चाहिए, जिससे एक स्वस्थ एवं समृद्ध समाज निर्मित हो सके। मुख्यमंत्री ने लोगों से कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत सभी सावधानियां बरतते हुए धनतेरस एवं धन्वंतरि जयंती मनाने की अपील की है।

## मतांतरित अनुसूचित जनजातियों के आरक्षण पर लगे रोक: वीएचपी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**विश्व** हिन्दू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता विजय शंकर तिवारी ने कहा कि मतांतरित जनजातियां दोहरे लाभ ले रही हैं। यह जनजातियों को मिलने वाले आरक्षण के अलावा अल्पसंख्यक आधार पर भी सुविधाएं प्राप्त करती हैं। जनजातीय आरक्षण का 80 प्रतिशत लाभ 18 फीसद मतांतरित जनजाति उठा रही हैं और 82 प्रतिशत वास्तविक जनजाति केवल 20 प्रतिशत लाभ ही ले पा रही है। तिवारी शुक्रवार को जियामऊ स्थित विश्व संवाद केन्द्र में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे।

राष्ट्रीय प्रवक्ता ने बताया कि ईसाई मिशनरी व मौलवी जो अपने पंथ में सामाजिक समानता का दावा करते हैं इस मांग को 1936 से लगातार बढ़ी प्रबलता के साथ उठाते हुए सामाजिक समानता के अपने दावे को स्वयं ही बार-बार ध्वस्त करते रहे हैं। ईसाई मिशनरी इस अनुचित मांग के लिए सड़क और संसद के अलावा न्यायपालिका में भी सक्रिय रहे ह, परन्तु न्यायपालिका ने उनकी मांग को ठुकरा दिया। तिवारी ने 30 सितंबर 1985 के एक मामले का उदाहरण देते हुए बताया कि सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट निर्देश दिया था कि संविधान आदेश 1950 और इसमें किये गये संशोधन संविधान सम्मत हैं। हिन्दू , सिख व बौद्ध अनुसूचित जाति के अलावा किसी को भी यह आरक्षण नहीं दिया जा सकता। वर्ष 2004 में भी सर्वोच्च न्यायालय में सीपीआईएल एवं अन्य के द्वारा दायर की गयी ऐसी ही एक याचिका जो अभी तक लंबित है, के संदर्भ में केन्द्र सरकार ने स्पष्ट कहा था कि इस्लाम और ईसाई मतों में मतांतरित अनुसूचित जाति को आरक्षण की मांग न्याय संगत नहीं है। विहिप प्रवक्ता ने कहा कि मतांतरित लोगों को अगर आरक्षण की सुविधा दी गयी तो अनुसूचित समाज जिसके लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया है वे उससे पूर्ण रूप से वंचित हो जाएंगे।

## सपा के लाल बिहारी यादव की याचिका खारिज

विधि संवाददाता। लखनऊ

**सपा** नेता व विधान परिषद सदस्य लाल बिहारी यादव की उस याचिका को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने खारिज कर दिया है, जिसमें विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष पद की उनकी मान्यता समाप्त करने के आदेश को चुनौती दी गई थी। पीठ ने कहा है कि नेता प्रतिपक्ष का पद याचिकाकर्ता का अधिकार नहीं है क्योंकि संबंधित कानून में ऐसे किसी पद को मान्यता देने का प्राविधान नहीं है। जस्टिस एआर मसूदी एवम जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ला की पीठ ने यह आदेश पारित किया है। याचिका में कहा गया था कि वर्ष 2020 से याचिकाकर्ता विधान मंडल के उच्च सदन का निर्वाचित सदस्य है। इसी वर्ष 27 मई को उसे विधान परिषद का नेता प्रतिपक्ष बनाया गया था। लेकिन सात जुलाई को प्रमुख सचिवए विधान परिषद ने एक नोटिफिक्शन जारी करते हुए नेता प्रतिपक्ष के तौर पर उनकी मान्यता समाप्त कर दी।

## छात्राओं के स्कूल परीक्षा केन्द्र बने तो मिलेगी स्वकेन्द्र की सुविधा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● वर्ष 2023 में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षाओं को लेकर केन्द्र निर्धारण की नियमावली जारी

**वर्ष** 2023 में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षाओं को लेकर शासन स्तर पर केन्द्र निर्धारण की नियमावली जारी कर दी गयी है। जारी नियमावली के मुताबिक यदि छात्राओं के स्कूल परीक्षा केन्द्र बनाये जाते हैं तो फिर उन्हें स्वकेन्द्र की सुविधा उपलब्ध होगी। वहीं स्व स्कूल के परीक्षा केन्द्र नहीं बनने की स्थिति में छात्राओं सहित दिव्यांग छात्रों के सेंटर पांच किमी की परिधि में आने वाले विद्यालयों को ही बनाया जायेगा।

इसी तरह छात्रों का परीक्षा केंद्र उनके विद्यालय से यथासंभव पांच से दस किमी की परिधि में होगा। यदि दस किमी में विद्यालय नहीं है तो छात्र का विद्यालय से 15 किमी की परिधि में स्थित नजदीकी विद्यालय में परीक्षा केंद्र होगा। इसके अलावा 40 प्रतिशत स्थायी दिव्यांगता वाले छात्र, छात्राओं को भी यदि उनका विद्यालय केंद्र होगा तो परीक्षण के बाद स्वकेंद्र परीक्षा की अनुमति मिलेगी। अन्यथा ऐसे दिव्यांग छात्र, छात्राओं को नजदीकी परीक्षा केंद्र में समायोजित किया जाएगा। शासन स्तर पर जारी नीति में परीक्षा केंद्र के चयन से लेकर निर्धारण व आवंटन तक की प्रक्रिया घोषित की गई है। इसके तहत केंद्रों का निर्धारण ऑनलाइन व्यवस्था से किया जाएगा। इसके लिए राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों व वित्तविहीन विद्यालयों की अलग.अलग मेरिट सूची तैयार की जाएगी। निर्देशों के तहत विषम भौगोलिक परिस्थिति व विद्यालय की अनुपलब्धता को देखते हुए हाईस्कूल के परीक्षार्थियों को कम दूरी वाले निकटस्थ केंद्र पर व इंटरमीडिएट परीक्षार्थियों को दूर का निकटस्थ परीक्षा केंद्र आवंटित किया जाएगा। परीक्षा केंद्र बनने वाले विद्यालय में प्रवेश द्वार से लेकर प्रत्येक शिक्षण कक्षए स्ट्रांग रूम आदि में वायस रिकार्डर युक्त सीसीटीवी कैमरा व 30 दिन की रिकार्डिंग क्षमता वाला डीवीआर जरूरी होगा। साथ ही वेबकास्टिंग से मॉनीटरिंग के लिए राऊटर डिववाइस व हाईस्पीड इंटरनेट कनेक्शन अनिवार्य होगा। केंद्र पर प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के लिए दो डबल लॉक अलमारी व उत्तर पुस्तिकाओं की सुरक्षा के लिए दो लोहे की डबल लॉक अलमारियों सहित स्ट्रॉग रूम की उपयुक्त व्यवस्था अनिवार्य होगी। केंद्र के चारों ओर सुरक्षित चहारदीवारी व मुख्य प्रवेश द्वार पर लोहे के गेट की व्यवस्था जरूरी होगी।

## लखनऊ में डेंगू के 32 व कारोना के 5 मरीज मिले

**लखनऊ।** प्रदेश में 31 अक्टूबर तक चलाये जा रहे संचारी माह अभियान के बावजूद मच्छरजनित बीमारियों पर अंकुश पाने में स्वास्थ्य विभाग नाकाम दिख रहा है। स्थिति यह है कि डेंगू के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। शुक्रवार को लखनऊ में डेंगू के 32 नये मरीज मिले हैं, जबकि कोरोना के 5 मरीज सामने आये हैं। जिन क्षेत्रों में आज डेंगू के मरीज सामने आये हैं, उनमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के तहत अलीगंज में 8, बीकेटी में 1, इन्दिरानगर में 4, एनके रोड इलाके में 3, चन्दरनगर में 7, सरोजनीनगर में 4, टूडियागंज में 3, सिल्वर जुबली में 2 केस पाए गए। आज लगभग 1443 घरों एवं आस.पास मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया गया और कुल 15 घरों में मच्छरजनित स्थितियां पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया।

## दीपावली पर नहीं थमेंगे रोडवेज बसों के पहिए 31 तक सभी चालकों-परिचालकों की छुट्टियां रद्द

● ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों को नकद राशि देकर प्रोत्साहित करेगी सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश सड़क परिवहन निगम ने दीपावली पर्व के चलते घर लौटने वाले लाखों यात्रियों को बड़ी राहत दी है। त्योहारी सीजन में प्रदेश के नागरिक सुरक्षित अपने गंतव्य को पहुंच सकें इसके लिए योगी सरकार ने 31 अक्टूबर तक यूपी रोडवेज के सभी चालकों व परिचालकों की छुट्टियां रद कर दी हैं। यही नहीं बिना छुट्टी काम करने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहन के तहत नकद राशि इनाम में दी जाएगी। इसके तहत चालक और परिचालकों को निर्धारित किमी पूरे करने होंगे। योगी सरकार की इस योजना से न सिर्फ यात्रियों का बल्कि रोडवेज के चालक-परिचालक का भी फायदा होगा। दीपावली पर्व पर बड़ी संख्या में रोडवेज चालक व परिचालक छुट्टी पर रहते हैं। त्योहार पर कई बार चालक व परिचालक एक-एक हफ्ते तक भी ड्यूटी पर नहीं आते। ऐसे में उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन निगम ने सरकार के निर्देश पर अपने कर्मियों को ड्यूटी पर लाने व बसों के सुचारू संचालन के लिए प्रोत्साहन राशि देने का फैसला लिया है। 22 से 31 अक्टूबर तक चलने वाली प्रोत्साहन योजना में यूपी रोडवेज के चालकों, परिचालकों और डिपो कर्मचारियों का अवकाश निरस्त कर दिया है। योजना के दौरान वेतन से अलग से दस दिन ड्यूटी करने वाले रोडवेज के चालकों, परिचालकों को तीन हजार किलोमीटर दूरी तय करने पर चार हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि मिलेगी जबकि नौ दिन में 2700 किमी की दूरी तय करने पर 3150 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

## पीसीएस वर्ष 2021 में संस्कृत संस्थान के चार छात्रों ने हासिल की सफलता

● उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान संचालित कराता है नि:शुल्क सिविल सेवा कोचिंग एवं मार्गदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश के भाषा विभाग के प्रमुख सचिव जितेंद्र कुमार द्वारा शुक्रवार को इंदिरा भवन स्थित संस्कृत संस्थान में उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ द्वारा संचालित सिविल सेवा निशुल्क प्रशिक्षण मार्गदर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष-2021 के यूपी पीसीएस की परीक्षा में संस्कृत विषय के साथ चयनित अभ्यर्थियों और संस्थाओं की योजनाओं के संदर्भ में आयोजित प्रेस वार्ता में संस्थान की उपलब्धियों एवं योजनाओं की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि संस्थान द्वारा संस्कृत भाषा की उन्नति एवं प्रसार हेतु अनेकानेक कार्य किए जा रहे हैं।

प्रमुख सचिव ने बताया कि उत्तर प्रदेश पीसीएस वर्ष-2021 में उप्र प्रदेश संस्कृत संस्थान द्वारा संचालित नि:शुल्क सिविल सेवा कोचिंग एवं मार्गदर्शन में अध्ययनरत् छात्रों में से 04 छात्रों में से अनुराधा रानी ने डिप्टी कलेक्टर, चंचल त्यागी ने डिप्टी एसपी, देवेश पाण्डेय ने नायब तहसीलदार, तथा वेद प्रकाश सिंह नेनायब तहसीलदार का प्रद प्राप्त किया है। इनके अलावा यूपी संस्कृत संस्थान द्वारा विगत वर्षों में उत्तर प्रदेश पीसीएस एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में 15 छात्रों ने सफलता प्राप्त की। इस प्रकार नि:शुल्क सिविल सेवा कोचिंग एवं मार्गदर्शन में अध्ययनरत् छात्रों में से कुल 19 ने अब तक सफलता प्राप्त की है। प्रमुख सचिव ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से यूपी संस्कृत संस्थान द्वारा कई नवीन अन्य योजनाएं संचालित की जा रही हैं। ऑनलाईन सरल संस्कृत सम्भाषण एवं आवासीय प्रशिक्षण योजना के तहत यूपी संस्कृत संस्थान द्वारा एक मिस्ड कॉल नं0.9522340003 जारी किया गया है।

## देश की साख व अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए न किए जाएं कोरे वादे: प्रमोद तिवारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा है कि ब्रिटिश की प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने मात्र 45 दिन के संक्षिप्त कार्यकाल के बाद अपना त्याग पत्र दे दिया है जो किसी ब्रिटिश प्रधानमंत्री का सबसे संक्षिप्त कार्यकाल रहा है। त्याग पत्र देने का कारण उन्होंने सिर्फ इतना बताया कि उन्होने अपने चुनाव के समय जनता से जो वायदे किए थे उसे पूरा नहीं कर पाईं और इसीलिए उन्होंने त्याग पत्र दे दिया है।

तिवारी ने कहा है कि भारत मे आजादी मिलने के बाद ब्रिटिश संसदीय प्रणाली को ही अंगीकृत करते हुए और उसी को आधार मानते हुए उसकी परम्पराओं को स्वीकार किया था। दोनों सदनों मे कई बार संसदीय प्रणाली के सबसे बड़े ज्ञाताओं को और खासकर श्रद्धेय स्व. अटल बिहारी बाजपेयी को उद्धत करते देखा था, सुना था और पढ़ा भी था। लालकृष्ण आडवानी भी उसी राह पर चलते थे। तत्कालीन सरकार की आलोचना भी करते थे और त्यागपत्र की मांग भी करते थे किन्तु आज की बदली हुई भाजपा से मैं यह उम्मीद तो नही करता कि भाजपा का नेतृत्व त्यागपत्र दे देगा और मैं उससे नैतिकता की भी कोई उम्मीद नही करता परन्तु देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और डालर के मुकाबले रुपए की गिरती हुई साख की याद तो दिला ही सकता हूं। तिवारी ने कहा कि देश सर्वोपरि है और राष्ट्रहित सबसे ऊपर है। ईमानदारी के साथ परम्पराऐ का पालन किया जाय तथा देश की साख एवं अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए कोरे वायदे न किए जाएं। अब कुछ आवश्यक कदम उठाने की जरूरत है। देश की 130 करोड़ जनता की परेशानियों की तरफ ध्यान दिया जाए।

## दिवाली पर अलर्ट पर रहेंगी 108 एम्बुलेंस सेवाएं

**लखनऊ।** दिवाली के मौके पर 108 एवं 102 एम्बुलेंस अलर्ट मोड पर रहेंगी। एम्बुलेंस सेवा प्रदाता संस्था ने सभी एम्बुलेंसों को 24 घंटे अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश के सभी जिलों में 108 एम्बुलेंस 24 घंटे लोगों की सेवा के लिए उपलब्ध रहेंगी। कोई भी व्यक्ति 108 नम्बर पर कॉल करके एम्बुलेंस सेवा का लाभ ले सकता है। उत्तर प्रदेश में 108 एवं 102 एम्बुलेंस सेवा प्रदाता संस्था ईएमआईआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट टीवीएसके रेड्डी ने बताया कि दिवाली पर मरीजों को तुरंत एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अलर्ट जारी किया गया है। 108 सेवा की सभी 2200 एंबुलेंस मरीजों की सेवा के लिए 24 घंटे तैयार रहेंगी। सभी एंबुलेंसों में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## प्रदेश के गन्ना किसानों को मिला दीपावली का उपहार

● सहकारी चीनी मिलों के गन्ना किसानों के खाते में पहुंचेंगे 133.34 करोड़ रुपए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**दीपावली** के अवसर पर उत्तर प्रदेश की सहकारी चीनी मिलों के गन्ना किसानों के लिए सुखद समाचार है। मुख्यमंत्री, उप्र द्वारा गन्ना कृषकों को तत्काल गन्ना मूल्य भुगतान कराए जाने के लिए विशेष व्यवस्था के अन्तर्गत दिए गए निर्देशों के क्रम में उप्र शासन द्वारा किसानों के बकाया गन्ना मूल्य भुगतान के लिए 133.34 करोड़ रुपए की धनराशि अवमुक्त कर दी गई है। यह धनराशि सीधे किसानों के खाते में जाएगी।

इसके लिए गन्ना मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने सहकारी चीनी मिलों से जुड़े गन्ना किसानों के हित में मुख्यमंत्री से अनुरोध किया गया था। पेराई सत्र 2021-22 के बकाया गन्ना मूल्य के भुगतान के लिएवर्तमान वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट अर्न्तगत प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष यह ऋण स्वीकृत किया गया है। गन्ना मूल्य भुगतान के लिए की गई त्वरित व्यवस्था के लिए गन्ना मंत्री द्वारा मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया गया है। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास संजय आर. भूसरेड्डी ने बताया कि किसानों को त्वरित गन्ना मूल्य भुगतान कराने के लिए सरकार संकल्पबद्ध है और गन्ना मूल्य भुगतान के लिए उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्राविधानित 1000.00 करोड़ रुपए के सापेक्ष अवशेष धनराशि की अन्तिम किश्त 133.34 करोड़ ऋण वित्तीय सहायता के रूप में प्रदान की गई है। यह धनराशि सहकारी मिलों को आवंटित कर सीधे गन्ना किसानों के खातों में ट्रांसफर की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि आयुक्त एवं अपर मुख्य सचिव चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग के स्तर से चीनी मिलों द्वारा किसानों को किए जा रहे गन्ना मूल्य भुगतान की स्थिति की सतत् समीक्षा की जा रही है। अब तक कुल 179776.00 करोड़ रुपए का रिकार्ड गन्ना मूल्य भुगतान किसानों को किया जा चुका है।

## 7414 मीट्रिक टन हुई धान की खरीद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को उनकी उपज का वाजिब मूल्य दिलाने के उद्देश्य से किसानों से समर्थन मूल्य 2040 रूपये प्रति कुन्तल कॉमन धान तथा 2060 रूपये प्रति कुंतल ग्रेड 'ए' धान की निर्धारित दर से सीधे खरीद की जा रही है। खरीफ क्रय वर्ष 2022-23 में अब तक 7414.38 मीट्रिक टन धान किसानों से क्रय किया गया है। खाद्य एवं रसद विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस योजना से अब तक 1318 किसान लाभान्वित हुए हैं। खाद्य एवं रसद विभाग की विभागीय पर धान विक्रय के लिए किसानों के पंजीकरण की व्यवस्था ऑनलाइन उपलब्ध है। किसान किसी भी सहायता के लिए टोल फ्री नंबर 1800-1800-150 या संबंधित जनपद के जिला खाद्य विपणन अधिकारी, तहसील के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी या ब्लॉक के विपणन निरीक्षक से संपर्क कर सकते हैं।

## हिमाचल चुनाव को लेकर बसपा ने जारी की 40 स्टार प्रचारकों की सूची

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बसपा** प्रमुख मायावती ने हिमाचल प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी की है। जारी सूची में 40 लोगों को शामिल किया गया है। सूची में मायावती के भतीजे व नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद का भी नाम शामिल है। पार्टी की तरफ से जारी स्टार प्रचारकों की सूची में राजाराम, रणधीर सिंह बेनीवाल, अवतार सिंह करीमपुरी,डॉक्टर नछत्रपाल एमएलए नवांशहर, दया चंद, सुमरित सिंह,जसवीर सिंह, एसआर मज्होत्रा, अजीत सिंह भैहनी,भगवान सिंह चौहान, गुरलाल सैहला, प्रवीण बंगा, कुलदीप सिंह सरदूलगढ़, बलविंदर कुमार, वरियाम सिंह, जसवंत राय, कांशीराम, विजय नायर, सुदेश कुमार खुर्जा, गुरनाम चौधरी, जगजीत सिंह छड़बड़, पवन कुमार कुंडल, गुरमुख सिंह, प्रकाश पाखी, दर्शन सिंह राणा, विक्रम नायर, सुरेश बाम्बी, रमेश भटोली, मोहनलाल साहनी, ज्ञान चंद भाटिया, प्रवीण कौशल, नरेंद्र कुमार एडवोकेट, डॉक्टर धर्म सिंह भाटिया, राकेश बददन, सुरेश सैनी, लेखराज, दलजीत राय का नाम शामिल है।

## पीएम आगमन पर ड्यूटी करने वाले लोगों का होगा आरटीपीसीआर टेस्ट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**जिलाधिकारी** द्वारा ट्रांजिस्ट विजिट के तहत सुरक्षा व्यवस्थाओं पर बैठक की गयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा कानून व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए आवश्यक ड्यूटियों को लगाना और प्रबंधन किया जाए। डीएम द्वारा अमौसी एयरपोर्ट , वीवीआईपी गेस्ट हाउस और वीआईपी गेस्ट हाउस पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने के निर्देश दिए गए। वीवीआईपी आवागमन मार्गों पर नगर निगम और लोक निर्माण विभाग द्वारा बैरिकेडिंग की व्यवस्थाएं कराने के निर्देश दिए। वहीं, जिलाधिकारी द्वारा पीएम आगमन पर ड्यूटी कराने वाले लोगों की आरटीपीसीआर टेस्ट कराने के निर्देश दिए गए। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 23 अक्टूबर को लखनऊ में प्रस्तावित ट्रांजिस्ट विजिट के तहत सुरक्षा एवं आवश्यक व्यवस्थाओं को कराने के सम्बंध में बैठक की गईं। बैठक में जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण कार्य के दौरान कानून व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था कराने के लिए आवश्यक ड्यूटियों को लगाने व अन्य आवश्यक प्रबन्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देश दिया कि अमौसी एयरपोर्ट सहित वीवीआईपी गेस्ट हाउस और वीआईपी गेस्ट हाउस पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कराई जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया गया कि लखनऊ एयरपोर्ट आगमन के बाद प्रधानमंत्री हेलीकॉप्टर द्वारा अयोध्या के लिए प्रस्थान करेंगे, लेकिन फि र भी प्रधानमंत्री के आगमन के तहत वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था को भी सुनिश्चित कराया जाए। ज़िलाधिकारी ने निर्देश दिए कि वैकल्पिक मार्ग की मरम्मत, झाड़ियों की साफ सफाई और डिवाइडर आदि की पेंटिंग आदि का कार्य कराया जाए।

## पहला व महमूदाबाद ब्लाक प्रमुख का मामला...

# अविश्वास प्रस्ताव लाए जाने की बैठक की तिथि फिर से निर्धारित

- **उच्च न्यायालय के आदेश के बाद अविश्वास प्रस्ताव की बैठक की तिथियां घोषित, डीएम अनुज सिंह ने पहला और महमूदाबाद में फिर अविश्वास की तिथि घोषित की, पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रवीण वर्मा की रिट पर हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच का आया आदेश**
- **पहला और महमूदाबाद ब्लाक प्रमुखों के विरूद्ध 29 अक्टूबर को बीडीसी की होगी बैठक, पहले घोषित हुई अविश्वास प्रस्ताव की बैठक की तिथियों को किया जा चुका है निरस्त**

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर के** चर्चित ब्लाकों महमूदाबाद और पहला में ब्लाक प्रमुखों के खिलाफ एक बार फिर अविश्वास प्रस्ताव लाए जाने की बैठक की तिथियों को जिलाधिकारी अनुज सिंह ने घोषित कर दिया है। उच्च न्यायालय के आदेश के क्रम में फिर से एक बार इन दोनो ब्लाकों में अविश्वास प्रस्ताव को लेकर क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक होगी। अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान भी होगा, लेकिन मतपेटिकाओं को उच्च न्यायालय के अग्रिम आदेशों के पहले खोला नहीं जा सकेगा। साथ ही अभी तक यह स्थिति तय नहीं हो सकी है कि अविश्वास प्रस्ताव कुल बीडीसी सदस्यों की संख्या के 50 प्लस पर पास होगी या नए नियम दो तिहाई बहुमत जुटाने के बाद ही पास होगी। इन दोनो ब्लाकों के ब्लाक प्रमुखी के अविश्वास का पेंच कानूनी जंग में उलझता जा रहा है, अभी मामला हाईकोर्ट तक पहुंचा है, विरोधी खेमा सुप्रीम कोर्ट तक मामले को ले जाने की तैयारी कर रहा है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि मिनी विधायक कहे जाने वाला ब्लाक प्रमुख का पद कितना मलाईदार हो चुका है कि उस पर काबिज पद को खोने नहीं देना चाहता है और पाने की चाहत रखने वाला किसी भी हद तक जा सकता है। दरअसल सीतापुर के 19 विकास खंडो में से 16 विकास खंडो पर भाजपा के ब्लाक प्रमुख काबिज है। एक ब्लाक प्रमुख निर्दलीय है, जबकि महमूदाबाद और पहला में समाजवादी पार्टी के ब्लाक प्रमुख है। पहला के ब्लाक प्रमुख अजय यादव सत्ता के तमाम प्रयासों के बावजूद एक वोट से जीतने में सफल रहे थे, महमूदाबाद के ब्लाक प्रमुख मुकेश वर्मा के प्रभाव के आगे भाजपा का प्रत्याशी टिक ही नहीं सका था। इन दोनो ब्लाकों में सपा के पूर्व विधायक नरेन्द्र वर्मा का प्रभाव माना जाता है। भाजपा ने सपाई ब्लाक प्रमुखों को हटाने के लिए 29 सितम्बर को बीडीसी की जिलाधिकारी अनुज सिंह के सामने परेड कराई थी। पार्टी के जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, महमूदाबाद से विधायक आशा मौर्या ने बीडीसी सदस्यों के साथ पहुंचकर हस्ताक्षर युक्त शपथ पत्र जिलाधिकारी को सौंपे थे। जिलाधिकारी ने 1 अक्टूबर को नोटिस जारी कर अविश्वास प्रस्ताव को लेकर 18 अक्टूबर को पहला में और 20 अक्टूबर को महमूदाबाद में बीडीसी सदस्यों की बैठक निर्धारित की थी। यह अविश्वास प्रस्ताव पहला में प्रवीण वर्मा और महमूदाबाद में अनीता वर्मा द्वारा लाए जाने की पहल की गई थी। पहला में कुल 95 बीडीसी सदस्य है, 65 सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव लाने के प्रार्थना पत्र पर हस्ताक्षर किए है। इसी तरह महमूदाबाद में कुल 83 बीडीसी सदस्य है, 63 बीडीसी सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव लाने को लेकर प्रार्थनापत्र पर हस्ताक्षर किए है। लेकिन इसी बीच योगी सरकार ने अविश्वास प्रस्ताव को लेकर एक नया कानून बना दिया, जिसके तहत जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लाक प्रमुखों के विरूद्ध दो साल से पहले अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया जा सकता है। साथ ही दो तिहाई बहुमत होना अनिवार्य रहता है। पहले कुल सदस्य संख्या के मुकाबले 50 प्लस की संख्या जुटाकर अविश्वास लाया जा सकता था। इसी बीच अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की ओर से इस कानून का संशोधित शासनादेश जारी हो गया जिसको देखते हुए जिलाधिकारी अनुज सिंह ने आनन-फानन में पहला में 18 अक्टूबर और महमूदाबाद में 20 अक्टूबर को प्रस्तावित अविश्वास प्रस्ताव की बैठकों को निरस्त कर दिया, इसको लेकर पहला के पूर्व प्रवीण वर्मा उत्तर प्रदेश सरकार के विरूद्ध उच्च न्यायालय बेंच में एक रिट दाखिल कर दी, जहां से अविश्वास प्रस्ताव को लेकर बैठक कराने का आदेश जारी होने के बाद जिलाधिकारी अनुज सिंह ने पहला में 29 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से एसडीएम महमूदाबाद और महमूदाबाद में भी 29 अक्टूबर को ही सुबह 11 बजे से एसडीएम बिसवां की अध्यक्षता में बीडीसी सदस्यों की बैठक आहूत करने का निर्णय जारी करते हुए अविश्वास प्रस्ताव पर होने वाले मतदान की मुहरबंद मत पेटिका को टेऊजरी के डबल लॉक में उच्च न्यायालय के अग्रिम आदेशों तक सुरक्षित रखवाने के आदेश जारी किए है।

# सपा कार्यालय पर स्व. मुलायम सिंह यादव को दी गई श्रद्धांजलि

- **पूर्व रक्षामंत्री व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह को पदाधिकारियों ने किया याद**

संवाददाता। सीतापुर

**पूर्व रक्षामंत्री** मुलायम सिंह यादव की एक श्रद्धार्जंलि सभा का आयोजन सपा के जिला कार्यालय मे किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा पर सभी कार्यकर्ताओं ने पुष्पअर्पित कर उन्हें श्रद्धार्जंलि दी गई साथ ही जिले की सभी विधानसभाओं में श्रद्धार्जंलि सभा का आयोजन किया गया। पार्टी के जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव ने उनके कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नेताजी जैसा कोई नहीं बन सकता है, उनके निर्णय लिए गए निर्णय समाज के लिए लाभकारी रहे। इस मौके पर एमएलसी जासमीर अंसारी, पूर्व विधायक नगर राकेश राठौरर, सपा नेत्री गीता सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष शमीम कौसर सिद्दीकी, अशफाक खां, पूर्व जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र सिंह यादव, कार्यालय प्रभारी जयसिंह यादव, राबिन सिंह यादव, प्रदीप



सीतापुर-खैराबाद के एमजे पैलेस में अखिल भारतीय यादव महासभा ने मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि दी, इस मौके पर प्रमुख रूप से शिक्षाविद सुरेश यादव, चंचल यादव, जेपी सिंह, अशोक यादव उपस्थित रहे

सिंह पन्नू आदि ने अपने-अपने विचार रखे। इस मौके पर चन्द्रशेखर यादव, अंकित त्रिवेदी, मसूद आलम, शंकर यादव, विजय वर्मा, मदन लाल कनौजिया, धर्मेन्द्र राजवंशी, प्रवीण सैनी, दीपक सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे। उधर खैराबाद के एमजे पैलेस में अखिल भारतीय यादव महासभा ने मुलायम सिंह यादव को श्रद्धार्जंलि दी जिसमें शिक्षाविद सुरेश यादव, चंचल यादव, जेपी सिंह, अशोक यादव आदि ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धार्जंलि दी।

## पूर्व रक्षामंत्री मुलायम सिंह यादव को दी पूर्वमंत्री व विधायकों ने श्रद्धांजलि

**सीतापुर।** अपने करीबियों को अपने पुत्र और भाई की तरह स्नेह देना, हर आने वाले की पुरजोर मदद करना, गरीबों मजदूरों युवाओं, छात्रों, महिलाओं, किसानों, बैरोजगारों के हक और हूकूक की लड़ाई के लिए सदैव तत्पर रहना। अजीवन समाजवादी व्यवस्था की पैरोकारी और संघर्श करना। जी हां शुक्रवार को ऐसे ही तमाम शब्द श्रद्धांजलि सभा के बीच चर्चा में रहे। जनपद मुख्यालय सहित सीतापुर की सभी विधानसभा क्षेत्रों में सपा संरक्षक पूर्व रक्षामंत्री मुलायम सिंह यादव की स्मृति में श्रद्धांजलि सभाएं हुई। सपा के वरिश्ठ नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने अपने नेता और उनके कार्यों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। रेउसा संवाददाता के अनुसार सेउता विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सुपौली में सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। महमूदाबाद संवाददाता के अनुसार- महमूदाबाद में पूर्व मंत्री नरेन्द्र सिंह वर्मा के आवास पर सपा नेताओं कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व. मुलायम सिंह यादव के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। पूर्व मंत्री नरेन्द्र सिंह वर्मा ने कहा कि नेता जी एक .ड़ निष्चय वाले नेता थे। इस अवसर पर सपा विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष मो. कादिर, विनीत यादव, शरद मिश्र, ओमकार नाथ मौजूद रहे। महोली संवाददाता के अनुसार- महोली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पाताबोझ में पूर्व मुख्यमंत्री स्व. मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पूर्व एमएलसी आनंद भदौरिया, के पैतृक गांव पाताबोझ के अलावा महोली के बिहारी वाटिका लॉन में सपा के अलावा भाजपा और कांग्रेस नेताओं ने पहुंचकर दो मिनट का मौन रखा और चित्र पर फूल मालाएं चढ़ाए। इस मौके पर पूर्व एमएलसी आनंद भदौरिया, पूर्व विधायक महोली अनूप गुप्ता, सपा नेता अनूप गुप्ता, गौरव अग्निहोत्री, अतुल मिश्रा, रूद्र प्रताप सिंह, रोहित मिश्रा, कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष सुधीर पांडेय, सतीष अग्निहोत्री, सुशील चक्रवर्ती, अवनीष मिश्रा, श्रीष बाजपेई मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### संघर्ष से प्रतिकूल परिस्थितियों को अनुकूल बनाने वाले नेता थे मुलायम: डॉ. अश्विनी



**संडीला(हरदोई)।** वरिष्ठ सपा नेता डॉ अश्विनी सिंह ने सपा मुखिया एवं पूर्व मुख्यमंत्री स्व. मुलायम सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे एक ऐसे नेता थे जिन्होंनें संघर्ष करके प्रतिकूल परिस्थितियों को भी अनुकूल बनाने में सफलता प्राप्त की। वे एक ऐसे नेता थे जिन्होंनें काल पर भी अमिठ रेखा खींची। वरिष्ठ सपा नेता एवं पूर्व जिलाध्यक्ष शराफत अली की अध्यक्षता में आयोजित इस श्रद्धांजलि सभी में जनपद के वरिष्ठ सपा नेताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर बोलते हुए डॉ. अश्विनी सिंह ने कहा कि स्व मुलायम सिंह यादव समाजवाद के पुरोधा, डॉ. राममनोहर लोहिया के सिद्धांतों को अपने जीवन में साकार कर लगातार संघर्ष करने वाले नेता थे। उन्होंनें एक छोटे से गांव से राजनीति में सेवा का सफर शुरू किया और भले ही वे किसी कारणवश देश के प्रधानमंत्री पद को सुशोभित नहीं कर पाए लेकिन देश के रक्षामंत्री अवश्य बने और उनकी दूर दृष्टि के कारण ही भारतीय सेनाएं सामरिक रूप से अत्यंत कुशल और सक्षम बनीं। वे प्रदेश के तीन बार मुख्यमंत्री बने और तीनों ही बार उन्होंनें प्रदेश में ऐसे तमाम कार्य किए जिससे लाखों बेरोजगार युवकों को रोजगार मिलने के साथ साथ प्रदेश प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ा। उन्होंनें कहा कि नेता जी के अवसान से भारतीय राजनीति में जो स्थान रिक्त हुआ है उसकी भरपाई असंभव तो नहीं लेकिन कठिन अवश्य है। वरिष्ठ सपा नेता शराफत अली ने स्व0 नेताजी के संघर्ष के दिनों को याद करते हुए उन्हें ऐसा नेता बताया जो कि सारा जीवन संघर्ष के मार्ग पर चलता रहा और करोड़ों लोगों को यह संदेश दे गया कि सेवा ही सर्वोपरि है। श्रद्धांजलि सभा में जिलापंचायत सदस्य छत्रपाल सिंह छत्तर के अलावा वरिष्ठ सपा नेता वसीम वारसी, गजेन्द्र सिंह, मो0 आलम खां एडवोकेट, जिला पंचायत सदस्य सुरेश चन्द, अरमान अली, मो सलीम गाजी, जाकिर अली तथा सुल्तान अहमद आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### एलआईसी ने किया मेधावी छात्रों को पुरस्कृत



**संडीला(हरदोई)।** एलआईसी ने प्राथमिक विद्यालयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया। प्राथमिक विद्यालय जामू परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभांरभ खण्ड शिक्षाधिकारी श्रीमती सीमी निगार एवं एलआईसी शाखा प्रबंधक विश्वनाथ मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर सिद्धी देवी, नैन्सी, अंजली, वैष्णवी, अनामिका, हिमांशू, मुस्कान, आश्रवी, जीतू, राधिका, अवधेश, सलमान, माही, राजकमल, आदर्श और राज अहमद को शिक्षा एवं शिक्षणेत्तर गतिविधियों के क्षेत्र में प्रशस्ति पत्र एवं पदक देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खण्ड शिक्षाधिकारी सीमी निगार ने छात्र छात्राओं को और अधिक परिश्रम और लगन से अध्ययन करने का आह्वान किया। विद्यालय के प्रधान अध्यापक देवेन्द्र कुमार बाजपेयी ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में शिक्षक ज्ञानचन्द्र, अनीता मिश्रा, रजनी शंखवार, यदुवीर यादव समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### लड़कियों के सशक्तीकरण और समावेशन के लिए लॉन्च हुई 'एजुकेशन फॉर ऑल' स्कीम




**बरेली।** फ्लैगशिप नेशनल स्कॉलरशिप एक्जाम एएनटीएचई 2022 के तहत करीब 2,000 वंचित छात्रों और छात्राओं को स्कॉलरशिप और नीट एवं जेईई की निशुल्क कोचिंग देगा संस्थान । आकाश बायजूस के मैनेजिंग डायरेक्टर आकाश चौधरी ने बताया छात्रों, विशेषरूप से लड़कियों एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों एवं इकलौती लड़की वाले या सिंगल पैरेंट (मां) वाले परिवार के बच्चों को इस पहल से मिलेगा लाभ , इस प्रोजेक्ट के तहत चुने गए छात्र आकाश बायजूस की फ्लैगशिप स्कॉलरशिप परीक्षा नेशनल टैलेंट हंट एक्जाम दृ 2022 एएनटीएचई 2022 में हिस्सा लेंगे, जिसका आयोजन 5 से 13 नवंबर के बीच ऑनलाइन एवं ऑफलाइन मोड में पूरे देश में किया जाएगा ।एजुकेशन फॉर ऑल पहल के तहत मिलने वाली स्कॉलरशिप एएनटीएचई के तहत मिलने वाली सामान्य स्कॉलरशिप के अलावा होगी। पहले की ही तरह 13वें संस्करण यानी एएनटीएचई 2022 में सर्वश्रेष्ठ छात्रों को 100 प्रतिशत तक की छात्रवृत्ति तथा अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों को नकद पुरस्कार भी दिया जाएगा।स्कॉलरशिप के अलावा 5 छात्रों को अपने एक अभिभावक के साथ नासा जाने का भी निशुल्क अवसर मिलेगा। अपनी लॉन्चिंग के समय से अब तक एएनटीएचई के तहत 33 लाख से ज्यादा छात्रों को स्कॉलरशिप दी जा चुकी है।

### घायल ग्राम चौकीदार की इलाज के दौरान मौत

**बरेली।** दो दिन पूर्व थाने में गिरकर घायल हुए ग्राम चौकीदार की इलाज के दौरान मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी । हाफिज गंज थाने के गांव चौना मुरारपुर निवासी 50 वर्षीय सौभान सिंह पुत्र मदनलाल कि बीती रात इलाज के लिए जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में ही मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि सौभान सिंह ग्राम चौकीदार थे और 17 अक्टूबर को किसी काम से थाने गए थे जहां पर अचानक जमीन पर गिरकर घायल हो गए उन्हें इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां बीती रात उनकी हालत बिगड़ने पर घरवाले जिला अस्पताल लाए लेकिन उनकी रास्ते में ही मौत हो गई।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**बरेली।** संदिग्ध परिस्थितियों में जमीन पर गिरने से घायल एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गयी शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पीलीभीत के बरखेड़ा थाने के गांव अलखनाथ निवासी 40 वर्षीय सोमपाल पुत्र मोहनलाल कि बीती रात बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई उसे 16 अक्टूबर को घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था मृतक के घर वालों ने बताया कि सोमपाल 16 अक्टूबर को अपने घर से बाहर गए थे जहां से वापस लौटने के बाद अचानक घर में गिर पड़े और बेहोश हो गए उन्हें इलाज के लिए पहले स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया फिर हालत नाजुक देख कर इलाज के लिए बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां बीती रात उनकी मौत हो गई।

## प्रशासन की लापरवाही से चली गई बच्चे की जान

**सिंगाही खीरी।** प्रशासन की लापरवाही से एक बच्ची की जान चली गई। पंचायत भवन में भराव कराने के लिए पंचायत प्रशासन ने आबादी वाले इलाके से गड्ढा खुदवाकर मिट्टी निकाली और पंचायत भवन में डलवा दी थी। 10 दिन पूर्व हुई बरसात से गड्ढे में बरसात का पानी भर गया था, जिसमें खेलते वक्त बच्चा डूब गई। घटना थाना क्षेत्र सिंगाही देहात के बालकराम पूर्वा गांव की है। जहां बबलू की तीन वर्षीय आराध्या खेलते समय पानी भरे गड्ढे में डूब गई। डूबने से उसकी मौत हो गई है। दरअसल, लगभग ढाई साल पहले सिंगाही देहात में ग्राम सचिवालय निर्माण के दौरान मिट्टी का भराव कराने के लिए पंचायत प्रशासन ने आबादी वाली जगह भवन के पास ही गड्ढा खुदवाकर उससे मिट्टी निकलवाई थी। पर अभी पंचायत प्रशासन ने पटाई नही कराई

## आजाद हिंद सरकार का मना स्थापना दिवस

**लखीमपुर-खीरी।** नेता जी सुभाष चंद्र बोस द्वारा स्थापित आजाद हिंद सरकार का स्थापना दिवस अखंड भारत के स्वतंत्रता दिवस के रूप में अखिल भारतीय सुभाषवादी जनता, भारतीय सम्राट सुभाष सेना, भारत दल ने नगर में श्रद्धा व उल्लास से मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ चूना मंडी स्थित कार्यालय पर राज कुमार त्रिवेदी एडवोकेट न्यू.पू. अध्यक्ष बार एसोसिएशन ने आजाद हिंद सरकार का स्प्रिंग टाइगर चिह्नांकित राष्ट्रीय धवन फहराकर किया। समवेत स्वरों में राष्ट्रगान सभी उपस्थित लोगों ने गाया और जयहिंद के साथ नेता जी को सलामी दी और चित्र पर पुष्प एवं माल्यार्पण अर्पित किए।

# जलभराव के चलते पटाखा बिक्री स्थल पर आ रही दिक्कतों को दूर करने में जुटा प्रशासन

- **दुकान आवंटन के साथ हो रहा मिट्टी पटान**
- **नहीं सुलझी समस्या तो विकल्प बनेगा पालीटेक्निक के सामने का मैदान**





लखीमपुर-खीरी। संवाददाता

**दीपावली** में पटाखों की दुकानें लगाने के लिए जीआईसी मैदान में आज लाटरी सिस्टम से दुकानें आवंटित की गईं। एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह की अध्यक्षता में यह कार्रवाई की गई। हालांकि इस दौरान जलभराव का मुद्दा गरम रहा। पालिका प्रशासन ने पाइप के जरिए जगह-जगह भरा पानी तो निकाल दिया लेकिन उसके बावजूद जमीन काफी दलदली रही। पहले फैसला लिया गया कि यदि यहां दिक्कतें बनी रहीं तो बिक्री स्थल में बदलाव किया जाएगा। हालांकि इसके बाद मैदान में मिट्टी डालकर उसे प्रयोग युक्त बनाने के प्रयास शुरू किये गये। जेसीबी के जरिए मिट्टी का पटान कराया जा रहा है। गौरतलब रहे कि 24 को दीपावली का पर्व है। हर साल दीपावली के मौके पर जीआइसी मैदान में आतिशबाजी की दुकानें लगाई जाती हैं। लेकिन इस बार मामला कुछ और ही रहा। कुछ दिन पहले हुई कई दिनों की बारिश से जीआईसी मैदान में खासा जलभराव हो गया था। कई दिन बीत जाने के बाद भी न तो वहां पानी पूरी तरह सूखी बल्कि पूरा मैदान दलदली सा हो गया। इसके बावजूद प्रशासन ने यहां दुकानें लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी। शुक्रवार को एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह के नेतृत्व में टीम दुकानें आवंटन हेतु मौके पर पहुंची। दुकानों का आवंटन लाटरी सिस्टम से होना था। इच्छुक दुकानदारों की की पर्चियां डाली गईं। जिसके बाद पर्ची के आधार पर दुकानों का आवंटन हुआ। लेकिन मौके के हालात देखते हुए दुकानदारों ने एसडीएम से बिक्री के दौरान होने वाली दिक्कतों से अवगत कराया। इस पर एसडीएम ने कहा कि जलभराव की वजह से यहां अव्यवस्था है। विशेषकर पार्किंग को लेकर। उन्होंने कहा कि यदि यहां दुकानें लायक माहौल नहीं बनता है तो विकल्प के तौर पर पालीटेक्निक के सामने दुकानें लगवाई जाएंगी। हालांकि प्रशासन ने बाद में जमीन को दलदलीमुक्त करने के लिए मिट्टी पटान कराया जाने लगा। जेसीबी मिट्टी का पटान कर रही हैं। प्रशासन ने उम्मीद जताई कि मिट्टी पटाई के बाद व्यवस्था दुरुस्त हो जाएंगी।

# पेज एक का शेष

### नफरती भाषणों...

कार्रवाई की जाएगी। पीठ ने कहा कि प्रतिवादी उचित कार्रवाई के लिए अपने अधीनस्थों को निर्देश जारी करेंगे और इस तरह के घृणास्पद भाषण देने वाले व्यक्ति के धर्म की परवाह किए बिना ऐसी कार्रवाई की जाए, ताकि प्रस्तावना में परिकल्पित इस देश के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को बनाए रखा जा सके।

### पिछली सरकारों...

12.40 किलोमीटर लंबे गोविंदघाट हेमकुंड साहिब रज्जूमार्ग (रोपवे), 9.7 किमी लंबे गौरीकुंडकेदारनाथ रज्जूमार्ग सहित कुल 3400 करोड़ रूपए की सड़क और रज्जूमार्ग परियोजनाओं का शिलान्यास किया। मोदी ने कहा कि घोर उपेक्षा के बावजूद न तो हमारे आध्यात्मिक केंद्रों का महत्व कम हुआ और न ही उनके प्रति हमारे समर्पण में कमी आई। उन्होंने कहा कि बडेबुजुर्गों के अलावा नौजवान पीढी के लिए भी इन्हें श्रद्धा का केंद्र बनाने का प्रयास होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज पूरा देश अपने आध्यात्मिक केंद्रों के विकास को लेकर गर्व से भर गया है और उत्तराखंड में डबल इंजन की सरकार बनने के बाद चारधाम में अब तक 45 लाख श्रद्धालु आए हैं। उन्होंने कहा कि आस्था और आध्यात्म स्थलों के पुनर्निर्माण से रोजगार और लोगों के जीवन के सुविधा संपन्न होने का पक्ष भी जुडा है। उन्होंने कहा, जब पहाड पर रेल, रोड और रोपवे पहुंचते हैं तो अपने साथ रोजगार भी लाते हैं और जीवन को जानदार, शानदार और आसान बना देते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार अब ड्रोन के माध्यम से पहाडों पर सामान पहुंचाने पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि ड्रोन पहाडों में पैदा होने वाली ताजा सब्जी जल्द बडे शहरों में पहुंचा देगी जिससे स्थानीय लोगों की कमाई भी बढेगी। पहाड में काम करने वाले स्वयं सहायता समूहों द्वारा उत्पादित नमक, मसाले तथा अन्य वस्तुओं की गुणवत्ता और पैकेजिंग की प्रशंसा करते हुए प्रधानमंत्री ने यहां आने वाले हर तीर्थयात्री से यहां का सामान खरीद कर साथ ले जाने का आग्रह किया। मोदी ने कहा कि वह चीन सीमा के समीप बसे माणा गांव से देश के 130 करोड देशवासियों से प्रार्थना करते हैं कि अपनी यात्रा पर होने वाले खर्च में से कम से कम पांच प्रतिशत धन वह स्थानीय उत्पादों को खरीदने में करें। इस अभियान को वोकल फॉर लोकल की तरह चलाने का आग्रह करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, अगर कोई उत्पाद आपके घर में है तो भी दूसरा लेकर जाइए।

### आतंकी विचारधारा...

आतंकवाद से लड़ने के लिए हमें दुनिया की सभी आतंकवाद रोधी एजेंसियों को एक साथ लाना होगा। शाह ने इंटरपोल से विभिन्न देशों की आतंकवाद रोधी एजेंसियों के साथ स्थाई संचार चैनल विकसित करने का आह्वान किया जहां पर वास्तविक समय में देशों के बीच सूचना और खुफिया जानकारी साझा की जा सके। उन्होंने कहा कि भारत सभी प्रकार के वैश्विक आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए प्रतिबद्ध है और प्रौद्योगिकी एवं मानव संसाधन उपलब्ध कराने को तैयार है। शाह ने कहा कि भारत की आजादी की 75वीं सालगिरह पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नशा मुक्त भारत का दृष्टिकोण पेश किया है। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों के गैर कानूनी कारोबार को रोकने के लिए एक ऐसा मंच बनाने की जरूरत है जहां पर देशों के बीच खुफिया जानकारी साझा की जा सके। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) द्वारा प्राप्त हाल की सफलताओं को रेखांकित करते हुए शाह ने कहा, संयुक्त अभियानों, क्षेत्रीय समुद्री सुरक्षा, आपसी कानूनी सहायता के लिए सूचनाओं को साझा करने की जरूरत है। धनशोधन से लेकर मादक पादर्थ आतंकवाद और नशीले पदार्थों की तस्करी का मुकाबला करने के लिए प्रभावी व्यवस्था बनाने की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि इंटरपोल महासभा के सत्र का आयोजन नई दिल्ली में भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने के अवसर पर हो रहा है। शाह ने कहा कि अपराध की मौजूदा घटनाएं सीमा विहीन हैं और इंटरपोल के सभी सदस्यों को इस चुनौती से निपटने के लिए साथ आना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन मुद्दों से निपटने में वैश्विक पुलिस संगठन (इंटरपोल) की भूमिका बहुत अहम है।

### पेट्रोल भरवाने...

से अपने साथ वैध पीयूसीसी रखें। सरकार के अनुमान के मुताबिक, दिल्ली में पीएम 2.5 प्रदूषण में 28 फीसदी योगदान गाड़ियों से निकलने वाले धुएं का है। दिल्ली में 17 लाख से ज्यादा गाड़ियों के पास वैध पीयूसीसी नहीं है। मोटर वाहन अधिनियम, 1993 की धारा 190 (2) के तहत जिन वाहन मालिकों के पास वैध पीयूसीसी नहीं होगा, उनपर 10,000 रुपए का जुर्माना लगाया जा सकता है या छह महीने की सजा दी जा सकती है या दोनों हो सकते हैं।

### इमरान खान...

भी की जाएगी। वहीं, खान की पार्टी के महासचिव असद उमर ने कहा कि इस फैसले को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती दी जाएगी। पीटीआई के अन्य वरिष्ठ नेता फवाद चौधरी ने फैसले को खारिज करते हुए खान के समर्थकों से विरोध-प्रदर्शन करने का आह्वान किया। वर्ष 2018 में सत्ता में आए खान को आधिकारिक यात्राओं के दौरान अरब शासकों से महंगे उपहार मिले थे, जो तोशाखाना में जमा किए गए थे। बाद में खान ने संबंधित कानूनों के अनुसार उपहारों को रियायती मूल्य पर खरीदा और उन्हें भारी लाभ पर बेच दिया। पूर्व प्रधानमंत्री ने सुनवाई के दौरान ईसीपी को सूचित किया था कि तोशाखाना से करीब 2.1 करोड़ रुपए का भुगतान कर खरीदे गए उपहारों की बिक्री से उन्हें लगभग 5.8 करोड़ रुपए प्राप्त हुए थे। खान द्वारा खरीदे गए उपहारों में ग्राफ कंपनी की एक घड़ी, एक कीमती पेन, एक अंगूठी और रॉलेक्स कंपनी की चार घड़ियां समेत अन्य कीमती चीजें शामिल हैं।

### पंजाब में...

योजना की बहाली राज्य सरकार के कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में से एक रही है। राज्य सरकार का यह फैसला हिमाचल प्रदेश और गुजरात विधानसभा चुनावों से पहले आया है, जहां आप अपनी किस्मत आजमा रही है और सत्ता में आने पर राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने का वादा किया है। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना में शामिल होने का विकल्प दिया जाएगा। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने पंजाब में सरकारी कर्मचारियों को बधाई दी और कहा कि यदि आम आदमी पार्टी (आप) आगामी विधानसभा चुनाव में जीत कर गुजरात और हिमाचल प्रदेश में सत्ता में आई तो वह वहां भी ऐसा ही करेगी। केजरीवाल ने नई पेंशन योजना को अनुचित करार देते हुए कहा कि पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया जाना चाहिए और पूरे देश में लागू किया जाना चाहिए।

### अरुणाचल प्रदेश...

मिली। मेरी गहरी शोक संवेदना। पांच अक्टूबर को तवांग जिले में एक चीता हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें सवार दो पायलटों में से एक की मौत हो गई थी। मार्च में जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा के पास एक और चीता हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस घटना में पायलट की भी मौत हो गई थी।

### झूठा निकला...

भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 420 (धोखाधड़ी और बेईमानी से संपत्ति हासिल करने की कोशिश करना), 467 (मूल्यवान प्रतिभूति हासिल करने के लिए साजिश रचना), 468 (धोखाधड़ी के उद्देश्य से जालसाजी) और 471 (धोखाधड़ी या बेईमानी से किसी ज्ञात फर्जी दस्तावेज को असली के रूप में इस्तेमाल करना) के तहत मामला दर्ज किया गया है। गाजियाबाद पुलिस ने मामला सामने आने के बाद बुधवार को ही पांच आरोपियों में से चार को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की थी। आरोपियों का घटना से कोई संबंध नहीं मिला। बृहस्पतिवार को संवाददाता सम्मेलन में पुलिस ने सभी को क्लीन चिट दे दी। मेरठ के पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार ने कहा था कि पांचों आरोपियों के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिला है। जांच में यह भी पता चला कि मामले को सोशल मीडिया पर वायरल करने के लिए भी किसी को पैसे दिए गए थे। इस बीच, राष्ट्रीय महिला आयोग ने शुक्रवार को कहा कि गाजियाबाद में अपने साथ सामूहिक बलात्कार होने का दावा करने वाली महिला और उसके परिवार के सदस्यों के बयान विरोधाभासी हैं। आयोग ने घटना के बारे में सही सूचनाएं जुटाने के लिए तथ्यान्वेषी टीम भेजी है।

### नोएडा में...

एनएचएआई से मार्गदर्शन मिल रहा है। जिस जगह से एलिवेटेड एक्सप्रेसवे शुरू होगा और चिल्ला एलिवेटेड से जोड़ा जाएगा, वहां से थोड़ी ही दूरी पर कालिंदी कुंज के आगे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का लूप तैयार हो रहा है। ऐसे में यहां से भी जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए हरियाणा के फरीदाबाद, गुरुग्राम समेत अन्य शहरों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।

# शिवराज पाटिल के बयान पर भड़की भाजपा

## जिहाद संबंधी टिप्पणी कांग्रेस की ओर से हिंदुत्व का अपमान करने का एक और प्रयास



**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा )** ने शुक्रवार को पूर्व गृह मंत्री शिवराज पाटिल के इस दावे को लेकर कांग्रेस पर हमला तेज कर दिया कि भगवद गीता में भी जिहाद की बात कही गई थी। भाजपा ने कहा कि यह विपक्षी दल द्वारा हिंदुत्व को कलंकित करने का एक और प्रयास है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने आरोप लगाया कि कांग्रेस लंबे समय से हिंदू, हिंदुत्व और हिंदुस्तान का अपमान करने की साजिश में शामिल रही है और पाटिल की टिप्पणी इस दिशा में एक और अध्याय है। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे पहले भी कांग्रेस नेताओं ने बोको हराम तथा तालिबान जैसे आतंकवादी संगठनों और हिंदुस्व को एक समान बताया था। उन्होंने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री सुशील कुमार शिंदे और पी. चिदंबरम ने भगवा आतंकवाद के बारे में बात की थी।

शुक्ला ने कहा कि गीता मानवता का दर्शन है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शिवराज पाटिल ने बृहस्पतिवार को दावा किया था कि जिहाद की अवधारणा न केवल इस्लाम, बल्कि भगवद गीता और ईसाई धर्म में भी थी। भाजपा ने पाटिल की टिप्पणियों को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा और उस पर वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मोहसिना किदवई की आत्मकथा के विमोचन पर लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष पाटिल ने कहा था कि ऐसा कहा जाता है कि इस्लाम धर्म में जिहाद पर काफी चर्चा गई। उन्होंने कहा था कि जब सही इरादों और सही चीजें करने के बावजूद कोई नहीं समझता है तो यह अवधारणा सामने आई कि बल का प्रयोग किया जा सकता है। पाटिल ने दावा किया था, यह केवल कुरान में नहीं है, बल्कि महाभारत, गीता में भी है, श्री कृष्ण भी अर्जुन से जिहाद के बारे में बात करते हैं और यह चीज केवल कुरान या गीता में ही नहीं, बल्कि ईसाई धर्म में भी है। पाटिल की टिप्पणियों को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने बृहस्पतिवार को ट्वीट किया था, आम आदमी पार्टी (आप) के गोपाल इटालिया और राजेंद्र पाल गौतम के बाद हिंदू घृणा और वोट बैंक की राजनीति में पीछे न रहते हुए कांग्रेस के शिवराज पाटिल का कहना है कि श्री कृष्ण ने अर्जुन को जिहाद सिखाया था।

### पाटिल की टिप्पणी अस्वीकार्य, भगवद गीता भारतीय सभ्यता का मौलिक स्तम्भः कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने अपने वरिष्ठ नेता शिवराज पाटिल की एक टिप्पणी को अस्वीकार्य करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि भगवद गीता भारतीय सभ्यता का मौलिक स्तम्भ है। पूर्व गृह मंत्री शिवराज पाटिल ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि जिहाद की अवधारणा न केवल इस्लाम में, बल्कि भगवद गीता और ईसाई धर्म में भी थी। उन्होंने कांग्रेस की वरिष्ठ नेता मोहसिना किदवई की एक पुस्तक के विमोचन के मौके पर यह टिप्पणी की। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट किया, मेरे वरिष्ठ सहयोगी शिवराज पाटिल ने भगवद गीता पर कथित तौर पर कुछ टिप्पणी की जो अस्वीकार्य है। बाद में उन्होंने स्पष्टीकरण दिया। कांग्रेस का रुख स्पष्ट है कि भगवद गीता भारतीय सभ्यता का मौलिक स्तम्भ है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुस्तक डिस्कवरी ऑफ इंडिया का एक अंश भी साझा किया जिसमें कहा गया है कि भगवद गीता का संदेश सार्वभौमिक है और सभी के लिए है। रमेश ने कहा, मैंने किशोरावस्था में ही भगवद गीता का अध्ययन किया और सांस्कृतिक एवं दार्शनिक मूलग्रंथ के रूप में इसके प्रति मेरा बहुत आकर्षण रहा है। इसका युगों से भारतीय सभ्यता पर व्यापक असर रहा है। मैंने अपनी किताब द लाइट ऑफ एशिया में भी इसके बारे में लिखा है।



नई दिल्ली में राष्ट्रीय पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर इंटरपोल के अध्यक्ष और सचिव पुष्पांजलि देते हुए।

## उसके जो मन में आता है, बोलता रहता है : भाजपा से हाथ मिलाने के किशोर के दावे पर नीतीश ने कहा

**पटना।** नीतीश कुमार के अभी भी भाजपा के संपर्क में होने के राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर के दावे को खारिज करते हुए मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को कहा कि उसके जो मन में आता है, बोलता रहता है। राजनीतिक रणनीतिकार किशोर ने बृहस्पतिवार को दावा किया था कि कुमार अभी भी भाजपा के संपर्क में हैं और अगर परिस्थितियां बनती हैं तो वह फिर पार्टी के साथ गठबंधन कर सकते हैं। किशोर के इस दावे पर पत्रकारों के सवाल के जवाब में नीतीश ने कहा, मैं इस पर क्या कहूं। उसके जो मन में आता है, बोलता रहता है। वह सिर्फ पब्लिसिटी (प्रचार) के लिए ऐसे बयान देता है। सभी को पता है कि वह किस पार्टी के लिए काम करता रहता है। किशोर ने बुधवार को कहा था कि जदयू के सांसद और राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश के माध्यम से नीतीश कुमार अभी भी भाजपा के संपर्क में बने हुए हैं। वहीं, किशोर ने पश्चिम चंपारण में बुधवार को जनसभा में आरोप लगाया था, भाजपा के साथ संबंध तोड़ने के बाद नीतीश कुमार को हरिवंश से पद छोड़ने को कहना चाहिए था। अगर वह पद पर बने रहने की जिद कर रहे थे तो उन्हें जदयू से निकाला जा सकता था। नीतीश कुमार भविष्य के लिए यह विकल्प खुला रखे हुए हैं। किशोर तीन सप्ताह लंबी पदयात्रा के दौरान पश्चिम चंपारण में थे। मुख्यमंत्री ने कहा, वह जो भी बोलना चाहता है, बोलने दीजिए। हमारा उससे कोई मतलब नहीं है। वह मेरे साथ काम करता था। मैंने जिन लोगों की इज्जत की है उन्होंने मेरे साथ कितना दुर्व्यवहार किया है, ए तो आपको पता ही है ना। बिहार में अति पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित सीटों के साथ निकाय चुनाव होने के संबंध में पटना उच्च न्यायालय के फैसले से जुड़े सवालों पर मुख्यमंत्री कुमार ने कहा, बिहार देश का पहला राज्य है जिसने अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए सीटें आरक्षित की हैं। हम पटना उच्च न्यायालय के इस फैसले का स्वागत करते हैं।

## जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने महबूबा से सरकारी बंगला खाली करने को कहा

**श्रीनगर।** पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती को यहां उच्च सुरक्षा वाले गुपकर इलाके में अपना सरकारी बंगला खाली करने का नोटिस दिया गया है। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, फेयर व्यू से बेदखल करने का नोटिस मुझे कुछ दिन पहले दिया गया था। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है और उम्मीद के अनुरूप है। हालांकि नोटिस में उल्लेख किया गया है कि बंगला जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री के लिए है, लेकिन ऐसा नहीं है। मुफ्ती ने कहा, यह स्थान मेरे पिता (मुफ्ती मोहम्मद सईद) को दिसंबर 2005 में आवंटित किया गया था, जब उन्होंने मुख्यमंत्री पद छोड़ दिया था। इसलिए प्रशासन द्वारा बताया गया आधार सही नहीं हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या वह कानून की अदालत में नोटिस को चुनौती देंगी, पीडीपी प्रमुख ने कहा कि वह अपनी कानूनी टीम से सलाह लेंगी। उन्होंने कहा, मेरे पास ऐसी जगह नहीं है जहां मैं रह सकूं।

## सॉलिसिटर जनरल ने उच्चतम न्यायाय में हल्की बात की, मै न्यायाधीश से नही मिला: बघेल

**भाषा।** नई दिल्ली

**छत्तीसगढ़** के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शुक्रवार को कहा कि नागरिक आपूर्ति निगम (नान) से जुड़े कथित घोटाले के सदंर्भ में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पिछले दिनों में उनको लेकर उच्चतम न्यायालय में हल्की बात की जो उचित नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि वह न्यायाधीश से नहीं मिले थे और ऐसे में इस तरह की बातें अब नहीं होनी चाहिए। बघेल ने यहां राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का उद्घाटन करने के बाद संवाददाताओं के सवाल के जवाब में कहा, सॉलिसिटर जनरल ने उच्चतम न्यायालय में कहा कि मुख्यमंत्री (बघेल) ने न्यायाधीश से मिलकर निर्णय को प्रभावित किया। उनसे पूछा गया कि आपसे यह किसने कहा तो उन्होंने कहा कि दो लोग व्हाट्एस एप पर बात कर रहे हैं उस आधार पर आरोप लगा रहे हैं। यह बात तो हास्यापस्द है। उन्होंने कहा, सॉलिसिटरर जनरल के पद पर बैठा व्यक्ति उच्चतम न्यायालय में इतना हल्की बात करे, वो उचित नहीं है। मैं न्यायाधीश से नहीं मिला। अब ऐसी बात नहीं की जानी चाहिए।

कथित नान घोटाले के संदर्भ में पिछले दिनों प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मुख्यमंत्री बघेल के कथित निकटतम सहयोगी की व्हाट्सऐप से हुई बातचीत का उल्लेख किया था, जिसमें कहा गया था कि नान घोटाला मामले के कुछ आरोपियों को जमानत मंजूर करने से दो दिन पहले मुख्यमंत्री एक न्यायाधीश से मिले थे। उधर, छत्तीसगढ़ सरकार ने नान घोटाले में मुख्यमंत्री बघेल की कथित संलिप्तता के संदर्भ में केंद्र सरकार के शीर्ष विधि अधिकारी की आशंका को दरकिनार करते हुए बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय से कहा कि मुख्यमंत्री ने किसी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश से कभी मुलाकात नहीं की।

शीर्ष अदालत नान अथवा सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) से संबंधित पीएमएलए (धनशोधन निवारण अधिनियम) मामले को राज्य से बाहर स्थानांतरित करने संबंधी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। बघेल ने यहां यह भी कहा कि उनकी सरकार अपने राज्य में आदवासियों के आरक्षण बढ़ाने के मकसद से जल्द ही उच्चतम न्यायालय का रुख करेगी। उन्होंने दावा किया, भाजपा आरक्षण के पक्ष में नहीं है। केंद्र सरकार सारे पदों को खत्म करते जा रहे हैं तो फिर आरक्षण का मतलब क्या रहता है।

## क्विक न्यूज

### राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने मप्र के धार के जिलाधिकारी के खिलाफ गिरफ्तारी वॉरंट जारी किया

**इंदौर।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने मध्यप्रदेश के आदिवासी बहुल धार जिले मे एक निजी स्टोन क्रशर इकाई से मानवीय आबादी और पर्यावरण पर कथित दुष्प्रभावों के मामले मे जिलाधिकारी के खिलाफ गिरफ्तारी वॉरंट जारी किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक आयोग ने धार के जिलाधिकारी डॉ. पंकज जैन के खिलाफ बृहस्पतिवार को जारी गिरफ्तारी वॉरंट को 26 अक्टूबर तक तामील कराने के लिए राज्य के पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना को आदेश दिया है। इस मामले में जैन को सम्मन जारी कर उन्हें 14 अक्टूबर को आयोग के सामने पेश होने का आदेश दिया गया था, लेकिन वह इस तारीख को हाजिर होने मे नाकाम रहे। धार जिले के जूनापानी गांव के लोगों ने आयोग का दरवाजा खटखटाते हुए आरोप लगाया था कि हरियाणा के हिसार की एक निजी कंपनी की अवैध तौर पर संचालित स्टोन क्रशर इकाई से उनके स्वास्थ्य के साथ ही फसलों, मवेशियों और आबो-हवा पर विपरीत असर पड़ा, लेकिन पुलिस-प्रशासन ने उनकी सुनवाई नही की। ग्रामीणों की शिकायत पर आयोग ने धार के जिला प्रशासन से सिफारिश की थी कि स्टोन क्रशर इकाई से मानवीय आबादी तथा पर्यावरण को हुए नुकसान का आकलन किया जाए और इसके आधार पर प्रभावितों को उचित मुआवजा दिया जाए।

### आईएएस अधिकारी समेत तीन की हिरासत अवधि छह दिन बढ़ी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ मे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के छापे के बाद गिरफ्तार भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी समीर विश्नोई और दो अन्य लोगों की ईडी की रिमांड की अवधि अदालत ने छह दिनों के लिए बढ़ा दी है। अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिवक्ताओं बताया कि इस महीने की 13 तारीख को भारतीय प्रशासनिक सेवा के गिरफ्तार अधिकारी समीर विश्नोई, इंदरमणि समूह के कारोबारी सुनील अग्रवाल और फरार कारोबारी सूर्यकांत तिवारी के चाचा लक्ष्मीकांत तिवारी की ईडी रिमांड की अवधि पूरी होने पर जांच एजेंसी ने शुक्रवार को उन्हें चतुर्थ अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत की अदालत मे पेश किया जहां उनकी हिरासत अवधि छह दिन और बढ़ा दी गई। इससे पहले अदालत ने तीनों को आठ दिनों के लिए ईडी की हिरासत मे भेजा था। लक्ष्मीकांत तिवारी के अधिवक्ता फैज़ल रिजवी ने बताया कि ईडी ने तीनों के लिए छह दिनों की रिमांड की मांग की थी जिसका बचाव पक्ष के अधिवक्ताओ ने विरोध किया। ईडी ने इस महीने की 11 तारीख से राज्य के रायपुर, रायगढ़, महासमुंद और कोरबा समेत कई शहरों मे छापेमारी की तथा 13 तारीख को आईएएस अधिकारी विश्नोई, इंदरमणि समूह के कारोबारी अग्रवाल और फरार कारोबारी सूर्यकांत तिवारी के चाचा लक्ष्मीकांत तिवारी को गिरफ्तार कर लिया।

### कांग्रेस ने मेयर, डिप्टी मेयर के चुनाव का बहिष्कार किया

**जम्मू।** कांगेस ने जम्मू नगर निगम (जेएमसी) के मेयर और डिप्टी मेयर के पद के लिए प्रत्यक्ष मतदान वाले चुनाव का शुक्रवार को बहिष्कार किया। भाजपा के पार्षद राजिन्दर शर्मा को 57 वोट मिले, जबकि कांग्रेस के उम्मीदवार द्वारकानाथ चौधरी को महज एक वोट मिला। जम्मू में मेयर और डिप्टी मेयर के पदो के चुनाव पर भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला था। गुप्त मतदान के स्थान पर प्रत्यक्ष मतदान कराने का फैसला लिए जाने के बाद कांग्रेस के पार्षदों ने चुनाव का बहिष्कार किया। जम्मू-कश्मीर कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रवीन्द्र शर्मा ने कहा, चुनावी प्रक्रिया को गुप्त मतदान से बदलकर प्रत्यक्ष मतदान करना अलोकतांत्रिक है। अतीत मे ऐसा कभी नही हुआ। इसका विरोध करते हुए हमारे पार्षद मतदान का बहिष्कार करेंगे। हमारे पास बहुमत नही है, लेकिन हमने अपना उम्मीदवार उतारा था। इस अलोकतांत्रिक कदम ने हमे बहिष्कार करने पर मजबूर किया। भाजपा का कहना है कि उसके पास बहुमत है और मेयर चुनाव में उसके उम्मीदवार को जीत मिली है। भाजपा पार्षद बलदेव सिंह बिल्लोरिया ने यहां पत्रकारों से कहा, मेयर पद का चुनाव हुआ। कुल 59 वोट पड़े... 57 भाजपा उम्मीदवार राजिन्दर शर्मा के खाते मे आए, एक वोट अवैध हो गया और एक वोट कांग्रेस प्रत्याशी को मिला। उसके बाद डिप्टी मेयर पद का चुनाव शुरू हुआ। पिछले महीने मेयर चन्द्र मोहन गुप्ता और डिप्टी मेयर पूर्णिमा शर्मा के इस्तीफे के कारण चुनाव हो रहे हैं। दोनों ही भाजपा नेता हैं।

### मिजोरम में 28 करोड़ रुपए मूल्य की हेरोइन जब्त, छह गिरफ्तार

**आइजोल।** म्यांमा से सटे सीमावर्ती चंफाई जिले में मिजोरम पुलिस ने 28 करोड़ रुपए मूल्य की लगभग 5.6 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। प्रतिबंधित मादक पदार्थ रखने के आरोप मे म्यांमा मूल के एक नागरिक समेत कुल छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। माना जा रहा है कि जब्त हेरोइन म्यांमा से तस्करी करके लाई गई थी। चंफाई शहर से 20 किलोमीटर दूर तुईपुई गांव के निकट एक वाहन से पुलिस ने बुधवार की रात 5.4 किलोग्राम हेरोइन बरामद की। इससे पहले खानकान नाके पर तैनात पुलिसकर्मियो ने बुधवार सुबह एक स्थानीय व्यक्ति और म्यांमा मूल की एक महिला के कब्जे से 24 ग्राम हेरोइन बरामद की। इसके अलावा बृहस्पतिवार की सुबह चंफाई के वेनसांग इलाके से पुलिस ने एक वाहन से 156 ग्राम मादक पदार्थ जब्त किया।



नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति जगदीप धनगर मंगोलिया के लेफ्टिनेंट जनरल जी. शेखनबायर से मुलाकात करते हुए।

## नौसेना ने संदिग्ध नौका पकड़ी

**चेन्नई।** भारतीय नौसेना ने शुक्रवार को पाक जलडमरूमध्य में एक संदिग्ध नाव पकड़ी। भारतीय नौसेना के जहाज ने शुक्रवार तड़के भारत श्रीलंका अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) के पास पाक जलडमरूमध्य में गश्त के दौरान नौका को देखा था। रक्षा जनसंपर्क अधिकारी ने ट्विटर पर बताया, बार-बार चेतावनी देने के बावजूद नौका नहीं रुकी। (नौसेना के) जहाज ने मानक संचालन प्रक्रियाओं के अनुसार, नौका को रोकने के लिए गोलीबारी की। संदिग्ध नौका पर सवार चालक दल के सदस्यों में से एक के घायल होने की सूचना मिली। उन्होंने ट्वीट किया, घायल व्यक्ति का जहाज पर प्राथमिक उपचार किया गया और भारतीय नौसेना के चेतक हेलीकॉप्टर के जरिए उसे रामनाड के आईएनएस परांडू में पहुंचाया गया। आगे के उपचार के लिए उसे रामनाथपुरम के सरकारी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। उसकी हालत स्थिर बताई गई है। उन्होंने कहा कि इस घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

## व्यवसाई मप्र में करें निवेश, अब बुलडोजर से खौफ खाते है असामाजिक तत्वः चौहान

**भाषा।** पुणे

**मध्य प्रदेश** के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उद्योगों को राज्य में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए शुक्रवार को कहा कि मध्य प्रदेश में उन्हें असामाजिक तत्वों से किसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा क्योंकि वे प्रदेश सरकार की बुलडोजर के जरिए की जाने वाली कार्वाई से खौफ खाते हैं। उद्योग मंडल सीआईआई और मध्य प्रदेश सरकार ने प्रदेश में निवेश अवसरों पर यहां एक सत्र का आयोजन किया जिसमें चौहान ने कहा कि उनके राज्य में कारोबार के लिहाज से सबसे अनुकूल माहौल है। चौहान ने कहा, जब मैं पहली बार मुख्यमंत्री बना था तब चंबल में डाकू होते थे और मुंबई में उन पर फिल्में बनती थीं। मैंनें मुंबईवालों का काम छीन लिया क्योंकि डाकुओं का या तो सफाया कर दिया गया या उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया या वे जेल में बंद हैं।

उन्होंने आगे कहा, मैंने कहा कि मध्य प्रदेश में या तो डाकू रह सकते हैं या फिर शिवराज सिंह चौहान, एक वक्त में दोनों नहीं रह सकते...बस मुद्दा हल हो गया। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद और सिमी के नेटवर्क को भी राज्य से खत्म कर दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा, अब कोई गुंडागर्दी नहीं है। अगर कोई गुंडागर्दी या दबंगई करता है तो मामा का बुलडोजर सीधा पहुंच जाता है। तो अब ऐसा कोई डर नहीं है कि कोई आपको (व्यवसायियों को) परेशान करेगा। उन्होंने उद्योगों से राज्य में निवेश करने का अनुरोध करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश में कारोबारियों के लिए सबसे अनुकूल माहौल है। राज्य में व्यवसायों के लिए बुहतायत में सस्ती भूमि है और कुशल मानव संसाधन भी हैं, यहां उद्योगों को सस्ती बिजली दी जाती है। चौहान ने कहा कि उनकी नीतियां निवेशकों के हित में है और वह खुद हर सोमवार को निवेशकों से मुलाकात करते हैं।

## प्रतीकात्मक कब्र को लेकर प्रहलाद जोशी ने साधा टीआरएस पर निशाना

**भाषा।** हैदराबाद

**भाजपा** के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने तेलंगाना में सत्तारूढ़ तेलंगाना राष्ट्र समित (टीआरएस) पर राज्य में कथित तौर पर सामने आई एक प्रतीकात्मक कब्र को लेकर शुक्रवार को निशाना साधा जिसके साथ भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा की तस्वीर लगी हुई है। प्रतीकात्मक कब्र तेलंगाना के नलगोंडा जिले में पानी में फ्लोराइड की समस्या के समाधान के लिए एक शोध केंद्र स्थापित करने के वादे को पूरा नहीं करने के कथित विरोध में सामने आई है, हालांकि नड्डा ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री रहते हुए इसका आश्वासन दिया था।

भाजपा की लोकसभा प्रवास योजना के तहत हैदराबाद के दौरे पर आए जोशी ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार केंद्र स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है और आरोप लगाया कि टीआरएस सरकार ने इसके लिए भूमि आवंटित नहीं की। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, फ्लोरोसिस पर अनुसंधान केंद्र। हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री के रूप में शायद उसका वादा किया था। आज, भारत सरकार के एक हिस्से के रूप में, हम उस आश्वासन के लिए बहुत प्रतिबद्ध हैं लेकिन, उन्होंने जमीन उपलब्ध नहीं कराई। आखिरकार, जमीन राज्य का विषय है।

प्रतीकात्मक कब्र के लिए टीआरएस को जिम्मेदार ठहराते हुए उन्होंने कहा कि यह केवल राज्य की सत्ताधारी पार्टी के ‘स्तर’ को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि राजनीति में आलोचना स्वाभाविक है लेकिन कब्र का निर्माण पार्टी और उसके नेता की संस्कृति के बारे में बताता है। प्रतीकात्मक कब्र की निंदा करते हुए, जोशी ने कहा कि टीआरएस अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव को इसके लिए नड्डा से माफी मांगनी चाहिए। जोशी ने यह भी आरोप लगाया कि टीआरएस ने एआईएमआईएम के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है।

उन्होंने हाल में एक सरकारी भर्ती परीक्षा में शामिल हुई कुछ महिला उम्मीदवारों को उनके पवित्र मंगलसूत्र कथित तौर पर हटाने के लिए कहे जाने पर आपत्ति जताई। टीआरएस का नाम बदलकर भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) किए जाने पर उन्होंने दावा किया कि इसे राव समिति नाम दिया जा सकता है क्योंकि टीआरएस एक पारिवारिक पार्टी है। उन्होंने आरोप लगाया कि टीआरएस शासन के दौरान तेलंगाना में बेहतरी के लिए कोई बदलाव नहीं हुआ है, लेकिन पार्टी का नाम बदल दिया गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि तेलंगाना में तीन नवंबर को होने वाले मुनुगोड़े उपचुनाव में भाजपा जीत दर्ज करेगी।

## प्रशांत ने पीएम की आलोचना की, 500 रुपए में रसोई गैस देने की मांग की

**पटना।** चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने महंगाई और बिहार जैसे राज्यों में औद्योगिक विकास कम रहने के मुद्दे को लेकर शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। किशोर पश्चिम चम्पारण जिले के नरकटियागंज अनुमंडल (सब-डिविजन) में ग्रामीणों को संबोधित करे थे। वह अपने गृह राज्य (बिहार) की राज्यव्यापी पदयात्रा पर हैं। किशोर के भोजपुरी में भाषण का एक वीडियो क्लिप जन सुराज ने सोशल मीडिया पर साझा किया है। राज्यव्यापी यात्रा संपन्न होने के बाद इसे (जन सुराज को) एक राजनीतिक पार्टी में परिवर्तित किए जाने की संभावना है। किशोर ने कहा, हमने हर-हर मोदी, घर-घर मोदी का नारा लगाया और वह प्रधानमंत्री बन गए। रसोई गैस की कीमत 500 रुपए से बढ़ कर 1,300 रुपए प्रति सिलेंडर पहुंच गई...यदि वह (प्रधानमंत्री के) पद पर और एक बार चुने जाते हैं तो कीमत 2,000 रुपए प्रति सिलेंडर पहुंच जाएगी। किशोर ने 2014 में मोदी के चुनाव प्रचार अभियान में एक प्रमुख भूमिका निभाई थी और कई राज्यों में भाजपा की चुनावी जीत का श्रेय भी उन्हें दिया गया। किशोर ने (केंद्र की) मौजूदा सरकार के कल्याणकारी कदमों की आलोचना करते हुए कहा कि 200 रुपए मूल्य के पांच किग्रा अनाज से हम ठगा सा महसूस कर रहे हैं। इसके बजाय हमें 500 रुपए में सिलेंडर दीजिए। उन्होंने यह भी कहा कि उद्योग सिर्फ गुजरात जैसे राज्यों में लगाए जा रहे हैं, जो मोदी का गृह राज्य है। इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (आई-पैक) के संस्थापक ने कहा, मोदी ने बिहार के लोगों से वादा किया था कि वह यहां मोरीबंद चीनी मिल को फिर से चालू करेंगे और स्थानीय स्तर पर उत्पादित चीनी से चाय में मिठास घोलेंगे। लेकिन कुछ नहीं किया गया। किशोर ने कहा, हमारे युवा अब भी गुजरात जैसे स्थानों पर जा रहे हैं, जहां उनके उद्योग हैं। 26 सांसद देने वाले गुजरात के लिए इतना कुछ। वहीं, 40 सांसद वाले बिहार को इतना कम...।

## गुजरात में भाजपा के खिलाफ भारी आक्रोश, आप और एआईएमआईएम भाजपा की बी टीम : कांग्रेस

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने शुक्रवार को दावा किया कि गुजरात में भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ भारी आक्रोश है, जिस कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य का लगातार दौरा कर रहे हैं। पार्टी के गुजरात प्रभारी रघु शर्मा ने कटाक्ष करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री को गुजरात में अपना कैम्प कार्यालय खोल लेना चाहिए। उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत में यह दावा भी किया कि गुजरात में आम आदमी पार्टी और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) का आधार नहीं है तथा दोनों दल भाजपा की बी टीम के तौर पर काम कर रहे हैं। शर्मा ने गुजरात के अपने आदिवासी विधायक अनंत पटेल पर हमले का विषय उठाया और आरोप लगाया कि यह हमला भाजपा की गुजरात इकाई के अध्यक्ष सी आर पाटिल के इशारे पर हुआ है। उन्होंने कहा, केंद्र की भाजपा सरकार ने छह परियोजनाओं को स्वीकृति दी थी, जिसमें पार-तापी नर्मदा नदी जोड़ो परियोजना भी शामिल है। इस परियोजना को लेकर गुजरात के किसी भी आदिवासी को विश्वास में नहीं लिया गया। शर्मा के अनुसार, गुजरात में जब इस परियोजना का विरोध होने लगा तो भाजपा को डर लगा कि यह मुद्दा बड़ा हो सकता है, इसलिए इसे स्थगित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा, जब आंदोलन नहीं रुका तब, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि इसे वापस लिया जाता है। शर्मा ने कांग्रेस विधायक पर हमले का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सी आर पाटिल के इशारे पर अनंत पटेल पर हमला किया गया। प्रधानमंत्री इस पर एक शब्द तो बोल सकते थे। लगता है कि उनकी मौन सहमति है। उन्होंने दावा किया, भाजपा की गुजरात में हवा निकल गई है। भाजपा के खिलाफ आक्रोश है। अगर भाजपा की स्थिति ठीक है तो प्रधानमंत्री इतना घूम क्यों रहे हैं? वह गली-गली घूम रहे हैं। कांग्रेस नेता ने तंज कसते हुए कहा कि प्रधानमंत्री को अपना कैम्प कार्यालय गुजरात में बना लेना चाहिए। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने चुनाव की ढंग से तैयारी की है। यह धारणा बनाई जा रही है कि कांग्रेस कहीं नहीं है। हम मजबूती से चुनाव लड़ रहे हैं और 125 सीट लाकर सरकार बनाएंगे। शर्मा ने दावा किया, आम आदमी पार्टी और एआईएमआईम दोनों भाजपा की बी टीम हैं। गुजरात में इनका कोई कैडर नहीं है। इनके सिर्फ पेड कार्यकर्ता हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस महीने के आखिर तक कांग्रेस गुजरात में उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर देगी। कांग्रेस ने बताया कि पार्टी की गुजरात इकाई ने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से आग्रह किया है कि वे गुजरात चुनाव में ज्यादा से ज्यादा समय दें।

# सीरिया में बमबारी करने वाले जनरल ने संभाली रूसी युद्ध की कमान

**एपी। वाशिंगटन**



**सीरिया** में रूसी अभियान के दौरान असैन्य नागरिकों पर बमबारी करने के लिए कुख्यात जनरल को राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन में हमले की कमान सौंपी है। गौरतलब है कि 1991 में मिखाईल गोर्बाचेव का तख्ता पलट करने की असफल कोशिश के दौरान मॉस्को में तीन प्रदर्शनकारियों की मौत में भी इन्हीं जनरल की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी। इस घटना के बाद ही पूर्ववर्ती सोवियत संघ का विघटन हो गया। बेहद आक्रामक मुख-मुद्रा वाले जनरल सेरगी सुरोविकिन को आठ अक्टूबर को यूक्रेन में रूसी बलों की कमान सौंपी गई।

पुतिन ने क्रीमिया में सामरिकरणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण पुल पर ट्रक बम से किए गए हमले के बाद 56 वर्षीय जनरल को कमान सौंपी थी। क्रीमिया पुल पर हुए हमले से न सिर्फ क्रेमलिन को शर्मिंदगी झेलनी पड़ी, बल्कि रूसी सैनिकों को उपकरणों और साजो-सामान की दिक्कत भी होने लगी है। इस घटना के बाद रूस ने यूक्रेन में बेहद आक्रामक हवाई हमले किए हैं। पुतिन का कहना है कि इन हमलों का लक्ष्य ऊर्जा क्षेत्र के बुनियादी ढांचों और यूक्रेन के सैन्य कमान के विभिन्न पोस्ट को निशाना बनाना है। ऐसे हमले रोजाना हो रहे हैं और क्रूज मिसाइल तथा ईरान में निर्मित ड्रोन की मदद से ऊर्जा संयंत्रों और अन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया जा रहा है। गौरतलब है कि यूक्रेन में युद्ध की कमान संभालने के साथ-साथ सुरोविकिन वायुसेना के प्रमुख भी बने रहेंगे और इस कारण उनके सैन्य अभियान के दौरान हवाई हमला करना आसान होगा। हाल में हुई बमबारी के बाद रूस के कुछ युद्ध ब्लॉगर्स ने सुरोविकिन के हवाले से कहा है कि उनका लक्ष्य अपने जोश के साथ लगातार हमले करने और यूक्रेन सरकार को झुकने पर मजबूर करना है। ब्लॉगर के अनुसार, वायुसेना प्रमुख ने कहा, मैं नाटो द्वारा दिए गए हथियारों से सुसज्जित उन्मादियों के खिलाफ गुरिल्ला युद्ध (घात लगाकर हमला करना) में रूसी सैनिकों को जान गंवाने देना नहीं चाहता। उन्होंने कहा, यूक्रेन को समर्पण करने के लिए मजबूर करने को हमारे पास पर्याप्त तकनीकी उपाय हैं। हालांकि, बयान की सत्यता की पुष्टि नहीं की जा सकी है, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि सुरोविकिन यहां भी सीरिया की तरह ही बेहद कठोर रणनीति अपनाएंगे। उन्होंने सीरिया में असैन्य नागरिकों के जान-माल की परवाह किए बगैर विद्रोहियों को मार गिराने के लिए पूरे शहर पर बमबारी की थी।

## पुतिन शुरू से ही यूक्रेन के साथ वार्ता के पक्षधर थे, अब भी कुछ नहीं बदला हैः रूस

**मॉस्को (एपी)।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन शुरू से ही यूक्रेन के साथ वार्ता के पक्षधर थे और इस संबंध में कुछ भी नहीं बदला है। क्रेमलिन (रूसी सरकार) के प्रवक्ता दमित्री पेस्कोव शुक्रवार को तुर्किए के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। इससे पहले दिन में, एर्दोआन ने कहा कि पुतिन पहले की तुलना में अधिक नरम और बातचीत के लिए अधिक तैयार जान पड़ रहे हैं। उन्होंने संघर्ष समाप्त करने के लिए वार्ता की संभावना को लेकर कहा, हमने उम्मीद नहीं छोड़ी है। पेस्कोव ने कहा, अगर आपको याद हो तो राष्ट्रपति पुतिन ने विशेष सैन्य अभियान से पहले ही नाटो और अमेरिका दोनों के साथ बातचीत शुरू करने का प्रयास किया था। उन्होंने कहा, पुतिन वार्ता के पक्षधर थे, जब रूसी और यूक्रेनी वार्ताकारों के बीच एक दस्तावेज पर लगभग सहमति हो गई थी। इस संबंध में कुछ भी नहीं बदला है। यूक्रेनी पक्ष की स्थिति बदल गई है...यूक्रेनी कानून अब किसी भी बातचीत पर रोक लगाता है।

# लिज ट्रस के बाद अगले ब्रिटिश प्रधानमंत्री को लेकर कयास, सट्टेबाज सुनक पर लगा रहे दांव

**भाषा। लंदन**



**ब्रिटेन** की सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी में गहरे विभाजन के मद्देनजर लिज ट्रस के इस्तीफे के बाद पार्टी नेता और प्रधानमंत्री पद को लेकर अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है। लेकिन सट्टेबाजों की पसंद भारतीय मूल के ब्रिटिश व पूर्व चांसलर ऋषि सुनक बने हुए हैं। पिछले महीने नेतृत्व के लिए हुए चुनाव में दूसरे स्थान पर रहे सुनक ने ट्रस के लघु बजट से आर्थिक संकट आने का पूर्वानुमान लगाया था और उन्हें अब 10 डाउनिंग स्ट्रीट (प्रधानमंत्री का आधिकारिक आवास) के लिए मुफीद माना जा रहा है।

सट्टेबाजी संस्था ऑडचेकर के मुताबिक 42 वर्षीय सुनक 55 प्रतिशत पसंदीदा राय ले कर साथ सबसे आगे चल रहे हैं जबकि 29 प्रतिशत की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन की सत्ता में वापसी की उम्मीद जताई जा रही है। तीसरे स्थान के लिए हाउस ऑफ कामन (संसद के निचले सदन) की नेता पेनी मोरडांट का नाम उभर रहा है जो पिछले नेतृत्व चुनाव में लिए संसदीय मतों के पहले चरण के चुनाव में तीसरे स्थान पर रही थीं। सुनक को खुले तौर पर समर्थन करने वाले करीब 50 सांसदों में शामिल डोमिनिक रब ने ट्वीट किया, मैं प्रधानमंत्री पद के लिए सुनक का समर्थन करता हूं। उनके पास ब्रिटिश लोगों की सेवा के लिए सरकार में बेहतरीन प्रतिभाओं को लाकर वित्तीय स्थिरता को बहाल करने, महंगाई को कम करने और कर कटौती और कंजर्वेटिव पार्टी को एकजुट रखने की योजना और विश्वसनीयता है। विपक्ष द्वारा तत्काल मध्यावधि चुनाव कराने की मांग की जा रही है। वहीं सत्तारूढ़ दल में ट्रस के उत्तराधिकारी के चुनाव को लेकर ऊहापोह की स्थिति है। पार्टी को तय करना है कि पद संभालने के 44 दिनों के भीतर इस्तीफा देने वाली ट्रस का उत्तराधिकारी कौन होगा।

कंजर्वेटिव पार्टी के नियमों के मुताबिक प्रधानमंत्री पद के दावेदारी के लिए कम से कम 100 सांसदों का समर्थन होना चाहिए, जिसकी मियाद सोमवार को स्थानीय समयानुसार अपराह्न दो बजे समाप्त हो रही है। पार्टी गेट का सामना करे चुके जॉनसन के बारे में मानना है कि उनकी वापसी के लिए करीब 140 सांसद समर्थन कर रहे हैं।

# पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल बाजवा अगले महीने सेवानिवृत्त होंगे : रिपोर्ट

**भाषा। इस्लामाबाद**

**पाकिस्तान** के सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा ने शुक्रवार को कहा कि वह अगले पांच सप्ताह में सेवानिवृत्त हो रहे हैं और वह सेवा विस्तार की मांग नहीं करेंगे। मीडिया की एक खबर में यह कहा गया है।

जनरल बाजवा का कार्यकाल 29 नवंबर को समाप्त होने के बाद प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ नए सेना प्रमुख का चयन करेंगे। जियो टीवी के मुताबिक सरकार ने घोषणा की है कि सेना प्रमुख के उत्तराधिकारी को नियत समय पर और संविधान के अनुसार नियुक्त किया जाएगा। चैनल ने अज्ञात सूत्रों का हवाला देते हुए बताया कि जनरल बाजवा ने शुक्रवार को कहा कि वह सेवा विस्तार की मांग नहीं करेंगे और पांच सप्ताह के बाद सेवानिवृत्त हो जाएंगे। छह साल तक पाकिस्तानी सेना का शीर्ष पद संभालने वाले बाजवा ने यह भी कहा कि सेना राजनीति में कोई भूमिका नहीं निभाएगी। उन्हें शुरु में 2016 में नियुक्त किया गया था, लेकिन तीन साल के कार्यकाल के बाद 2019 में इमरान खान की तत्कालीन सरकार ने उनकी सेवा को और तीन साल के लिए बढ़ा दिया। सितंबर में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने जल्द चुनाव का आह्वान करते हुए कहा था कि जनरल बाजवा को नई सरकार के चुने जाने तक एक और सेवा विस्तार दिया जाना चाहिए। अटकलें लगाई जा रही थीं कि इस महीने की शुरुआत में लंदन में पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के सुप्रीमो नवाज शरीफ से मुलाकात के बाद उन्हें एक और कार्यकाल मिल सकता है। लेकिन अब इसकी संभावना नहीं है। सेना प्रमुख की नियुक्ति पूरी तरह प्रधानमंत्री का विशेषाधिकार है और शायद यह एकमात्र समय होता है जब शक्तिशाली सेना द्वारा बिना किसी अगर मगर के उनके फैसले को स्वीकार किया जाता है। आगामी नियुक्ति सभी गलत कारणों से सुर्खियों में है।

# रक्षा प्रशिक्षण के लिए भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों का चयन करते हैं श्रीलंकाई सशस्त्र बल

**भाषा। कोलंबो**

**भारतीय** उच्चायोग ने शुक्रवार को कहा कि श्रीलंका के सशस्त्र बलों के वास्ते शीर्ष अधिकारी तैयार करने के लिए भारतीय सैन्य प्रतिष्ठान श्रीलंकाई सेना के पसंदीदा विकल्प रहे हैं। भारतीय उच्चायोग ने एक बयान में कहा, श्रीलंकाई प्रशिक्षुओं को सालाना 1,500-1,700 स्लॉट आवंटित किए जाते हैं, जो लगभग 50-55 करोड़ भारतीय रुपए (60 लाख अमरीकी डालर से अधिक) के बराबर है। इसी तरह, श्रीलंका के मैत्री सशस्त्र बलों द्वारा भारतीय सशस्त्र बलों के अधिकारियों की मेजबानी की जाती है। उसने कहा कि रक्षा में द्विपक्षीय जुड़ाव प्रकृति में बहु-आयामी है। उसने कहा कि उच्च-स्तरीय आदान-प्रदान कोविड-19 द्वारा उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद दोनों ओर से जारी रहा। बयान में कहा गया है कि एसएलआईएनईएक्स (नौसेना अभ्यास) और मित्र शक्ति (सैन्य अभ्यास) हर साल वैकल्पिक रूप से भारत और श्रीलंका में आयोजित किए जाते हैं। दोनों सशस्त्र बल मादक पदार्थ और मानव तस्करी जैसी साझा सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में घनिष्ठ रूप से सहयोग करते हैं। श्रीलंका के रक्षा राज्य मंत्री पी बी तेनाकून वर्तमान में द्विवार्षिक वैश्विक रक्षा प्रदर्शनी डेफएक्सपो2022 में भाग लेने के लिए भारत की यात्रा पर हैं। तेनाकून ने रक्षा क्षेत्र में भारत और श्रीलंका के बीच साझेदारी की सराहना की। बयान में कहा गया है कि अनुभव साझा करना और क्षमता निर्माण भारत-श्रीलंका रक्षा सहयोग का एक प्रमुख स्तंभ रहा है।

## श्रीलंका सरकार भीड़ हिंसा में मारे गए सांसद के परिवार को एक करोड़ रुपए का मुआवजा देगी

**कोलंबो( भाषा )।** श्रीलंका सरकार ने मई में हुए सरकार विरोधी प्रदर्शन के दौरान भीड़ द्वारा मारे गए एक सांसद के परिवार को एक करोड़ श्रीलंकाई रुपए का मुआवजा देने का फैसला किया है। मीडिया में शुक्रवार को आई खबरों में यह जानकारी दी गई। पूर्व प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे नीत श्रीलंका पोदुजना पेरामुना (एसएलपीपी) सरकार में मंत्री रहे अमरकीर्ति अतुकोरेला (57) की नौ मई को पश्चिमी श्रीलंका के नित्तम्बुआ में भीड़ ने मार डाल था। समाचार पोर्टल इकोनॉमी ने प्रधानमंत्री दिनेश गुणवर्धने को उद्धृत करते हुए खबर दी कि सरकारी अधिकारियों को मुआवजा देने की सीमा 50 लाख श्रीलंकाई रुपए हैं लेकिन पिछले सप्ताह मंत्रिमंडल की हुई बैठक में अतुकोराला के परिजनों को एक करोड़ श्रीलंकाई रुपए का मुआवजा देने का फैसला किया गया।

# सीपीसी का अहम महासम्मेलन शनिवार को होगा संपन्न

**भाषा। बीजिंग**

● शी के तीसरे कार्यकाल के लिए पेश होगा प्रस्ताव

**चीन** में सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) का 20वां अहम महा सम्मेलन(कांग्रेस) शनिवार को पार्टी की शक्तिशाली और शीर्ष नेताओं वाली केंद्रीय समिति के चुनाव के साथ संपन्न होगा। उम्मीद की जा रही है कि इस महा सम्मेलन के आखिरी दिन शी चिनफिंग के तीसरे कार्यकाल के लिए प्रस्ताव पेश किया जाएगा।

सीपीसी हर पांच साल में महा सम्मेलन का आयोजन करती है जिसमें पूरे देश की शाखाओं के कुल 2296 निर्वाचित प्रतिनिधि हिस्सा लेते हैं। 20वां महा सम्मेलन एक सप्ताह का है जो पार्टी का संचालन करने वाली केंद्रीय समिति के चुनाव के साथ संपन्न होगा। मौजूदा केंद्रीय समिति में 376 सदस्य हैं जिनमें से 205 पूर्णकालिक सदस्य जबकि 171 वैकल्पिक सदस्य हैं। नई केंद्रीय समिति की बैठक रविवार को राजनीतिक ब्यूरो का चुनाव करने के लिए होगी जो स्थाई समिति का चुनाव करेगी। स्थाई समिति पार्टी की सबसे शक्तिशाली इकाई है जो देश पर शासन करती है। स्थाई समिति की बैठक भी उसी दिन होगी जिसमें महा सचिव का चुनाव होगा। महा सचिव ही 1.4 अरब आबादी वाले देश का शीर्ष नेता होता है। मौजूदा राजनीतिक ब्यूरो (पॉलिटिकल ब्यूरो) में 25 सदस्य हैं जबकि स्थाई समिति में 69 वर्षीय चिनफिंग सहित सात सदस्य हैं। चिनफिंग वर्ष 2002 से ही पार्टी के महा सचिव हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि स्थाई समिति रविवार को अप्रत्याशित रूप से शी को तीसरे कार्यकाल के लिए महा सचिव बनाने का प्रस्ताव किया जाएगा। चिनफिंग इस साल सीपीसी प्रमुख और राष्ट्रपति के तौर पर अपना 10 साल का कार्यकाल पूरा कर रहे हैं।

# अर्जेंटीना के राष्ट्रपति ने ब्रिग ब्रदर प्रतिभागी के आरोपों पर आपत्ति जताई

**ब्यूनस आयर्स (एपी)।** अर्जेंटीना के राष्ट्रपति अल्बर्टो फर्नांडिज ने बिग ब्रदर कार्यक्रम के स्थानीय संस्करण के प्रतिभागी द्वारा उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाने पर आपत्ति जताई है। हालांकि प्रतिभागी ने अपने आरोपों के समर्थन में कोई सबूत पेश नहीं किया है। फर्नांडिज के वकील ग्रेगोरियो डेलबोन ने बृहस्पतिवार सुबह ट्विटर पर लिखा, अगर देश के राष्ट्रपति को इसी तरह बदनाम किया जाता रहा , तो फर्नांडिज ने मुझे मानहानि के लिए दीवानी कार्वाई करने का निर्देश दिया है।

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सूचित करना है कि **भवन / फ्लैट सं0-49, ब्लाक- सी, सैक्टर-15, नौएडा, गौतम बुद्ध नगर, उ0प्र0,** जिसकी मूल आबंटी **श्रीमति सविता रूस्तगी पत्नी श्री रमेश चन्द्र रूस्तगी निवासी-सी-202, ब्लाक- सी. आनन्द विहार, दिल्ली** है,
**1. अमिता रूस्तगी पुत्री श्री रमेश चन्द्र रूस्तगी निवासी सी-202, ब्लाक-सी, आनन्द विहार, दिल्ली** के द्वारा उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को अपने हक / पक्ष में अन्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत की गयी है, तथा उक्त मूल आवंटी **श्रीमति सविता रूस्तगी पत्नी श्री रमेश चन्द्र रूस्तगी** निवासी उपरोक्त की मृत्यु दिनांक 16/08/2022 में हो चुकी है।
अतः इस नोटिस के माध्यम से सभी संबंधित व्यक्तियों सूचित किया जाता है कि **उक्त भवन / फ्लैट सं0-49, ब्लाक-सी, सैक्टर-15, नौएडा (उ0प्र0)** को अपनी माताजी की मृत्यु के उपरान्त अमिता रूस्तगी पुत्री श्री रमेश चन्द्र रूस्तगी निवासी सी-202, ब्लाक-सी, आनन्द विहार, दिल्ली के पक्ष में अंतरण आवेदन / म्यूटेशन की कार्यवाही करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है यदि इस संबंध में किसी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो कृपया अपनी आपत्ति, समस्त साक्ष्य सहित, नोएडा प्राधिकरण के भवन विभाग में इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 10 दिन के अंदर दाखिल कर सकता है।

**अमिता रूस्तगी पुत्री श्री रमेश चन्द्र रूस्तगी,**
**निवासी सी-202, ब्लाक-सी, आनन्द विहार, दिल्ली**

# सेंसेक्स की कंपनियों में एक्सिस बैंक के शेयर में सबसे अधिक उछाल

**भाषा। मुंबई**

● विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की कई सत्रों के बाद बृहस्पतिवार को लिवाली से बाजार में तेजी आई



**घरेलू** शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार छठे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 104.25 अंक चढ़कर बंद हुआ।

कारोबार में उतार-चढ़ाव के बीच वैश्विक बाजारों में गिरावट के बावजूद कंपनियों के बेहतर वित्तीय परिणाम और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की कई सत्रों के बाद बृहस्पतिवार को लिवाली से बाजार में तेजी आई। दोपहर के कारोबार में तेज बिकवाली के बाद लिवाली से तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 104.25 अंक यानी 0.18 प्रतिशत की बढ़त के साथ 59,307.15 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 12.35 अंक यानी 0.07 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,576.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में एक्सिस बैंक का शेयर सबसे अधिक 8.96 प्रतिशत उछला। बैंक ने बृहस्पतिवार को कहा कि फंसे कर्ज के एवज में किए गए प्रावधान में उल्लेखनीय कमी और मार्जिन बढ़ने से चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 66.29 प्रतिशत उछलकर 5,625.25 करोड़ रुपए रहा। इसके अलावा, आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, कोटक महिंद्रा बैंक, नेस्ले, टाइटन और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ,बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, इंडसइंड बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, एशियन पेंट्स, आईटीसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर नुकसान में बंद हुए। इनमें 3.20 प्रतिशत तक की गिरावट आई।

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, सख्त मौद्रिक नीति की आशंकाओं के कारण यूरोपीय बाजारों की कमजोर शुरुआत की वजह से दोपहर बाद कारोबार में बिकवाली हुई। घरेलू निवेशकों ने सावधानी बरती और अगले सप्ताह के दौरान कम कारोबार की संभावना के चलते मुनाफावसूली की। उन्होंने कहा, बैंकों, आईटी और दैनिक उत्पाद बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में दूसरी तिमाही के बेहतर परिणामों से अच्छी शुरुआत ने बाजार में स्थिरता प्रदान की लेकिन मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांक प्रभावित हुए। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में ।,387.18 अंक यानी 2.39 प्रतिशत तथा निफ्टी में 390.60 अंक यानी 2.27 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के अनुसंधान उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा, वैश्विक बाजारों में मिश्रित रुख के बीच घरेलू बाजार में मजबूती दिखाई है। हालांकि कारोबार काफी हद तक चुनिंदा क्षेत्रों और शेयरों तक ही सीमित है। इसके अलावा, वैश्विक मोर्चे पर अस्थिरता भी बाजार में बढ़त को सिमित कर रही है।

वहीं, बीएसई का मिडकैप 0.75 प्रतिशत और स्मॉलकैप सूचकांक 0.60 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, हांगकांग का हैंगसेंग और जापान का निक्की गिरावट के साथ बंद हुए जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट सूचकांक लाभ में बंद हुआ। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरूआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी शेयर बाजार वॉल स्ट्रीट बृहस्पतिवार को गिरावट में बंद हुआ। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 92.02 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक शुद्ध खरीददार रहे। उन्होंने बृहस्पतिवार को ।,864.79 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर 2393 खरीदे। हिंदू संवत वर्ष 2079 की शुरुआत के पहले दिन दीपावली पर सोमवार को प्रमुख शेयर बाजार बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में एक घंटे का विशेष कारोबारी सत्र मुहूर्त ट्रेडिंग होगा। दोनों शेयर बाजारों ने अलग-अलग परिपत्रों में बताया कि यह सांकेतिक कारोबारी सत्र शाम को सवा छह बजे से सवा सात बजे के बीच होगा।

# बाजार में स्थिरता के लिए ओपेक कर रहा कामः सऊदी अरब

**भाषा। नई दिल्ली**

**सऊदी** अरब ने शुक्रवार को तेल निर्यातक देशों के संगठन ओपेक और उसके सहयोगी देशों (ओपेक प्लस) द्वारा कच्चे तेल के उत्पादन में कटौती के फैसले का बचाव किया। सऊदी अरब ने कहा कि कटौती का फैसला बाजार को सुरक्षित और स्थिर करने के लिए सही है।

सऊदी ऊर्जा मंत्री अब्दुलअजीज बिन सलमान ने यहां कहा की ओपेक और सहयोगी देश सही काम कर रहे हैं। वह सऊदी प्रधानमंत्री और क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान की अगले महीने प्रस्तावित भारत यात्रा को लेकर जमीन तैयार करने के लिए एक दिवसीय यात्रा पर हैं। उन्होंने कहा कि ओपेक और सहयोगी देशों द्वारा किए गए इस फैसले का मकसद बाजार को सुरक्षित और स्थिर बनाए रखना है। इस फैसले के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी देखी गई। ओपेक और सहयोगी देशों ने इस महीने की शुरुआत में फैसला किया था कि नवंबर से कच्चे तेल के उत्पादन कोटा में 20 लाख बैरल प्रतिदिन की कटौती की जाएगी। इस फैसले के लिए सऊदी अरब को अमेरिका के गुस्से का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिका का मानना है कि कटौती से ऊर्जा कीमतें बढ़ेंगी और रूस को इसका फायदा होगा। भारत की यात्रा पर आए सऊदी अरब के ऊर्जा मंत्री ने वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी और बिजली मंत्री आर के सिंह सहित शीर्ष मंत्रियों के साथ चर्चा की। ओपेक और सहयोगी देशों द्वारा पांच अक्टूबर को उत्पादन में कटौती का फैसला करने के बाद डेटेड ब्रेंट (ब्रेंट क्रूड का हाजिर बाजार) का भाव सात अक्टूबर को बढ़कर 98.77 डॉलर प्रति बैरल हो गया और शुक्रवार को यह 91.35 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर था। संयुक्त अरब अमीरात, इराक और ओपेक के महासचिव ने तेल उत्पादन में कटौती का समर्थन किया है।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) TATAMOTORS_T_ACE REG. NO. DL1LAB6784 -YOM -2018
2) TATAMOTORS_T_ACE REG. NO. DL1LAB6707 -YOM -2018
3) EICHR_VECV_1075_GOODS REG. NO.DL1LAA5804-YOM -2018
4) TATAMOTORS_TATAXENON REG. NO.HR38X6570-YOM -2018
5) TATAMOTORS_TACEMEGA REG. NO.HR38X6646-YOM -2017
6) ASHOK_LEY_AL 1211 REG. NO. HR38Y6436 -YOM -2018
7) ASHOK_LEY_AL 1211- REG. NO. HR38Y1394 -YOM -2018
8) TATAMOTORSTACEMEGA REG. NO.RJ14GJ1210-YOM -2017
9) TATAMOTORST_XENON REG. NO. HR38X3096-YOM -2018
10) TATAMOTORS_TACEMEGA REG. NO.UP14GT3467-YOM- 2017
11) EICHR_VECV_PRO1049 REG. NO.DL1LAB0499-YOM -2018
12) SML_SMLSARTAJ REG. NO. DL1LAC0910-YOM 2019
13) MAH_MAH_JAYO REG. NO. DL1LAC6124 -YOM - 2019
14)TATAMOTORS_TLPT1109FB REG. NO.UP14KT9024-YOM -2022
15) FORCE_FORCETTFBP REG. NO. HR38Y3667-YOM - 2018
16) EICHR_VECV_PRO_2095XP REG. NO.DL1MA9060-YOM -2022
17) EICHR_VECV_VE1075FBP REG. NO.UP37T8356-YOM -2017
18) TATAMOTORS_T_ACE REG. NO. DL1LAB6744 -YOM - 2018

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT

BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR
CONTACT : ABHINAV LAL
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO.7126685775
EMAIL–abhinav.lal@kotak.com

# सोने की कीमतों में कमी, सकारात्मक उपभोक्ता धारणा से आभूषण उद्योग को धनतेरस पर तेजी की उम्मीद

**भाषा। मुंबई**



**त्योहारों** के दौरान उपभोक्ताओं की सकारात्मक धारणा और सोने की कीमतों में कमी के चलते इस धनतेरस पर आभूषणों की मांग बढ़ सकती है। जौहरियों ने यह उम्मीद जताते हुए कहा कि उद्योग से जुड़े लोग महंगाई की चिंताओं और रहन-सहन की लागत बढ़ने के कारण सतर्क भी हैं। इन चिंताओं के बावजूद उद्योग जगत के दिग्गजों का मानना है कि कारोबार पिछले साल के बराबर रह सकता है।

अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण घरेलू परिषद (जीजेसी) के चेयरमैन आशीष पेठे ने कहा कि सोने की कीमतों में नरमी के बावजूद उद्योग जगत सर्तक है। इस समय सोने की कीमत 47,000 – 49,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के आसपास है और आमतौर पर उपभोक्ताओं का रुख सकारात्मक है। पेठे ने कहा कि कोविड-19 महामारी की पहली लहर के चलते स्थगित हुई शादियां पिछले साल हुईं, जिस वजह से मांग में इजाफा हुआ। ऐसे में 2021 में धनतेरस पर अच्छी बिक्री हुई और यह महामारी से पहले के स्तर को पार कर गई। उन्होंने बताया, इस साल धनतेरस पर आभूषणों की मांग, पिछले साल के समान रहने की उम्मीद है। 2021 उद्योग के लिए एक असाधारण साल था, क्योंकि देश धीरे-धीरे महामारी के बाद सामान्य स्थिति की ओर बढ़ रहा था। पेठे ने कहा कि इस साल तेज महंगाई, बढ़ती लागत और बेमौसम बारिश से कृषि गतिविधियां प्रभावित होने से उपभोक्ताओं की धारणा कमजोर हुई है। उन्होंने कहा, आमतौर पर दशहरे के दौरान शुरू होने वाली गहनों की पूर्व बुकिंग इस साल बहुत धीमी रही। हालांकि, सोने की कमजोर कीमत से इस क्षेत्र को फायदा होने की संभावना है। विश्व स्वर्ण परिषद के क्षेत्रीय मुख्य कार्यपालक अधिकारी (भारत) सोमसुंदरम पीआर ने कहा, एक प्रतीक के रूप में सोने की खरीद से इन त्योहारों के आसपास सकारात्मकता बढ़ती है। इसके अलावा, स्थानीय स्तर पर सोने की कीमतों में हुई कमी से उपभोक्ताओं की भावना सकारात्मक लग रही है। उन्होंने हालांकि आशंका जताई कि महंगाई से सोने के आभूषणों की मांग पर तत्काल प्रभाव पड़ सकता है। सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुवनकर सेन ने कहा कि कमजोर कीमतों से मांग पर बहुत अधिक असर नहीं होगा, क्योंकि कमजोर रुपए ने सोने की कीमतों में और गिरावट को रोक दिया है।

## रुपया चार पैसे चढ़कर 82.75 प्रति डॉलर पर

**मुंबई (भाषा)।** अमेरिकी मुद्रा की तुलना में रुपया शुक्रवार को चार पैसे की तेजी के साथ 82.75 प्रति डॉलर (अस्थाई) पर बंद हुआ। रुपए में शुरू में गिरावट आई थी लेकिन घरेलू शेयर बाजार में तेजी के साथ यह बढ़त में बंद हुआ। अंतर-बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.89 पर खुला और बाद में 82.59 के उच्च स्तर तथा 82.91 के निचले स्तर को छूने के बाद अंत में बृहस्पतिवार के बंद भाव के मुकाबले चार पैसे मजबूत होकर 82.75 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। बृहस्पतिवार को रुपया अपने सर्वकालिक निम्न स्तर से उबरकर 21 पैसे की तेजी के साथ 82.79 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को आंकने वाला डॉलर सूचकांक 0.47 प्रतिशत बढ़कर 113.41 पर आ गया। इधर, बीएसई सेंसेक्स 104.25 अंक चढ़कर 59,307.15 अंक पर बंद हुआ। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.11 प्रतिशत घटकर 92.28 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

# अप्रत्याशित लाभ पर कर के कारण दूसरी तिमाही में रिलायंस इंडस्ट्रीज का लाभ स्थिर

**भाषा। नई दिल्ली**

**उद्योगपति** मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 13,656 करोड़ रुपए पर स्थिर रहा। हाल में अप्रत्याशित लाभ पर लगाए गए कर और कम रिफाइनिंग मार्जिन का कंपनी के तेल कारोबार से होने वाली कमाई पर असर पड़ा है।

रिलायंस ने शुक्रवार को शेयर बाजार को भेजी सूचना में जानकारी देते बताया कि कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 13,656 करोड़ रुपए रहा। इससे पिछले वित्त वर्ष 2021-22 की समान तिमाही में कंपनी ने 13,680 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। तेल से लेकर दूरसंचार क्षेत्र में कारोबार करने वाली कंपनी का शुद्ध लाभ पिछली तिमाही की तुलना में 24 प्रतिशत घटा है। पिछली तिमाही में कंपनी का लाभ 17,955 करोड़ रुपए था। इसका मुख्य कारण कंपनी के मुख्य कारोबार ओ2सी (ऑयल टू केमिकल) की कमाई का नए कर से प्रभावित होना है। सरकार ने एक जुलाई से डीजल, पेट्रोल और विमान ईंधन के निर्यात पर नया कर लगाया। सरकार ने निर्यात कर के अलावा घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर होने वाले लाभ को लेकर भी कर लगाया। इसका मकसद यूक्रेन युद्ध के कारण तेल के दाम में तेजी से होने वाले लाभ में से हिस्सा लेना था। खुदरा और दूरसंचार कारोबार में अच्छी कमाई से समूह को दूसरी तिमाही में लाभ को बनाए रखने में मदद मिली।

सरकार ने यूक्रेन में युद्ध के बाद वैश्विक ऊर्जा कीमतों में उछाल से होने वाले लाभ को दूर करने के लिए घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल के साथ-साथ ईंधन के निर्यात पर कर लगा दिया था। यदि अप्रत्याशित लाभ कर नहीं लगाया गया होता तो कंपनी का शुद्ध लाभ 20 प्रतिशत से अधिक होता। बीती तिमाही में अप्रत्याशित लाभ कर से कंपनी को 4,039 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। इससे कंपनी के ओ2सी (ऑयल टू केमिकल) कारोबार से कर पूर्व आय लगभग छह प्रतिशत घटकर 11,968 करोड़ रुपए रह गई।

बयान के अनुसार समूह की डिजिटल इकाई जियो प्लेटफार्म का शुद्ध लाभ सितंबर तिमाही में 27 प्रतिशत बढ़कर 4,729 करोड़ रुपए और खुदरा कारोबार से कर पूर्व आय 51 प्रतिशत बढ़कर 4,404 करोड़ रुपए हो गई। साथ ही तेल और गैस उत्पादन से समूह का राजस्व तीन गुना बढ़कर 3,171 करोड़ रुपए हो गया। इससे समूह को अप्रत्याशित लाभ कर से हुए नुकसान को दूर करने में मदद मिली है।

# प्रमुख सचिव परिवहन ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण, जानीं समस्याएं

संवाददाता। बांदा

**प्रमुख सचिव** परिवहन विभाग एल वेंकटेश्वर लू ने सर्किट हाउस सभागार में गत दिवस मंत्रिमण्डल समूह के द्वारा बाढ़-अतिवृष्टि से हुई सम्पत्तियों इत्यादि की क्षति के सम्बन्ध में बैठक बाढ एवं अतिवृष्टि से प्रभावित में दिये गये दिशा.निर्देशों के अनुपालन के सम्बन्ध में जनपद के सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों के साथ के अधिकारियों द्वारा उसके अनुपालन में किये गये कार्यों की समीक्षा बैठक बाढ अतिवृष्टि से प्रभावित ग्राम शंकरपुरवा मजरा नॉदादेव एवं ग्राम नरी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी बांदा अनुराग पटेल, अपर जिलाधिकारी (विरा) उमाकान्त त्रिपाठी तथा उपनिदेशक कृषि निदेशक उपजिलाधिकारी पैलानी, तहसीलदार पैलानी, जिला कृषि अधिकारी बॉदा भूमि संरक्षण अधिकारी आदि अधिकारी मौजूद रहे।

प्रमुख सचिव द्वारा सर्वप्रथम ग्राम शंकरपुरवा मजरा नॉदादेव ग्राम के निरीक्षण के उपरान्त मजरे में आयोजित चौपाल की अध्यक्षता की, जिसमें जिलाधिकारी बांदा द्वारा अवगत कराया गया कि बाढ़ से 45.200हे. बोया गया रकबा प्रभावित है जिसमें से प्रभावित कृषकों की संख्या.150 है तथा प्रभावित 80 व्यक्तियों को बाढ़ में फैारी सहायता तथा 30 परिवारों को खाद्यान्न किट का वितरण कराया गया है उक्त मजरे में 12 ऑशिक क्षतिग्रस्त मकान की क्षतिपूर्ति धनराशि उनके खाते में भेजी जा चुकी है। बाढ़ से प्रभावित 150 कृषक कृषि निवेश हेतु चयनित किए गए है जिसमें से 57 कृषकों के खातों में धनराशि भेजी जा चुकी है शेष कृषकों के खातों में धनराशि भेजने का कार्य प्रक्रिया में है। प्रमुख सचिव द्वारा उपरोक्त जानकारी के विषय में उपस्थित ग्राम वासियों से जानकारी प्राप्त की जिसकी पुष्टि ग्रामीणों द्वारा की गयी जिस पर उनके द्वारा संतोष व्यक्त किया गया। उपस्थित ग्रामवासियों द्वारा मुख्य रूप से यह मॉग की गयी है कि प्रति वर्ष बाढ़ के कारण उनके मकानों की क्षति होती है इसके लिए उन्हें अलग से आवासीय पट्टा दिया जाए। जिस पर जिलाधिकारी अनुराग पटेल द्वारा तहसीलदार पैलानी को निर्देशित किया गया है कि एक सप्ताह के अन्दर भूमि की तलाश कर मजरा शंकरपुरवा के ग्रामीणों के नाम पट्टा निष्पादन की कार्यवाही कर समस्या का शीघ्र निस्तारण करायें।

तत्पश्चात ग्राम नरीए तहसील पैलानी में आयोजित चैपाल में प्रमुख सचिव द्वारा ग्रामीणों को बाढ़ में उपलब्ध कराई गयी सहायता तथा समस्याओं को सुना गया। तहसीलदार पैलानी द्वारा अवगत कराया गया कि इस ग्राम में कुल रकबा 1992.0250हे है जिसमें बोया गया 25.187 हे रकबा बाढ़ से प्रभावित है। इस ग्राम में बाढ़ से प्रभावित 120 कृषक है। बाढ में प्रभावित व्यक्तियों को फैारी सहायता के रूप में 25 पैकेट तथा 10 व्यक्तियों को खाद्यान्न किट का वितरण किया गया है। बाढ से 05 मकान ऑशिक क्षतिग्रस्त तथा अतिवृष्टि से 03 मकान ऑशिक क्षतिग्रस्त हुए हैए कृषि निवेश के अन्तर्गत 94 व्यक्तियों का चयन किया गया हैए जिसके सापेक्ष 76 कृषकों के खाते में धनराशि का प्रेषण किया जा चुका है। कृषि निवेश का पुन: सर्वे कराया जा रहा है। प्रमुख सचिव द्वारा वहॉ उपस्थित ग्रामीणों से इस सम्बन्ध में पूछा गया जिसमें उनके द्वारा उक्त से सहमत व्यक्त की गयी तथा रपटा ठीक कराने तथा केन नदी के किनारे पिंचिग का कार्य कराने हेतु अनुरोध किया गयाए जिससे गॉव के किनारे मिट्टी की कटान रूक सके। इसी प्रकार ग्रामीणों द्वारा निवाइच एवं पैलानी डेरा की सोसाइटी बन्द होने के कारण खाद्य न मिल पाने की शिकायत की गयीए जिसमें जिलाधिकारी द्वारा तत्काल सम्बन्धित को निर्देशित किया गया कि समय खाद किसानों को उपलब्ध करायें तथा सम्बन्धित विभाग के द्वारा अवगत कराया गया है कि पैलानी डेरा की खाद्य सिन्धनकलॉ में तथा निवाइच की खाद्य जसपुरा में वितरित होगी।



# सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव की आत्मा की शांति के लिए शांति पाठ व हवन

भाषा। इटावा

**समाजवादी पार्टी** के संस्थापक एवं दिवंगत मुलायम सिंह यादव की आत्मा की शांति के लिए शुक्रवार को यहां उनके पैतृक आवास पर वृंदावन, हरिद्वार, अयोध्या से आए महंतों और पंडितों द्वारा वैदिक रीति से शांति पाठ और हवन किया गया।

पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि सपा संस्थापक की मौत के 11वें दिन उनके बेटे अखिलेश यादव, बहू डिंपल यादव और पौत्र की मौजूदगी में यहां रस्में अदा की गई। सूत्रों ने बताया कि दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए यादव के भाई अभयराम सिंह, राम गोपाल यादव, राजपाल सिंह यादव, शिवपाल सिंह यादव और उनके भतीजे धर्मेंद्र यादव, प्रतीक यादव, अंकुर उर्फ आदित्य यादव, अंशुल यादव, कार्तिकेय यादव, अनुराग यादव सहित परिवार के सदस्यों ने शांति यज्ञ और हवन में आहुति दी। मंत्र जाप के बीच परिवार के अन्य सदस्यों और रिश्तेदारों ने भी संस्कार में हिस्सा लिया। परिवार के सदस्यों ने बताया कि नेताजी तेरहवीं भोज को समाज में कुरीति के रूप में देखते थे, अत: नेताजी की मृत्यु पर तेरहवीं भोज नहीं करने का निर्णय किया गया और उनकी आत्म शुद्धि के लिए शांति पाठ, शांति यज्ञ हवन किया गया। शांति हवन के पश्चात तेरह कर्मकांडी ब्राह्मणों को भोजन, दान दक्षिणा आदि दिया गया। यह सुनिश्चित करने के लिए कि शांति पाठ और अन्य संस्कारों में कोई गड़बड़ी न हो, जिला प्रशासन द्वारा सैफई में यादव के आवास के आसपास सड़क पर बैरिकेडिंग करके वाहनों और भीड़ की आवाजाही को निर्यंत्रित करने के लिए सख्त सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। वरिष्ठ समाजवादी नेता मुलायम सिंह यादव का 10 अक्टूबर को गुरुग्राम (हरियाणा) के मेदांता अस्पताल में निधन हो गया था। उनका अगले दिन पूरे राजकीय सम्मान के साथ उस स्थान के पास अंतिम संस्कार किया गया, जहां उनके पैतृक गांव सैफई में उनकी पहली पत्नी मालती देवी का अंतिम संस्कार किया गया था।

# नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म, पुलिस ने किया मामला दर्ज

भाषा। मथुरा

**मथुरा जिले** के छाता निवासी दो भाइयों द्वारा मांट थाना क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की से कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म करने और उससे वेश्यावृत्ति कराने का मामला सामने आया है। पुलिस ने अदालत के आदेश पर संबंधित धाराओं में आरोपियों के खिलाफ बृहस्पतिवार को प्राथमिकी दर्ज की। पुलिस ने यह जानकारी दी। पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया कि उन्होंने मांट थाना में शिकायत की थी लेकिन उन्हें न तो कोई संतोषजनक जवाब मिला और न ही अभियुक्तों के खिलाफ कोई कार्वाई की गई। वह उस समय तैनात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) से भी मिले पर जब न्याय नहीं मिला तो उन्होंने अदालत का रुख किया। यौन अपराध से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) कानून के तहत दर्ज मामलों का निपटारा करने के लिए गठित विशेष अदालत के न्यायाधीश ने छाता निवासी दोनों आरोपी भाइयों उदय एवं ईश्वर, देवेंद्र पाल सिंह (लखनऊ), दीपक देशवाल (राजस्थान) व एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश दिया।

शहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) विजय कुमार सिंह ने शुक्रवार को बताया कि आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा मामले की जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि जांच के निष्कर्ष के अनुसार कार्वाई की जाएगी। मांट थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया कि छाता क्षेत्र के गांव के दो भाइयों उदय एवं ईश्वर ने उनकी नाबालिग पुत्री को शीतल पेय में नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश कर दिया और उससे सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद होटल में ले जाकर अन्य व्यक्तियों के साथ वेश्यावृत्ति के लिए सौंप दिया। एसएचओ ने बताया कि पीड़ित के पिता ने आरोप लगाया कि एक युवक ने उसकी नाबालिग पुत्री को जाल में फंसा लिया और घर पर आने-जाने लगा। युवक ने अपने भाई के साथ मिलकर उसकी पुत्री को शीतल पेय में नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश कर दिया और फिर उससे सामूहिक दुष्कर्म किया। प्राथमिकी के हवाले से उन्होंने बताया कि जब पिता को मामले की जानकारी मिली तो उन्होंने शिकायत की जिस पर उक्त युवक ने उनसे माफी मांग ली। इसके बाद एक दिन वह अपने छोटे भाई के लिए रिश्ता लेकर उनके घर आ गया। लोकलाज के चलते अच्छा विकल्प देख दोनों तरफ से रजामंदी होने पर उन्होंने बेटी की सगाई कर दी। इसके बाद उन दोनों ने मिलने-जुलने के बहाने अपने घर ले जाकर उनकी बेटी से लंबे समय तक दुष्कर्म किया और उसकी कुछ अश्लील फोटो-वीडियो बना लीं। इस बीच वे दोनों उसे उन्हीं फोटो व वीडियो को सोशल मीडिय पर वायरल करने की धमकी देकर उसका शारीरिक शोषण करते रहे। 16 जुलाई 2020 को वे पीडित को मंडी चौराहे के समीप एक गेस्ट हाउस में ले गए और वहां उससे दुष्कर्म किया। आरोपी पीडति का 2016 से ही उत्पीड़न कर रहे थे, तब वह नाबालिग थी। शिकायत के अनुसार, वहां गेस्ट हाउस में ठहरे हुए एक अन्य व्यक्ति ने भी आरोपियों की शह पर उससे दुष्कर्म किया। आरोप यह भी है कि इन लोगों ने पीड़िता को राजस्थान के महुआ शहर में किसी व्यक्ति के पास भेजा था। उसने जब-जब विरोध किया तो उसे मारा-पीटा जाता था और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी जाती थी। बाद में आरोपियों ने पीड़िता को खौलते पानी से जला दिया गया और उसी हालत में बिना इलाज कराए पिता के घर छोड़ गए।

# तालाब में डूब कर युवक की मौत

**बरेली।** गांव के पास स्थित तालाब में डूबने से एक युवक की मौत हो गई उसकी लाश आज सुबह तालाब में तैरती पाई गई सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी। देवरनिया थाने के गांव शहेरा पश्चिमी निवासी 35 वर्षीय मोहन स्वरूप पुत्र प्रसादी लाल की लाश आज सुबह गांव के पास स्थित मछली के तालाब में तैरती पाई गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के भाई मनोज कुमार ने बताया कि मोहन स्वरूप तीन भाइयों में सबसे बड़ा था और गांव के पास ही स्थित फरियाद के तालाब की मछलियों की देखभाल करता था और वहीं पर झोपड़ी बनाकर रहता था लेकिन वह रोजाना खाना खाने के लिए घर पर ही आता था दो दिन पहले वह झोपड़ी से अचानक लापता हो गया शाम को जब वह खाना खाने के लिए घर नहीं पहुंचा तो घर के लोग उसे तलाशने में जुट गए लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला कल भी पूरे दिन उसे तलाशने की कोशिश जारी रही।

# न्यायालय ने पूर्व विधायक की बहू की शिकायत पर भाजपा विधायक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने को कहा

भाषा। शाहजहांपुर

**उत्तर प्रदेश** के शाहजहांपुर जिले के पूर्व विधायक की पुत्रवधू की शिकायत पर न्यायालय ने भाजपा विधायक समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया है।

पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा की पुत्रवधू रुचि वर्मा के अधिवक्ता प्रमोद तिवारी ने शुक्रवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि रुचि वर्मा की शिकायत पर अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आसमा सुल्ताना के एमपी एमएलए कोर्ट ने तिलहर विधानसभा के भाजपा विधायक सलोना कुशवाहा तथा प्रखंड कार्यालय में कार्यरत लिपिक दानिश और सरिता यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया है। उन्होंने बताया कि न्यायालय की में की गई शिकायत में पूर्व विधायक की पुत्रवध रुचि ने कहा है कि उनके ससुर रोशन लाल वर्मा समाजवादी पार्टी से तिलहर विधानसभा का चुनाव लड़े थे, परंतु भाजपा की सलोना कुशवाहा से चुनाव हार गए थे। इसके बाद से सलोना कुशवाहा लगातार उनके परिवार का आर्थिक तथा सामाजिक रुप से उत्पीड़न कर उन्हें प्रताड़ित कर रही हैं। तिवारी ने बताया कि निगोही प्रखंड कार्यालय में मौजूद परिवार रजिस्टर का निरीक्षण करने के बाद भाजपा विधायक सलोना कुशवाहा ने लिपिक दानिश से परिवार रजिस्टर ले लेकर चली गई, बाद में जब रजिस्टर वापस किया तो उसमें रोशन लाल वर्मा के परिवार में उनकी कथित पुत्र वधू सरिता यादव का नाम बढा हुआ था। अधिवक्ता ने बताया कि इसी मामले को लेकर रुचि वर्मा ने थाना निगोही के अलावा पुलिस अधीक्षक से भी मामले की शिकायत की परंतु उनकी कहीं नहीं सुनी गई तब उन्होंने न्यायालय में शिकायत दर्ज कराई जहां से भाजपा विधायक सलोना कुशवाहा लिपिक दानिश तथा कथित पुत्रवधू सरिता यादव के अलावा अन्य आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश न्यायालय ने दिया है। पुलिस अधीक्षक एस आनंद ने बताया कि उन्हें अभी न्यायालय से हुए आदेश की प्रति प्राप्त नहीं हुई है, और न्यायालय का आदेश प्राप्त होने के बाद नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।वहीं भाजपा विधायक सलोना कुशवाहा ने बताया कि परिवार रजिस्टर के संबंध में उन्हें कोई जानकारी नहीं है और उन पर जो भी आरोप लगाए जा रहे हैं वह राजनैतिक द्वेष भावना के तहत लगाए जा रहे हैं। गौरतलब हैं कि सरिता यादव पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा के बेटे स्वर्गीय विनोद वर्मा की दूसरी पत्नी हैं, जबकि रोशन लाल वर्मा का कहना है कि सरिता हमारे बेटे की पत्नी नहीं है। विनोद वर्मा की मौत के बाद से यह जायदाद को लेकर पारिवारिक विवाद चला आ रहा है।

# मथुरा में ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में भाई दूज से दर्शन का समय बदला जाएगा

**मथुरा ( भाषा )।** वृन्दावन के प्रसिद्ध ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में भाई दूज (27 अक्टूबर) से दर्शन का समय बदला जाएगा। मंदिर प्रबंधन की ओर से शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। मंदिर के महाप्रबंधक मुनीश शर्मा एवं प्रबंधक उमेश सारस्वत ने बताया कि सात अक्टूबर से मंदिर में दर्शन की शरदकालीन समय सारणी लागू हो जाएगी, जो होली के आगे तक चलेगी।

उन्होंने बताया कि हर वर्ष दिवाली के बाद भाई दूज से ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में ठाकुर जी के दर्शन के समय में बदलाव किया जाता है। इसी परंपरा का पालन करते हुए मंदिर के दर्शन के समय में परिवर्तन किया जा रहा है, जिसके अनुसार 27 अक्टूबर भाई दूज से ठाकुर बांकेबिहारी के पट सुबह आठ बजकर 45 मिनट पर खुलेंगे। आठ बजकर 55 मिनट पर श्रृंगार आरती के दर्शन होंगे। दोपहर 12 बजे ठाकुरजी का राजभोग आएगा, साढ़े 12 बजे फिर से ठाकुरजी के पट खुलेंगे और इसके बाद दोपहर 12 बजकर 55 मिनट पर भक्तों को राजभोग आरती के दर्शन होंगे। उन्होंने बताया कि इसके बाद शाम को साढ़े चार बजे से पुन: ठाकुर जी के दर्शन होंगे। शाम साढ़े सात बजे शयन भोग आएगा। इसके बाद रात आठ बजे से ठाकुरजी का भक्तों को दर्शन मिलेगा। रात आठ बजकर 25 मिनट पर शयन भोग आरती के दर्शन होंगे। इसके अलावा मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर दिवाली एवं अन्नकूट आदि पर्वों को धूमधाम से मनाने की तैयारियां चल रही हैं। इसी बीच 25 अक्टूबर को पड़ने वाले सूर्यग्रहण के दिन जन्मस्थान के सभी मंदिरों के कपाट बंद रहेंगे। श्रीकृष्ण-जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने बताया कि दीप महोत्सव का प्रारंभ 23 अक्टूबर को होगा। सायंकाल भगवान श्री केशव देव के सम्मुख पुष्प-रंगोली के मध्य दीपदान का आयोजन होगा। 24 अक्टूबर को श्री अन्नपूर्णेश्वरी महादेव मंदिर में दीपदान होगा। मंदिर के प्रधान पूजाचार्य विन्ध्एश्वरी प्रसाद अवस्थी ने बताया कि 25 अक्टूबर सूर्यग्रहण होने के कारण प्रात: चार बजकर 29 मिनट पर ग्रहण के सूतक की शुरूआत हो जाएगी।

# बच्चों ने गोबर से तैयार किये पर्यावरण के अनुकूल फायर प्रूफ दीये

- लोगों के बीच बने आकर्षण का केंद्र

**जालौन ( उरई )।** नगर के मोहल्ला नया खंडेराव में बच्चों द्वारा गोबर से तैयार किए हुए फायर प्रूफ दीये लोगों के आकर्षण के केंद्र में बने हुए हैं। यह दीये पर्यावरण के अनुकूल भी हैं। पांच दिवसीय दीपावली का त्योहार शुरू हो चुका है। दीपावली का पर्व दीयों के बिना अधूरा है। दीपावली के पर्व का प्रमुख आकर्षण दीये ही हैं। घर में भले ही कितनी भी सजावट क्यों न हो यदि दीये नहीं जलाए गए तो त्योहार अधूरा ही माना जाएगा। हालांकि बाजार में एक से बढ़कर एक दीये उपलब्ध हैं। पहले जहां मिट्टी के दीये जलाने का चलन था। इसके बाद डिजायनर दीये भी बाजार में आ गए। अब तो इलेक्ट्रिक दीये भी बाजार में उपलब्ध है। लेकिन इस चकाचौंध के बीच नगर में बन रहे गोबर के दीये लोगों के आकर्षण के केंद्र में हैं। नगर के मोहल्ला नया खंडेराव में राधेश्याम बाबा अपने नातियों साथ गोबर के दीये बना रहे हैं। बच्चे भी पढ़ाई और होमवर्क के बाद दीये बनाने में उनका हाथ बंटाते हैं। इन बच्चों द्वारा बनाए जा रहे दीये रेडीमेड दियों को टक्कर दे रहे हैं। राधेश्याम बाबा ने बताया कि यह दीये फायर प्रूफबनाए जा रहे हैं। ताकि दीये जलने के दौरान उनमें आग न लगे। गाय के गोबर से बने दिये में जब आप गाय का देसी घी या सरसों का तेल डालकर जलाएंगे तो एक घंटे में यह दिया 2 टन आक्सीजन उत्पादन करेगा। यह दीये पूरी तरह से पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखकर बनाए जा रहे हैं। गोबर से बने यह दीये लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

# प्रशिक्षण में गुणवत्ताहीन खाना मिलने से नाराज शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

- पहाडी ब्लाक संसाधन केंद्र में चल रहा प्रशिक्षण
- खंड शिक्षा अधिकारी ने आरोपों को बताया निराधार

संवाददाता। पहाड़ी ( चित्रकूट)



प्रदर्शन करते शिक्षक

**ब्लॉक संसाधन** केन्द्र पहाड़ी में निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत अध्यापकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण हो रहा है।प्रशिक्षण के दौरान घटिया खाना मिलने से नाराज शिक्षकों ने हाथों में प्लेट लेकर प्रदर्शन किया।

मिली जानकारी के मुताबिक शिक्षकों का यह प्रशिक्षण सुवह 9 बजे से शुरू होकर शाम 5 बजे तक चलता है। जिसमें अध्यापकों को सुवह का नाश्ता व दोपहर का भोजन दिया जाता है। खाने का टेन्डर किसी मनीष नाम के व्यक्ति को दिया गया है। शिक्षकों द्वारा बताया गया कि खाने की गुणवत्ता पहले दिन से ही खराब रही है। जिसकी शिकायत खाना वनाने वालो से की गयी थी गुणवत्ता ठीक करने का आश्वासन भी मिला था लेकिन जब अभी तक गुणवत्ता ठीक नहीं हुई तो हम लोग मजबूर होकर खाने का बहिष्कार किये है। दाल के नाम पर पानी जैसी दाल, सूखी रोटी, पाउडर के बने रसगुल्ले दिये जा रहे हैं। वही नाश्ते में सूखा पोहा दिया गया है। खाने के बहिष्कार के बाद अध्यापकों द्वारा अपने से समोसे मंगाकर भूख शान्त की गयी। शिक्षकों द्वारा खाली थाली लेकर खाने का बहिष्कार करते हुए गुणवत्तायुक्त खाना देने की मांग की गयी। इस मौके पर मनोज पाण्डेय, अनुज नारायण पाण्डेय, प्रियंका, दिव्या, पूजा, राजेश सिंह, आशीष सिंह, रामभूषण पांडेय, राजकुमारी, सहित द्वितीय बैच के सभी शिक्षक उपस्थित रहे। वहीं इस सम्बन्ध में जब खंड शिक्षा अधिकारी पहाड़ी मिथलेश कुमार से बात की तो उन्होने बताया कि आज पनीर की सब्जी की जगह रसोइया द्वारा कढी बनाने के चलते यह सब हुआ। जबकि उनके द्वारा शिक्षकों से खुद कह रखा है कि प्रत्येक दिन मीनू के हिसाब खुद रसोइया से बनवाइये।

## क्विक न्यूज

### मिट्टी का टीला धंसा, मलबे में दबकर दो युवकों की मौत, दो घायल

**ललितपुर (उप्र)।** उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले की तालबेहट कोतवाली क्षेत्र के पूरा कला गांव के मजरा विजयपुरा में शुक्रवार दोपहर घर की पुताई के लिए लाल मिट्टी की खुदाई करते समय एक टीला धंस गया, जिससे उसमें दब कर दो युवकों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। ललितपुर जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि तालबेहट कोतवाली क्षेत्र के पूरा कला गांव के विजयपुरा मजरे में शुक्रवार दोपहर नीरज कुशवाहा (22), जीतू कुशवाहा (19), सोनू (28) और बबलू (30) दीपावली के त्योहार में घर की पुताई के लिए लाल मिट्टी की खुदाई कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इसी दौरान अचानक टीला धंस गया, जिसके मलबे के नीचे चारों युवक दब गए। उन्होने बताया कि हादसे की जानकारी होने पर पुलिस और ग्रामीणों ने किसी तरह सभी युवकों को मलबे से बाहर निकाला और नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने नीरज कुशवाहा और जीतू कुशवाहा को मृत घोषित कर दिया। चौधरी ने बताया कि घायल सोनू और बबलू का अभी इलाज चल रहा है और दोनों युवक खतरे से बाहर हैं। अधिकारी ने बताया कि हादसे की जानकारी होने पर उपजिलाधिकारी अमित बाजपेई और अन्य राजस्व अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

### मुजफ्फरनगर में मुठभेड़ के बाद 50 हजार रुपए का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर जिले के जानसठ थाना अंतर्गत खतौली-मीरानपुर मार्ग पर मीरापुर दलपत गांव के निकट मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने 50 हजार रुपए के एक इनामी बदमाश अजय उर्फ अजीत को गिरफ्तार कर लिया। इस मुठभेड़ में अपराधी को गोली भी लगी है। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) विनीत जायसवाल ने बताया कि बृहस्पतिवार की देर रात पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) शकील अहमद के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने बाइक सवार एक व्यक्ति को रोका, जिसने पुलिसकर्मियो पर गोलियां चला दी। एसएसपी ने बताया कि जवाबी गोलीबारी में अजय उर्फ अजीत को गोली लगी और उसे अस्पताल ले जाया गया। उन्होने बताया कि अजय उर्फ अजीत हत्या और लूट के कई मामलों में शामिल था, जिसमें एक सरकारी शिक्षक राधेश्याम की हत्या भी शामिल है। 2021 में शिक्षक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी और उसके शव को गंगा नहर में फेंक दिया था। इस बीच, एसएसपी जायसवाल ने पुलिस टीम को अच्छे काम के लिए 25,000 रुपए के इनाम की घोषणा की है।

### शादी का झांसा देकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले को सात साल की सजा

**मथुरा (उप्र)।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के अपर जिला एवं सत्र न्यायालय (पॉक्सो) ने एक नाबालिग युवती को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने के मामले में इंदौर के एक युवक को सात वर्ष के कारावास एवं 30 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अभिषेक कुमार सिंह ने शुक्रवार को बताया कि यह मामला वर्ष 2017 का है। दिल्ली के जगजीवन नगर निवासी 17 वर्षीय युवती का इंदौर निवासी युवक शिवकुमार पाल से सोशल मीडिया के माध्यम से सम्पर्क स्थापित हुआ, जिसके बाद दोनों आपस में मिलने लगे। पीड़िता ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि वे दोनों 25 दिसम्बर 2016 को वृन्दावन आए, जहां आरोपी ने उसके पति के रूप में होटल का कमरा बुक कराया और वहां उनके बीच शारीरिक संबंध भी स्थापित हुए। इसमें कहा गया है कि कुछ माह बाद जब उसने 2017 में अभियुक्त को गर्भ ठहरने का हवाला देते हुए शादी कर लेने की बात कही तो उसने मना कर दिया, इसके बाद उसने 10 मई को आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया। उन्होंने कहा कि मुकदमा दर्ज होने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायालय (पॉक्सो एक्ट) प्रथम रामराज की अदालत में हुई। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद बृहस्पतिवार को फैसला सुनाते हुए उसे दोषी करार दिया और सात वर्ष के कारावास की सजा सुनाई और 30 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया। अदालत ने कहा कि जुर्माना न अदा करने पर उसे तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

### संभल में 25 क्विंटल अवैध पटाखे और विस्फोटक सामग्री बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

**संभल (उप्र)।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में पुलिस ने 10 लाख रुपए के 25 क्विंटल अवैध पटाखे और विस्फोटक सामग्री बरामद करने के साथ ही दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) श्रीश चंद्र ने बताया कि संभल कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कोट पूर्वी में आज कमल प्रकाश के मकान से लगभग 25 क्विंटल (132 कार्टन) अवैध पटाखे विस्फोटक सामग्री बरामद की गई जिसकी अनुमानित लागत लगभग 10 लाख रुपए है। उन्होने बताया कि इस मामले में कमल प्रकाश और कीर्ति शरण के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को सात वर्ष की कैद

**हमीरपुर।** बीते 30 वर्ष पूर्व अपनी मां के साथ ननिहाल जा रही किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने के मामले में अदालत ने एक दोषी को सात वर्ष का कठोर कारावास व 27 हजार रुपये का जुर्माना सुनाया है। जबकि साक्ष्य के अभाव में तीन आरोपितों को दोषमुक्त कर दिया गया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता चंद्रप्रकाश गोस्वामी व राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि कुरारा थाने के एक गांव निवासी महिला ने 17 मार्च 1992 को थाने में तहरीर दी। जिसमें उसने बताया कि मकर संक्रांति के मौके पर उसकी विधवा बहू अपनी 15 वर्षीय बेटी के साथ मायके गई थी। जिन्हें गांव निवासी रामचरन, कल्लू पुत्र रामऔतार, राम सिंह व छोटे पुत्रगण राजाराम, रामऔतार व बजरंग अपने साथ रास्ते से जबरन ले गए। साथ ही बीती रात घर में घुस लूटपाट का आरोप लगाया। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर किशोरी व उसकी मां की तलाश शुरू कर दी। किशोरी के बरामद होने पर उसने न्यायालय में दिए अपने बयानों में बताया कि उक्त लोग उसे जबरन अपने साथ क्षेत्र के पतारा गांव ले गए। उसके बाद जालौन के एक गांव ले गए जहां उसके साथ रामचरन ने दुष्कर्म किया। फिर भिंड ले गए वहां फिर रामचरन ने उससे गलत काम किया। बाद में रामचरन का पिता रामऔतार उसे कुरारा ले आया। पुलिस ने सभी आरोपितों के खिलाफ चार्जशीट न्यायालय में दाखिल की। दौरान मुकदमा आरोपित बजरंग व रामऔतार की मौत हो गई। शुक्रवार को मामले की सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी प्रथम सुशील कुमार खरवार ने रामचरन को मामले का दोषी माना। जबकि कल्लू, राम सिंह व छोटे को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया।

### आईएसआईएस सदस्य की गिरफ्तारी के बाद नेपाल सीमा पर अलर्ट

**महाराजगंज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) के एक सदस्य बासित कलाम सिद्दीकी के पकड़े जाने के बाद भारत-नेपाल सीमा पर अलर्ट जारी किया गया है। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अलर्ट के बाद महराजगंज जिले के सोनौली सीमा पर नेपाल से आने वालों की सघन छानबीन की जा रही है। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के सहायक कमांडेंट ललित मोहन डोभाल ने शुक्रवार को यहां कहा कि हर गुजरने वाले नागरिक की पूरी जांच की जा रही है और जवानों को भी सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है। उन्होने कहा कि सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवान भगवानपुर, श्यामकोट, डंडा हेड, खनुआ, हरदीदली, सुंडी, मुडीला, चंडीथन और संपतिहा आदि गांवों के नेपाल यातायात मार्गों पर कड़ी नजर रख रहे है। उन्होने कहा कि उनकी पहचान की पुष्टि होने के बाद ही सीमा पार करने दिया जाएगा। एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आईएसआईएस के गुर्गे की गिरफ्तारी के बाद उच्च अधिकारियों की ओर से सतर्क रहने के आदेश जारी किए गए है और खुफिया एजेंसियां सोनौली सीमा पर डेरा डाले हुए है। उन्होंने बताया कि एसएसबी की 22वीं और 66वीं बटालियन ने भारत-नेपाल सीमा पर गश्त बढ़ा दी है। डोभाल ने कहा कि सोनौली के मुख्य द्वार पर गहन जांच और पूछताछ के बाद ही लोगों को भारत में प्रवेश की अनुमति मिल रही है।

### आगरा में नाबालिग से छेड़छाड़ पर मौलवी गिरफ्तार

**आगरा (भाषा)।** आगरा के थाना एत्माद्दौला क्षेत्र मे एक मौलवी ने एक नाबालिग को मस्जिद मे ले जाकर उसके साथ कथित रूप से अश्लील हरकत और छेड़छाड़ की, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद पुलिस ने परिजनो की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी मौलवी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होने बताया कि पांच साल की नाबालिग बच्ची मस्जिद मे पढ़ाई को गई थी, तभी मौलवी ने उसे जबर्दस्ती पकड़कर मस्जिद के अंदर ले गया और उसके साथ कथित रूप से अश्लील हरकत और छेड़छाड़ की। इस संबंध मे शुक्रवार को थाना एत्माद्दौला निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि परिजनो ने पुलिस को पूरी घटना से अवगत कराया और मौलवी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर मौलवी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### निर्दोष को फंसाने के आरोप में दरोगा समेत चार पुलिसकर्मी निलंबित

**बदायूं (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले के बिनावर थाना इलाके मे वर्दी का दुरुपयोग करने और एक मासूम को स्मैक तस्कर के रूप मे फंसाने और उससे पांच लाख रुपए की मांग करने के आरोप मे एक उप निरीक्षक (दरोगा) और तीन आरक्षी (कांस्टेबल) को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

# गत चैंपियन वेस्टइंडीज टी-20 विश्वकप से बाहर



भाषा। होबार्ट

## ● आयरलैंड ने नौ विकेट से हराया
## ● सुपर 12 चरण में जगह बनाई

**आयरलैंड** ने दो बार की चैम्पियन वेस्टइंडीज को टी20 विश्व कप के प्रारंभिक चरण से ही बाहर करके नौ विकेट से जीत के साथ सुपर 12 चरण में जगह बना ली। सलामी बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग ने 48 गेंद में 66 रन बनाए। वेस्टइंडीज के पांच विकेट पर 146 रन के जवाब में आयरलैंड ने 15 गेंद बाकी रहते एक विकेट पर 150 रन बना लिए। स्टर्लिंग ने पहले विकेट के लिए कप्तान एंडी बालबर्नी (37) के साथ 73 रन की साझेदारी की। इसके बाद लोरकान टकर के साथ 77 रन की अटूट साझेदारी भी की। टकर ने नाबाद 45 रन बनाए। इससे पहले वेस्टइंडीज के कप्तान निकोलस पूरन ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन उनके बल्लेबाज कसौटी पर खरे नहीं उतर सके। ब्रेंडन किंग ने 48 गेंद में सर्वाधिक 62 रन बनाए। वेस्टइंडीज के लिए यह टूर्नामेंट बुरे सपने की तरह रहा जिसमें पहले ही मैच में उसे स्कॉटलैंड ने हराया था। आयरलैंड के लिए स्पिनर जेरेथ डेलानी ने टी20 कैरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 16 रन देकर तीन विकेट लिए। डेलानी ने कहा , हमारा सपना सच हो गया। हम सभी बहुत खुश हैं। हमारे लिए यह यादगार दिन है। ग्रुप बी की सभी चार टीमें एक जीत और एक हार के साथ दौड़ में थी। जिम्बाब्वे को आखिरी मैच में स्कॉटलैंड से खेलना है और इसमें जीतने वाली टीम सुपर 12 में पहुंच जाएगी। पूर्व चैम्पियन श्रीलंका और नीदरलैंड ग्रुप ए से सुपर 12 में पहुंचे हैं।

## जिम्बाब्वे पहली बार सुपर 12 में, स्कॉटलैंड को बाहर किया

**होबार्ट।** जिम्बाब्वे ने शुक्रवार को यहां ग्रुप बी मैच में स्कॉटलैंड पर पांच विकेट की आसान जीत से टी20 विश्व कप के सुपर 12 चरण के लिए क्वालीफाई किया। इस जीत से ग्रुप बी में जिम्बाब्वे का शीर्ष स्थान सुनिश्चित हो गया जिससे टीम सुपर 12 के ग्रुप दो में भारत, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश और नीदरलैंड के साथ शामिल हो गई। हार के बाद स्कॉटलैंड का अभियान भी खत्म हो गया। तेज गेंदबाज टेंडाई चतारा ने शानदार प्रदर्शन किया जिन्होंने चार ओवर में एक मेडन से 14 रन देकर दो विकेट झटके जिससे जिम्बाब्वे ने स्कॉटलैंड को छह विकेट पर 132 रन ही बनाने दिए। चतारा इसके साथ जिम्बाब्वे के लिए टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 50 से ज्यादा विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए।



उन्होंने अपनी सटीक गेंदबाजी से रन गति पर लगाम कसे रखी। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज रिचर्ड एनगारावा (28 रन देकर दो विकेट) थोड़े खर्चीले साबित हुए लेकिन उन्होंने भी स्कॉटलैंड के दो खिलाड़ियों के विकेट झटके जिसके कप्तान रिची बेरिंगटन ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया था। जवाब में जिम्बाब्वे ने अपने स्टार आल राउंडर सिंकदर रजा के 23 गेंद में तीन चौके और दो छक्के जड़ति 40 रन और कप्तान क्रेग इरविन के 54 गेंद में 58 रन की बदौलत 18.3 ओवर में यह लक्ष्य हासिल कर लिया। रजा ने इससे पहले अपनी ऑफ स्पिन से 20 रन देकर एक विकेट झटका था जिससे उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। जिम्बाब्वे ने दो ओवर के अंदर सात रन पर दो विकेट गंवा दिए थे लेकिन उनके कप्तान इरविन ने सूत्रधार की भूमिका अदा की। इरविन ने सीन विलियम्स के साथ 39 गेंद में 35 रन की भागीदारी निभाई और फिर रजा के साथ पांचवें विकेट के लिए 43 गेंद में 64 रन की साझेदारी से स्कॉटलैंड की उम्मीद तोड़ दी। इससे पहले स्कॉटलैंड के लिए सलामी बल्लेबाज जार्ज मुंशी ने 51 गेंद में 54 रन बनाए जिसमें सात चौके शामिल थे।


## सिमोना हालेप पर डोपिंग जांच में विफल होने पर अस्थाई प्रतिबंध

भाषा। लंदन

**दो बार** की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन सिमोना हालेप को अगस्त में अमेरिकी ओपन के दौरान हुए डोपिंग जांच में विफल होने के बाद अंतरराष्ट्रीय टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) द्वारा अस्थाई रूप से प्रतिबंधित किया गया। आईटीआईए ने शुक्रवार को पूर्व नंबर एक खिलाड़ी के खिलाफ सजा की घोषणा की। डब्ल्यूटीए रैंकिंग पर इस समय नौंवे स्थान पर काबिज हालेप ने 2019 में विम्ब्लडन और 2018 में फ्रेंच ओपन खिताब जीता था। हालेप ने सोशल मीडिया पर डोपिंग में पॉजिटिव आने की खबर को अपनी जिदंगी की सबसे बड़ा झटका करार दिया। उन्होंने साथ ही कहा, इस तरह की स्थिति में मैं पूरी तरह से भ्रमित महसूस कर रही हूं कि मेरे साथ धोखा हुआ है। उन्होंने कहा, मैं तब तक यह साबित करने के लिए लड़ूंगी कि मैंने कभी भी जानबझूकर प्रतिबंधित पदार्थ नहीं लिया है। और मुझे पूरा भरोसा है कि आज या कल सच सबके सामने आएगा। रोमानिया की 31 साल की इस खिलाड़ी ने सितंबर में घोषणा की थी कि वह नाक की सर्जरी के कारण बाकी के सत्र में नहीं खेलेंगी और आराम लेंगी। आईटीआईए ने कहा कि हालेप प्रतिबंधित पदार्थ रोक्साडुस्टैट की पॉजिटिव आई हैं जिसे किडनी की बीमारी में इस्तेमाल किया जाता है।

## भारत बनाम पाक मैच में मूडी को शमी से दमदार खेल का भरोसा


भाषा। मेलबर्न





**भारतीय तेज** गेंदबाज मोहम्मद शमी ने टी20 विश्व कप से पहले भले ही मैदान पर ज्यादा वक्त नहीं बिताया है लेकिन ऑस्ट्रेलिया के पूर्व हरफनमौला टॉम मूडी का मानना है कि वह बड़े मैचों के खिलाड़ी है और पाकिस्तान के खिलाफ दबाव वाले मैच में उनकी विशेषज्ञता से टीम को फायदा होगा। भारत के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के चोटिल होने के बाद शमी को मुख्य टीम में शामिल किया गया। वह हाल ही में कोरोना वायरस से उबरे है। शमी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अभ्यास मैच में आखिरी ओवर में गेंदबाजी की थी। उन्होंने 17 अक्टूबर को खेले गए इस मैच के 20वें ओवर में चार रन देकर तीन विकेट चटकाए थे। मूडी ने स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम गेम प्लान में कहा, उसे खेल या अभ्यास का पूरा मौका नहीं मिला है लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उस एक ओवर की गेंदबाजी से उसने साबित किया कि वह मानसिक रूप से काफी मजबूत है। कोविड-19 की चपेट में आने के कारण शमी भारतीय सरजमीं पर ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली गई श्रृंखलाओं का हिस्सा नहीं थे। टी20 अंतरराष्ट्रीय में शमी ने लगभग एक साल पहले यूएई में खेले गए विश्व कप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया था। उनका अपना पिछला एकदिवसीय जुलाई में इंग्लैंड के दौरे पर खेला था। मूडी ने कहा कि शमी अनुभवी भुवनेश्वर कुमार और युवा अर्शदीप सिंह के साथ मिलकर भारत के लिए तेज गेंदबाजों की मजबूत तिकड़ी बनाएगें। खिलाड़ी से कोच बने 57 साल के मूडी ने कहा, मैं टीम में शमी का चयन करूंगा। मैं अनुभव को तरजीह देना चाहूंगा। जाहिर है भुवी और अर्शदीप टीम की पहली पसंद के गेंदबाज होंगे। मुझे लगता है कि बड़े (दबाव वाले) मैचों में आपको बड़े खिलाड़ियों (मैच विजेता) का समर्थन करना चाहिए। उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच मैच के बारे में पूछे जाने पर कहा, मुझे लगता है कि यह करीबी मुकाबला होगा। भारतीय टीम की बल्लेबाजी मजबूत है तो वहीं पाकिस्तान का मजबूत पक्ष उनकी गेंदबाज है। यह देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय बल्लेबाज पाकिस्तान के गेंदबाजों के खिलाफ पारी की शुरुआत में

# दूसरे स्पिनर के तौर पर अक्षर और अश्विन टीम में जगह बनाने की जद्दोजहद





भाषा। मेलबर्न

**पाकिस्तान** के खिलाफ टी20 विश्व कप के शुरुआती मैच से पहले वामहस्त भारतीय हरफनमौला अक्षर पटेल कोच राहुल द्रविड की देखरेख में नेट सत्र पर लंबे समय तक गेंदबाजी अभ्यास करते दिखे लेकिन चिर-प्रतिद्वंद्वी टीम में बाएं हाथ के तीन बल्लेबाजों की मौजूदगी के कारण अंतिम एकादश में उनका चयन मुश्किल होगा। भारतीय टीम ने पिछले एक साल के दौरान अंतिम एकादश में कई बदलाव किए है। इसमें से कुछ बदलाव कार्यभार प्रबंधन के कारण हुए तो कुछ खिलाड़ियों की चोटों के कारण। ऐसे में टीम टीम का संतुलन बिगड़ता रहा है। टीम के ज्यादातर खिलाड़ियों ने शुक्रवार को अभ्यास करने की जगह विश्राम करने को तरजीह दी। अंतिम एकादश में कप्तान रोहित शर्मा, लोकेश राहुल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या की जगह सुनिश्चित हैं तो वही मौजूदा लय के मामले में विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर दिनेश कार्तिक ऋषभ पंत से आगे हैं। कार्तिक ने शुक्रवार को बल्लेबाजी अभ्यास के बाद लंबे समय तक विकेटकीपिंग का अभ्यास भी किया। पंत भारतीय बल्लेबाजी के शीर्ष छह में बाएं हाथ के इकलौते बल्लेबाज है ऐसे में अगर कार्तिक और पंत दोनों को अंतिम एकादश में शामिल किया जाता है, तो रोहित को पंड्या को पांचवें गेंदबाजी विकल्प के तौर पर इस्तेमाल के लिए मजबूर होना पड़ेगा, जो कई मौकों पर टीम के लिए परेशानी का सबब रहा है। पंत की तरह ही स्पिन गेंदबाजी में अक्षर की स्थिति है। वह पिछले कुछ समय से टीम के सबसे बेहतर गेंदबाज रहे है। पाकिस्तान के शीर्ष क्रम में हालांकि फखर जमां, मोहम्मद नवाज और खुशदिल शाह जैसे बाएं हाथ के बल्लेबाजों की मौजूदगी में बाएं हाथ के स्पिनर को खेलना महंगा पड़ सकता है। इस विभाग में रविचंद्रन अश्विन के अनुभव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता क्योंकि उनकी मौजूदगी टीम में विविधता लाती है। ऑस्ट्रेलिया के बड़े मैदानों में युजवेंद्र चहल टीम के पहली पसंद के स्पिनर होंगे तो वही तेज गेंदबाजी में मोहम्मद शमी के साथ भुवनेश्वर कुमार और अर्शदीप सिंह सिंह की टीम में जगह पक्की लग रही है। मौजूदा लय को देखते हुए हर्षल के लिए टीम में जगह बनाना मुश्किल होगा।

## अश्विन टेस्ट क्रिकेट में बेजोड़ लेकिन टी-20 में स्तरीय प्रतिस्पर्धा: मुरलीधरन

**मेलबर्न।** श्रीलंका के महान स्पिन गेंदबाज मुथैया मुरलीधरन ने कहा है कि भारत के पास सफेद गेंद के क्रिकेट में इतने स्तरीय खिलाड़ी और गहराई मौजूद है कि देश ने टी20 प्रारूप में अकल्पनीय प्रतिभा पूल तैयार किया है। टेस्ट क्रिकेट में 800 विकेट चटकाने वाले एकमात्र गेंदबाज और सर्वकालिक महान ऑफ स्पिनर ने यह टिप्पणी इस बात को ध्यान में रखते हुए की है कि रविचंद्रन अश्विन जैसी प्रतिभा वाले गेंदबाज को सीमित ओवरों के प्रारूपों के लिए भारत की अंतिम एकादश में जगह बनाने के लिए जूझना पड़ता है। टेस्ट क्रिकेट में 450 विकेट चटकाने के करीब पहुंचे अश्विन तीन साल से अधिक समय तक बाहर रहने के बाद एक बार फिर सीमित ओवरों की टीम में जगह बनाने में सफल रहे हैं। मुरलीधन ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा, भारतीय क्रिकेट में काफी स्तरीय विकल्प मौजूद हैं। सीमित ओवरों के क्रिकेट में शीर्ष भारतीय स्पिनरों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा है। लाल गेंद के क्रिकेट में इतनी प्रतिस्पर्धा नहीं है क्योंकि अश्विन शीर्ष पर है। वह बेजोड़ है। जैसे ही हम टी20 की ओर देखते हैं, आईपीएल के कारण वहां इतने सारे प्रतिभाशाली विकल्प है क्योंकि इतने सारे मुकाबले खेले जाते हैं। यह निश्चित तौर पर भारतीय क्रिकेट की गहराई बयां करता है। दूसरा गेंद को सबसे सफलतापूर्वक इस्तेमाल करने वाले गेंदबाजों में शामिल मुरलीधरन ने कभी अपने मजबूत पक्ष से समझौता नहीं किया जो उनकी ऑफ स्पिन गेंदबाजी है जिससे वह सपाट पिचों पर भी गेंद को काफी टर्न करा पाते थे। यह पूछने पर कि क्या ऑफ स्पिनर सीमित ओवरों के क्रिकेट में कैरम गेंद का काफी इस्तेमाल कर रहे हैं, मुलरीधन ने कहा, आप सिर्फ कैरम गेंद नहीं फेंक सकते। आपको मिश्रण करना होगा। हमारे समय में भी हम पारंपरिक ऑफ स्पिन के साथ फ्लोटर गेंद का इस्तेमाल करते थे। आप लगातार एक ही तरह की गेंद नहीं फेंक सकते क्योंकि बल्लेबाजा आपको अच्छी तरह पढ़ लेंगे। शीर्ष पर बने रहने के लिए आपको अपनी गेंदबाजी में पर्याप्त विविधता लानी होगी।



## शाहीन का सामना करने के लिए रोहित ने किया अतिरिक्त अभ्यास



**मेलबर्न।** पाकिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप के पहले मैच से पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने शाहीन शाह अफरीदी की रफ्तार और स्विंग का सामना करने के लिए नेट पर अतिरिक्त अभ्यास किया। शाहीन के खिलाफ किसी तरह का गलत शॉट खेलने से बचने के लिए उन्होंने हर तरह के शॉट्स का अभ्यास किया। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड का मैदान दूसरे स्टेडियमो से अलग है जिसमें नेट्स का टॉप एंगल ही देखने को मिलता है और ऐसा लगता है कि खिलाड़ी किसी बड़े से कुए में अभ्यास कर रहे है। भारतीय टीम के लिए शुक्रवार को वैकल्पिक नेट सत्र था और करीब 30 दर्शको की मौजूदगी में भारतीय कप्तान अभ्यास के लिए उतरे। उन्होंने दिनेश कार्तिक के साथ करीब डेढ घंटे तक बल्लेबाजी का अभ्यास किया। अपना अभ्यास पूरा होने के बाद रोहित ने कार्तिक और अक्षर पटेल को बल्लेबाजी करते देखा। इस बीच वह मुख्य कोच राहुल द्रविड़ से बात करते रहे। कुछ देर के ब्रेक के बाद रोहित फिर नेट्स पर लौटे और श्रीलंका के बाएं हाथ के थ्रोडाउन विशेषज्ञ नुवान सेनेविरत्ने का सामना किया।

## भारत-पाक टी20 विश्व कप मैच पर बारिश का खतरा

**मेलबर्न।** भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को यहां खेले जाने वाले टी20 विश्व कप के बहुप्रतीक्षित मैच पर बारिश का खतरा मंडरा रहा है, जिससे सुपर 12 चरण के इस मुकाबले की ओवरों मे कटौती संभव है। स्थानीय मौसम विभाग के मुताबिक रविवार को 80 से 90 प्रतिशत बारिश की संभावना है। इस दौरान एक से पांच मिलीमीटर तक बारिश होने का अनुमान है। शुक्रवार की शाम को भी मेलबर्न में तेज बारिश हुई और अगर रविवार को ऐसा हुआ तो क्रिकेट के प्रशंसकों के लिए यह निराशाजनक होगा। स्थानीय लोगों का हालांकि मानना है कि अगर बारिश हुई भी तो इस मैदान में उससे निपटने के लिए सुविधाएं मौजूद है। इस मैच की सभी टिकट चंद मिनटो में बिक गए थे और मैदान में लगभग 80 से 90 प्रतिशत भारतीय टीम के प्रशंसक मौजूद रहेंगे। भारत और पाकिस्तान के बीच 2016 टी20 विश्व कप मैच से पहले भी काफी बारिश हुई थी लेकिन कोलकाता के ईडन गार्डन्स मैदान की शानदार ड्रेनेज सिस्टम (जल निकासी प्रणाली) के कारण मैच पूरे ओवरों का हुआ था। मेलबर्न में भी इस तरह की सुविधाएं मौजूद है लेकिन अगर बारिश के कारण मैच नही हुआ तो विक्टोरिया राज्य क्रिकेट संघ को प्रशंसको को टिकट के पैसे वापस करने होगे। ऐसे स्थिति में प्रसारकों को भी भारी नुकसान होगा।

## माया और लक्ष्मी के बीच होगा फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस अंडर-16 फाइनल

**नई दिल्ली।** माया राजेश रेवती और लक्ष्मी सिरी दांडू अपने सेमीफाइनल जीतने के बाद फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैम्पियनशिप के बालिका अंडर-16 फाइनल में एक दूसरे से भिड़ेंगी। सेमीफाइनल में माया ने महिका खन्ना को 6-4 6-4 जबकि लक्ष्मी ने सौम्या रौंधे को 6-3 6-3 से शिकस्त दी। बालकों के अंडर-16 सेमीफाइनल में हितेश ने महालिंगम के को 7-5 6-4 से और अर्जुन राठी ने देबाशीष को1-6 7-5 6-2 से हराया।

## जर्मनी की कोच क्रोम्प कोविड-19 की चपेट में

**मुंबई।** फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप के दौरान जर्मनी की मुख्य कोच फ्रेडरिक क्रोम्प शुक्रवार को कोरोना वायरस जांच मे पॉजिटिव पाई गई। इस विश्व कप मे यह कोरोना वायरस संक्रमण का पहला मामला है। डीवाई पाटिल स्टेडियम मे खिताब की दावेदार ब्राजील के खिलाफ जर्मनी के क्वार्टर फाइनल मुकाबले से कुछ घंटे पहले जांच मे क्रोम्प के संक्रमण की पुष्टि हुई। वह क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान टीम के डग-आउट मे नही बैठेंगी और उनकी जगह मेलानी बेहरिंगर मुख्य कोच, जबकि जूलिया सिमिक सहायक कोच की भूमिका निभाएंगी।

## बैक-अप विकेटकीपर के बजाय ग्रीन का चयन जोखिम भरा: फिंच

**सिडनी।** कप्तान आरोन फिंच ने शुक्रवार को कहा कि ट्वेंटी20 विश्व कप अभियान के लिए बैक-अप विकेटकीपर के बजाय आल राउंडर कैमरन ग्रीन का चयन कर गत चैम्पियन आस्ट्रेलिया ने जोखिम लिया है। ग्रीन को गुरूवार को चोटिल रिजर्व विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंगलिस की जगह आस्ट्रेलिया की टी20 टीम मे शामिल किया गया। फिंच ने मैच पूर्व प्रेस कांफ्रेंस मे कहा, हमने जोखिम लिया है कि अतिरिक्त विकेटकीपर को नही लिया जिसमे निश्चित रूप से थोड़ा जोखिम शामिल है लेकिन हमे लगता है कि हालांकि कैम (ग्रीन) हमें टीम मे थोड़ा बेहतर संतुलन देगा। उन्होने हालांकि कहा कि ग्रीन को बतौर कवर रखा गया है और वह शनिवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरूआती मैच मे नही खेलेगे। इस फैसले के पीछे कारणो के बारे मे पूछने पर फिंच ने कहा, हमने कुछ आंकड़े देखे और मुझे लगता है कि टी20 क्रिकेट मे बीते समय मे 0.5 प्रतिशत ही ऐसा मौका आया है जब विकेटकीपर मैच के दिन बाहर हुआ है।

## लेवांडोवस्की के दो गोल, बार्सीलोना ने विलारीयाल को हराया

**मैड्रिड।** रीयाल मैड्रिड के हाथों रविवार को क्लासिको हारने के बाद बार्सीलोना ने विलारीयाल को 3-0 से हराकर स्पेनिश लीग फुटबॉल में जीत की राह पर वापसी की। बार्सीलोना ने पहले हाफ मे सात मिनट के भीतर तीन गोल करके यह जीत दर्ज की। रॉबर्ट लेवांडोवस्की ने 31वें और 35वें मिनट मे गोल किए जबकि अंसु फाटी ने 38वें मिनट मे गोल दागा। अब बार्सीलोना के मैड्रिड से तीन ही अंक कम है। वही मैड्रिड ने आखिरी स्थान पर काबिज एल्शे को 3-0 से हराया। विलारीयाल इस हार के बाद नौवें स्थान पर है। अन्य मैचों में अलमेरिया ने गिरोना को 3 -2 से मात दी। वही सातवें स्थान पर काबिज ओसासुना ने एस्पियानोल को1 -0 से हराया।

## टी२० विश्व कप के लिए भारत की दृष्टिबाधित टीम की घोषणा

**बेंगलुरू।** दृष्टिबाधित क्रिकेटरों के लिए तीसरे टी20 विश्व कप के आयोजकों ने 17 सदर्स्यीय भारतीय टीम की घोषणा की और युवराज सिंह इस चैम्पियनशिप के ब्रांड दूत होंगे। यह विश्व कप भारत में छह से 17 दिसंबर तक खेला जाएगा। इसमें अन्य प्रतिभागी देश नेपाल, बांग्लादेश, आस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, पाकिस्तान और श्रीलंका हैं। आई अजय कुमार रेड्डी भारतीय टीम की अगुआई करेंगे जबकि वेंकटेश्वर राव डुन्ना (दोनों आंध्र प्रदेश के) को उप कप्तान बनाया गया।

## सीनियर पुरूष और महिला राष्ट्रीय फुटबॉल के ग्रुप की घोषणा

**नई दिल्ली।** सीनियर पुरूष और महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप नए प्रारूप में खेली जाएगी जिसमें सभी 36 राज्य छह ग्रुप में मुकाबले खेलेंगी जिससे उन्हें फाइनल में पहुंचने का मौका मिलेगा। संतोष ट्राफी के लिए 76वीं सीनियर पुरूष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल और फाइनल सऊदी अरब में कराए जाएंगे। पुरूष और महिला सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के ड्रा शुक्रवार को यहां डाले गए। छह ग्रुप की शीर्ष टीमें और सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर रहने वाली तीन टीमें सीनियर पुरूष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के अंतिम दौर के लिए क्वालीफाई करेंगी।

# सात्विक-चिराग की जोड़ी बाहर

## ● डेनमर्क ओपन : लक्ष्य सेन क्वार्टर फाइनल में

भाषा। ओडेन्से



**सात्विक साइराज** रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष बैडमिंटन जोड़ी डेनमार्क ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को यहां आरोन चिया और वूई यिक सोह की चौथी वरीयता प्राप्त मलेशियाई जोड़ी के खिलाफ सीधे गेम में हारने के बाद प्रतियोगिता से बाहर हो गई। भारतीय जोड़ी ने दोनों गेम में कड़ा संघर्ष किया लेकिन मलेशिया की जोड़ी के खिलाफ 16-21, 19-21 से हार टाल ना सके। इससे पहले गुरुवार रात को राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता लक्ष्य सेन ने हमवतन एच एस प्रणय को सीधे गेम में हराकर डेनमार्क ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। विश्व चैम्पियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता सेन ने दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी प्रणय को 21-9, 21-18 से हराया। अब उनका सामना जापान के कोडाइ नाराओका से होगा। इस मैच से पहले प्रणय और सेन का एक दूसरे के खिलाफ जीत हार का रिकॉर्ड 2-2 का था लेकिन सेन ने इस मैच की शुरुआत से ही प्रणय को दबाव में ला दिया। दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी सेन ने 5-1 से बढ़त बना ली जो जल्दी ही 11 - 3 की हो गई। पहला गेम सेन ने आसानी से जीता। दूसरे गेम में प्रणय ने वापसी की कोशिश की लेकिन ब्रेक के बाद सेन ने उनकी हर कोशिश को नाकाम करते हुए जीत दर्ज की।

## विश्व जूनियर मिश्रित बैडमिंटन , जर्मनी को 4-1 से हराकर 13वें स्थान पर रहा भारत

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम स्पेन के सेटेंडर में चल रही विश्व जूनियर मिश्रित टीम बैडमिंटन चैंपियनशिप में शुक्रवार को यहां जर्मनी को 4-1 से हराकर 13वें स्थान पर रही। समरवीर और राधिका शर्मा की मिश्रित युगल जोड़ी ने 13वें से 16वें स्थान के मुकाबले में भारत के अभियान की शुरूआत करते हुए जर्मनी के यार्न श्लेवोट और यूलिया मेयर को 21-18 21-16 से हराकर टीम को1-0 की बढ़त दिलाई। पुरुष एकल में भरत राघव ने जर्मनी के संजीवी पद्मनाभन वासुदेव को 14-21 21-17 21-8 से हराकर भारत को 2-0 से आगे कर दिया। अर्श मोहम्मद और अभिनव ठाकुर की जोड़ी को हालांकि जोनाथन ड्रेस्प और सिमोन क्राक्स के खिलाफ 14-21 22-24 से हार का सामना करना पड़ा। ओडिशा ओपन विजेता उन्नति हुड्डा ने इसके बाद जर्मनी की सेलिन हुबश को 21-8 21-6 से हराकर भारत को 3-1 की विजई बढ़त दिला दी। उन्होंने इसके बाद श्रीनिधी नारायण के साथ मिलकर महिला युगल मुकाबले में जूलिया मेयर और कारा साइब्रेट को 21-13 21-13 से हराकर भारत की 4-1 से जीत सुनिश्चित की। इससे पहले गुरुवार को मलेशिया ने भारत को 3-1 से हरा दिया।

## भारतीय टीम की नजरें जोहोर कप खिताब फिर जीतने पर

**जोहोर बाहरू (मलेशिया)।** सुल्तान जोहोर कप में पांच साल से खिताब नहीं जीत सकी भारतीय टीम शनिवार को इस अंडर 21 पुरूष हॉकी टूर्नामेंट में मेजबान मलेशिया के खिलाफ जीत के साथ आगाज करना चाहेगी। भारत ने 2013 और 2014 में खिताब जीता है और चार बार (2012, 2015, 2018 और 2019) उपविजेता रही। शीर्ष स्तर के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी देने वाले इस आमंत्रण टूर्नामेंट के जरिए टीमों को अपनी बेंच स्ट्रेंथ को आजमाने का मौका मिलता है। उत्तम की अगुवाई वाली भारतीय टीम के लिए यह हालांकि आसान नहीं होगा क्योंकि मलेशिया से उसे कड़ी चुनौती मिलेगी।

## प्रो लीग के विजेता को विश्व कप और ओलंपिक में सीधे प्रवेश मिलेगा:एफआईएच

**नई दिल्ली।** हॉकी की विश्व संस्था के मुख्य कार्यकारी अधिकारी थिएरी वेल ने शुक्रवार को कहा कि 2023-24 सत्र से पुरूष और महिला वर्गों में एफआईएच प्रो लीग के विजेता सीधे 2026 विश्व कप और 2028 ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करेंगे। एफआईएच के सीईओ वेल ने वर्चुअल बातचीत में कहा, पांचवें और छठे सत्र से पुरूष और महिला प्रो लीग के विजेता सीधे 2026 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगे।

## पीकेएल : यू मुम्बा और पुणेरी पलटन की जीत

**बेंगलुरु।** यू मुम्बा और पुणेरी पलटन ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) मैच में शुक्रवार को यहां करीबी मुकाबलों में क्रमश हरियाणा स्टीलर्स और बंगाल वॉरियर्स को हराया। यू मुम्बा ने रेडर गुमान सिंह और डिफेंडर सुरिंदर सिह के शानदार खेल के दम पर हरियाणा की टीम को 32-21 से हराया। गुमान ने नौ अंक जुटाए जबकि कप्तान सुरिंदर ने डिफेंस मे कमाल का प्रदर्शन करते हुए छह अंक बटोरे। पुणेरी पलटन ने इससे पहले दिन के शुरुआती मैच में बंगाल वॉरियर्स को 27-25 से हराया।

## महिला अंडर-17 विश्व कप: नाईजीरिया ने अमेरिका को हराकर पहली बार सेमीफाइनल के क्वालीफाई किया



**नवी मुंबई।** नाईजीरिया शुक्रवार को यहां अमेरिका को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराकर फीफा महिला अंडर-17 विश्व कप सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाला अफ्रीका का दूसरा देश बन गया। दोनो टीमे डी वाई पाटिल स्टेडियम में हुए क्वार्टरफाइनल मैच में नियमित समय में1-1 की बराबरी पर थी जिसमे खराब मौसम के कारण दो घंटे तक विलंब हुआ। मैच शाम साढ़े चार बजे शुरू होना था लेकिन यह छह बजकर 20 मिनट पर शुरू हुआ। नियमित समय मे नाईजीरिया के ओमामुजो इडाफे ने 27वे मिनट मे और अमेरिका के अमालिया विलारियाल ने 40वे मिनट मे गोल दागा। पेनल्टी शूटआउट मे एडिडियोंग इतिम, इडेट ओफियोंग, मिराक्ल उसानी और ओमामुजो इडाफे ने गोल दागे जबकि फ्लोलेस्शो चूक गए। अमेरिका के लिए इमेरी एडम्स, टेलर सुआरेज और मिया भूटा ने गोल किया जबकि एमरी और जैक्सन चूक गए। घाना एकमात्र अफ्रीकी देश है जिसने 2012 मे इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मे जगह बनाई थी।

## नेट अभ्यास के दौरान सिर पर चोट लगने के बाद पाकिस्तान के बल्लेबाज मसूद की स्थिति सामान्य

**मेलबर्न।** पाकिस्तान के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज शान मसूद को मेलबर्न क्रिकेट मैदान मे नेट सत्र के दौरान शुक्रवार को यहां सिर मे चोट लगने के बाद स्कैन के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी स्थिति को सामान्य बताया गया। पाकिस्तान की टीम रविवार को भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मे अपने अभियान को शुरू करेगी। मसूद के सीटी स्कैन में चोट के सामान्य होने की पुष्टि हुई। उनके सिर पर हालांकि सूजन और खरोंच है। पीसीबी की ओर से बताया गया कि मसूद का न्यूरोलॉजिकल ऑब्जर्वेशन सामान्य है। पीसीबी ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा, सीटी स्कैन से पता चला कि जहां उसे चोट लगी थी वहां चोट का निशान है लेकिन किसी और तरह की परेशानी नही है। शनिवार को इस बल्लेबाज का एक बार फिर से परीक्षण किया जाएगा।